नई दिल्ली
शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 03
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 39
न्यून. 22

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## कश्मीर को 'गले की नस' बताने वाले पाकिस्तान को भारत की दो टूक...

# बोले रणधीर जायसवाल, किसी के गले की नस में कैसे फंस सकती है कोई विदेशी चीज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के सेनाप्रमुख जनरल असीम मुनीर के कश्मीर को लेकर दिए गए बयान को भारत ने गुरुवार को सख्त अंदाज में सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि कोई विदेशी चीज यानी कश्मीर कैसे किसी के गले की नस में फंस सकती है? कश्मीर भारत का केंद्रशासित प्रदेश है और पाकिस्तान का इससे संबंध केवल अपना अवैध कब्जा खाली करने तक का ही है। यहां ये भी स्पष्ट है कि किसी बाहरी ताकत का भारत के आंतरिक मामलों में कोई दखल नहीं है। रणधीर ▶▶ शेष पेज 5 पर

*भारत का केंद्र शासित प्रदेश है जम्मू-कश्मीर, पाक का इससे अवैध कब्जा खाली करने तक का ही है रिश्ता।*



### पाकिस्तानी जनरल का बयान

पाकिस्तान के सेनाप्रमुख ने एक कार्यक्रम में प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा था कि आप लोगों को अपने बच्चों को पाकिस्तान की कहानी जरूर सुनानी चाहिए। जिसमें उन्हें बताना है कि हिंदू और मुसलमान जीवन के हर पहलू के नजरिए से अलग-अलग हैं। भारत और पाकिस्तान का निर्माण केवल धर्म ही नहीं बल्कि रीति-रिवाजों, संस्कृति, सोच और महत्वाकांक्षाओं में भी प्रदर्शित होता है। उन्होंने कहा, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पुलवामा हमले के बाद गर्त में पहुंचे संबंध

भारत और पाकिस्तान के संबंधों में कश्मीर का मुद्दा शुरुआत से ही विवाद का कारण रहा है। इस पर कब्जे के लिए पाकिस्तान ने 1947-48 से लेकर 1965, 1971 और 1999 का कारगिल युद्ध जैसी कई लड़ाइयां लड़ीं। लेकिन सभी में उसे भारत के हाथों करारी शिकस्त खानी पड़ी। इसके बाद भी वह आतंकवादियों की घुसपैठ करके इलाके की शांति को भंग करता रहा। फिर आया साल 2019, जब पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हमला किया। जिसका जवाब भारत ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार कर बालाकोट एयर स्ट्राइक से पाक में मौजूद आतंकी ठिकानों को पूरी तरह से ध्वस्त करके दिया था। इसके बाद भारत की तरफ से जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को समाप्त कर उसका विशेष दर्जा खत्म कर दिया गया। इसी के साथ दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध भी पूरी तरह से पटरी से उतर गए।

विदेश मंत्रालय में आयोजित साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में बोले मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

## भारत-चीन के बीच जल्द शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा, तैयारियां जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच जल्द ही पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत की जा सकती है। इसे लेकर जरूरी तैयारियां चल रही हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यात्रा इसी साल शुरू होगी और हम उसकी तैयारियां करने में लगे हुए हैं। जल्द ही कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर हम सार्वजनिक नोटिस जारी करेंगे। दोनों देशों द्वारा यात्रा और सीधी उड़ान सेवाओं के आगाज का मुद्दा आपसी संबंधों को फिर से सामान्य करने से जुड़ा हुआ है। जिसके साथ ही इस यात्रा की जल्द शुरुआत होने की संभावना है। रणधीर का यह जवाब भारत में चीन के दूतावास द्वारा बीते दिनों भारतीय नागरिकों को दिए गए 85 हजार वीजा, संबंधों में नरमी और यात्रा की फिर से शुरुआत के प्रश्न से जुड़ा हुआ है। यहां बता दें कि दोनों देशों के बीच साल 2020 में कोरोना महामारी और उसके बाद शुरू हुए एलएसी विवाद से ही कैलाश मानसरोवर यात्रा पर रोक लगी हुई है।

### एलएसी विवाद से बिगड़े थे संबंध

बताते चलें कि वर्ष 2020 के मध्य में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शुरू हुए विवाद और उसी दौरान दोनों सेनाओं के बीच जून महीने में हुई गलवान घाटी की खूनी हिंसक झड़प के बाद से भारत और चीन के संबंध पटरी से उतर गए थे। लेकिन पिछले साल 2024 के अंतिम महीनों ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
बेंगलुरु पंजाब
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### पंजाब नेशनल बैंक को बम से उड़ाने की धमकी



**इंदौर।** शहर के पंजाब नेशनल बैंक की सियागंज ब्रांच को अज्ञात व्यक्ति ने बम से उड़ाने का मेल भेजा, जब सुबह बैंक मैनेजर ने धमकी भरा मेल देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद बम डिस्पोजल एंड डिस्ट्रॉय स्वार्ड ने मौके पर पहुंचकर सर्चिंग की जहां कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

### आरबीआई ने कैंसल किया बैंक का लाइसेंस



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अहमदाबाद स्थित 'कलर मर्चेंट्स को-ऑपरेटिव बैंक' का लाइसेंस रद्द कर दिया है। उसके पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं हैं। आरबीआई ने कहा कि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी नहीं है।

### भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.4% रहने का अनुमान



**नई दिल्ली।** क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने गुरुवार को भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अपने नए अनुमान जारी किए। एजेंसी ने कहा है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.4 % रह सकती है, जबकि अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए यह अनुमान 6.3 %पर बरकरार रखा गया है।

उपराष्ट्रपति ने उठाई सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर अंगुली, केंद्र से इशारे में कहा

# सुप्रीम कोर्ट से अनुच्छेद 142 की मिसाइल वापस लो... दुरूपयोग की जताई आशंका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को असाधारण शक्तियाँ देता है, लेकिन इसका उपयोग लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ न्यूक्लियर मिसाइल की तरह हो रहा है। उन्होंने इस शक्ति के दुरुपयोग की आशंका जताई।

हरिभूमि विशेष

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा सचिवालय से प्रशिक्षित इंटर्न को संबोधित करते हुए न्यायपालिका बनाम विधायिका का मामला खुले मंच से छेडदिया। वैसे कई बार राज्यसभा की आसंदी से सुप्रीम कोर्ट को इशारे इशारे में अपनी हद में रहने और विधायिका से न टकराने की सलाह दी है लेकिन गुरूवार को तो उन्होंने विधायिका को इशारे में ही सलाह दे डाली कि संविधान में निहित धारा 144 से जूडिशयरी को बिना देरी किये वंचित करना चाहिए। उन्होंने कहा, अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को असाधारण शक्तियाँ देता है, लेकिन इसका उपयोग लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ न्यूक्लियर मिसाइल की तरह हो रहा है। उन्होंने इस शक्ति के दुरुपयोग की आशंका जताई।

उपराष्ट्रपति की तल्ख टिप्पणी तब सामने आई है जब सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में राष्ट्रपति और राज्यपालों को विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए समय सीमा तय की गई थी। यह मामला तब शुरू हुआ जब तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने राज्य विधानमंडल द्वारा पारित 10 विधेयकों को मंजूरी देने के बजाय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेज दिया, जिसके बाद राष्ट्रपति ने इन विधेयकों को रोक दिया। तमिलनाडु सरकार ने इस कार्रवाई को असंवैधानिक बताते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कडे तेवर अख्तियार करते हुए गत 8 अप्रैल को इस मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल को विधेयक प्राप्त होने के 1 महीने के भीतर और राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर निर्णय लेना होगा।



कर्नाटक के राज्यपाल द्वारा विधेयक रोके जाने का मामला

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति के पास पॉकेट वीटो (बिना कोई कारण बताए विधेयक को अनिश्चितकाल के लिए रोकने का अधिकार) नहीं है। राष्ट्रपति के निर्णय की न्यायिक समीक्षा हो सकती है, खासकर यदि वह संवैधानिक दायरे से बाहर हो। यदि राष्ट्रपति को किसी विधेयक की संवैधानिकता पर संदेह हो, तो वे अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट से सलाह मांग सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जोर दिया कि राज्यपाल और राष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों को संविधान के प्रति जवाबदेह होना होगा, और उनकी कार्रवाइयाँ मनमानी नहीं हो सकतीं। यह फैसला अनुच्छेद 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट की विशेष शक्तियों का उपयोग करते हुए दिया गया, जो कोर्ट को पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिए असाधारण आदेश देने का अधिकार देता है। इसी अनुच्छेद के उपयोग पर उपराष्ट्रपति बुरी तरह बिफरे हुए थे। उपराष्ट्रपति ने जिस अंदाज में सुप्रीम कोर्ट के लिए जिन शब्दों का इस्तेमाल किया जिस तरह की तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की वो न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के बीच शक्तियों के संतुलन पर गंभीर सवाल उठाता है। अनुच्छेद 142 की शक्ति और राष्ट्रपति व राज्यपाल की संवैधानिक भूमिका पर यह बहस भारत के संवैधानिक ढांचे के लिए महत्वपूर्ण है। इस विवाद ने न केवल कानूनी बल्कि राजनीतिक और सामाजिक आयाम भी ले लिए हैं, जिसका प्रभाव भविष्य में संस्थागत संबंधों पर पड़ सकता है। जगदीप धनखड़ ने तर्क दिया कि संविधान के तहत राष्ट्रपति को विशेष प्रतिरक्षा प्राप्त है (अनुच्छेद 361), और उनकी कार्रवाइयों को अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। उन्होंने कोर्ट के इस दावे पर आपत्ति जताई कि राष्ट्रपति के निर्णय की न्यायिक समीक्षा हो सकती है।

धनखड़ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 145(3) के तहत सुप्रीम कोर्ट का काम केवल संविधान की व्याख्या करना है, न कि कार्यपालिका या विधायिका को निर्देश देना। उन्होंने कोर्ट के समय सीमा तय करने के फैसले को असंवैधानिक माना। उपराष्ट्रपति ने जोर दिया कि भारत का संविधान शक्तियों के पृथक्करणऔर नियंत्रण व संतुलन पर आधारित है। कोर्ट का यह कदम, उनके अनुसार, इस संतुलन को बिगाड़ता है।

## वक्फ विधेयक पर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश से आई फरियादियों में जान, सिंघवी को उम्मीद वक्फ कानून होगा रद्द

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के खिलाफ सुनवाई के दूसरे दिन गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के एक अंतरिम आदेश ने फरियादियों में जैसे प्राण फूंक दिये हों। वक्फ विधेयक का विरोध कर रहे विपक्षी दल हों या फिर तमाम मुस्लिम संगठनों के पैरोकार सभी उम्मीद की एक किरण दिखी। सुप्रीम कोर्ट में केस की पैरवी कर रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी, सांसद इमरान प्रताप गढी के साथ कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों के समक्ष नमूदार हुए तो विजयी के मुद्रा में थे। अलबत्ता, शब्द उनके शालीन रहे। सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश को ऐतिहासिक करार दिया और इसे याचिकाकर्ताओं की जीत बताया। उन्होंने कहा, हमारी जीत और उनकी हार की बात नहीं है। वक्फ संशोधन कानून के पहले जो स्थिति थी, वही है। हम इसका स्वागत करते हैं। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने तीन प्रमुख बिंदुओं पर आदेश दिए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि 'वक्फ-बाय-यूजर' (लंबे समय से धार्मिक उपयोग के आधार पर वक्फ घोषित संपत्तियाँ) को डिनोटिफाई नहीं किया जाएगा। केंद्रीय वक्फ काउंसिल और राज्य वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति पर अगली सुनवाई (5 मई, 2025) तक रोक लगा दी गई है। कोर्ट ने यह सुनिश्चित किया कि वक्फ संपत्तियों की मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव नहीं होगा, और कोई नई नियुक्तियाँ वक्फ बोर्ड में नहीं होंगी। सिंघवी ने कहा कि तीन-चार अन्य बिंदुओं पर भी उनकी याचिका में माँगें हैं, जिन पर उन्हें भविष्य में अनुकूल फैसले की उम्मीद है।



सिंघवी ने आरोप लगाया कि यह कानून बेहतर शासन का प्रयास नहीं है, बल्कि वक्फ संस्थाओं में घुसपैठ, नियंत्रण और उन्हें बंद करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि सरकार का इरादा वक्फ बोर्ड और काउंसिल की स्वायत्तता को खत्म करना है, जो मुस्लिम समुदाय की धार्मिक और परोपकारी गतिविधियों को संचालित करते हैं। सिंघवी ने तर्क दिया कि यह कानून संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), 25 (धार्मिक स्वतंत्रता), और 26 (धार्मिक संस्थाओं को अपनी व्यवस्था संचालित करने का अधिकार) का उल्लंघन ▶▶ शेष पेज 5 पर


*पं. प्रदीप मिश्रा का सीएम ममता बेनर्जी पर हमला*

## वे मैडम कुछ नहीं कर रहीं, बुद्धि सही करने शिवपुराण करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर हमला बोला।

इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, राजस्थान के चूरू जिले में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा शिव पुराण कथा सुना रहे हैं। रतनगढ़ के श्री नंदीशाला में



आयोजित कथा में पंडित मिश्रा ने कहा कि सनातन से बढ़कर कोई भी धर्म नहीं है, जो धर्म इतना प्रफुल्लित और आनंदित करता हो। उन्होंने कहा कि बंगाल में जिस तरह की घटनाएं हो रही हैं, हिंदुओं पर अत्याचार ▶▶ शेष पेज 5 पर

**तेंदुआ, चीता आदि के संरक्षण में बड़ी भूमिका**

## आईबीसीए का मुख्यालय, सचिवालय भारत में स्थापित होगा, हुआ समझौता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार और इंटरनेशनल बिग केट अलायंस यानी आईबीसीए के बीच गुरुवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसके तहत भारत में आईबीसीए का मुख्यालय और सचिवालय स्थापित किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। यहां बता दें कि दोनों पक्षों के बीच हुए इस समझौते का संबंध बाघों के साथ ही अन्य बिग केट्स (शेर, तेंदुआ, चीता, जगुआर और स्नो लैपर्ड) के संरक्षण से जुड़ा हुआ है। 9 अप्रैल 2023 को भारत की बाघ परियोजना की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर आईबीसीए की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। जो कि मौजूदा ▶▶ शेष पेज 5 पर

ब्राजील से प्रतिनिधिमंडल को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने किया आमंत्रित

## चौहान ने ब्राजील में सोयाबीन उत्पादन प्लांट और टमाटर के खेतों सहित अन्य संस्थानों का किया दौरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की 15वीं बैठक के लिए इन दिनों ब्राजील प्रवास पर हैं। इस दौरान उन्होंने ब्राजील में सोयाबीन उत्पादन प्लांट और टमाटर के खेतों सहित कुछ अन्य संस्थानों का दौरा किया। चौहान ने ब्राजील में, खेती में अपनाई जा रही मैकेनाइजेशन और इरिगेशन की अत्याधुनिक पद्धतियों का अवलोकन करने के साथ ही हमारे किसान भाइयों-बहनों के दृष्टिकोण से समझा कि भारतीय किसानों को नई पद्धतियों से और किस तरह लाभ पहुंचाया जा सकता है। ब्राजील के सोयाबीन उत्पादन संयंत्र का



अवलोकन करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने भारत में सोयाबीन के क्षेत्र के विकास की चिंता करते हुए कहा कि भारत में सोयाबीन का उत्पादन कैसे बढ़ सके और केवल उत्पादन ही नहीं, बल्कि प्रोसेसिंग के क्षेत्र में भी हम ब्राजील के साथ मिलकर ▶▶ शेष पेज 5 पर

**दिग्विजय सिंह की फिर फिसली जुबान**

## बाबरी मस्जिद के शहीद होने पर दंगे हमने करवाए

सिंह ने कहा बयान तोड़ा मरोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की एक कार्यक्रम के दौरान जुबान फिसल गई। सिंह ने कहा कि जब बाबरी मस्जिद शहीद हुई तब मैं कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष था।

भोपाल में 1947 में भी ऐसे दंगा नहीं हुआ, लेकिन बाबरी मस्जिद गिरने पर दंगा हुआ। उन्होंने कहा, दंगा फसाद होने में हमने पूरी कोशिश की। दरअसल, दिग्विजय सिंह कहना चाहते थे कि दंगा



फसाद रोकने की कोशिश की लेकिन उनकी जुबान फिसल गई। कांग्रेस नेता का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बता दें कि शाजापुर के चौबदार वाडी में मुस्लिम समाज द्वारा सद्भावना सम्मेलन का कार्यक्रम रखा गया ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यह दिग्विजय का कबूलनामा : सारंग

मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने वीडियो को ट्वीट कर कहा- सुनिए दिग्विजय सिंह का कबूलनामा। बाबरी मस्जिद को शहीद कहने वाले दिग्विजय सिंह ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उन्होंने दंगे करवाए। दिग्विजय सिंह की मानसिकता हिंदू विरोधी है। कांग्रेस ने हर समय दंगे भड़काने का काम किया है।

**जातिगत जनगणना के खिलाफ चौतरफा विरोध हुआ**

## कर्नाटक जातिगत जनगणना पर हुआ बवाल तो सकते में आ गई सिद्धमरैया सरकार, कैबिनेट की बैठक में नहीं हो सका कोई निर्णय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि फॉलोअप

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा कराई गई जातिगत जनगणना ठंडे बस्ते में दिख रही है। जातिगत जनगणना के खिलाफ चौतरफा विरोध हुआ। कांग्रेस पार्टी के ही तीन दर्जन से ज्यादा विधायक, कैबिनेट मंत्री ने सरकार के अंदर, पार्टी के अंदर खुला विरोध किया। विरोध का स्वर मद्धिम करने के लिए राज्य की सिद्धरमैया सरकार ने गुरुवार को कैबिनेट की बैठक आहूत की थी। जैसा अंदेशा था बैठक में इस मसले को ठंडा करने का निर्णय हुआ। कोई निर्णय नहीं किया गया। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने अब इसे एक जटिल मुद्दा बताते हुए कहा कि राज्य सरकार जातिगत



जनगणना लागू करने की हडबडी में नहीं है। सोच समझ कर निर्णय लिया जाएगा। इसके लिए इसी महीने के अंतिम हफ्ते में दोबारा कैबिनेट की बैठक बुलाई जाएगी। मतलब साफ है कि जातिगत जनगणना कर्नाटक में मौजूदा परिस्थिति में लागू नहीं होगी। विदित हो कि जातिगत सर्वेक्षण 2015 में तत्कालीन सिद्धारमैया सरकार द्वारा शुरू किया गया था और इसे कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने 2018 में पूरा किया था। आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष जयप्रकाश हेगड़े ने फरवरी 2024 में यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को सौंपी थी।

यह रिपोर्ट 11 अप्रैल, 2025 को पहली बार कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत की गई थी, और 17 अप्रैल की विशेष बैठक में इस पर विस्तृत चर्चा की गई। हालांकि, इस बैठक में कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया, और कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श जारी रखने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर गहन चर्चा की, जिसमें सामाजिक, शैक्षिक, और आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर विभिन्न जातियों ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यह कार्रवाई गुजरात में उनकी बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों के कारण उन्हें डराने का एक प्रयास: पाठक

# विदेशी चंदा मामला: सीबीआई ने दुर्गेश पाठक व कपिल भारद्वाज के खिलाफ मामला दर्ज कर छापेमारी की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम मानदंडों का उल्लंघन कर आम आदमी पार्टी (आप) के लिए कथित तौर पर विदेशी चंदा प्राप्त करने के आरोप में बृहस्पतिवार को पार्टी के पूर्व विधायक और गुजरात चुनाव के लिए सह-प्रभारी दुर्गेश पाठक के परिसरों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एजेंसी ने पाठक के अलावा पार्टी के एक अन्य पदाधिकारी कपिल भारद्वाज (अब दिवंगत) के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। गृह मंत्रालय की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि आम आदमी पार्टी ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम 2010 के प्रावधानों का उल्लंघन कर विदेशी चंदा प्राप्त किया है। सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि एफसीआरए अधिनियम 2010 की धारा तीन और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29बी के तहत किसी राजनीतिक दल द्वारा विदेशियों से चंदा लेना प्रतिबंधित है। सूत्रों ने बताया कि जांच के दौरान पार्टी (आप) के शीर्ष नेताओं से जांच में शामिल होने और रिकॉर्ड में कथित विसंगतियों के बारे में स्पष्टीकरण देने को कहा जा सकता है।

'आप' के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक ने सीबीआई की कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे 'राजनीति से प्रेरित कदम' बताया और कहा कि यह कार्रवाई गुजरात में उनकी बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों के कारण उन्हें 'डराने' का एक प्रयास है। पाठक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सीबीआई के पांच-छह अधिकारियों की एक टीम मेरे घर आई और मेरे दो कमरों वाले परिसर के हर कोने की करीब तीन से चार घंटे तक तलाशी ली। उन्होंने मुझे यह नहीं बताया कि वे क्यों आए हैं या किस मामले के लिए आए हैं। उन्होंने मुझे एक तलाशी वारंट दिखाया और मैंने उनका स्वागत किया। उन्होंने हर जगह तलाशी ली, लेकिन कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वे (सीबीआई अधिकारी) मुझे डराने आए थे क्योंकि मैंने गुजरात में 'आप' के लिए काम करना शुरू कर दिया है। वे इसलिए आए ताकि गुजरात में कोई भी हमारे साथ न जुड़ सके। उन्होंने संजय सिंह को तब गिरफ्तार किया था जब 'आप' गुजरात में पांच विधायकों के निर्वाचित होने के बाद राज्य में एक अच्छा विकल्प बनकर उभरी।

प्राथमिकी के मुताबिक, 'आप' ने भारत में पार्टी के लिए विदेशी धन जुटाने के लिए अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया आदि में स्वयंसेवकों के साथ 'आप ओवरसीज इंडिया' नाम की एक संस्था बनाई थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि 2016 में कनाडा में 'एमपी' द्वारा आयोजित फंड जुटाने के एक कार्यक्रम के दौरान, अनिकेत सक्सेना (एमपी ओवरसीज इंडिया के समन्वयक) और एमपी ओवरसीज इंडिया के तत्कालीन संयोजक कुमार विश्वास के बीच ई-मेल पर बातचीत हुई थी। प्राथमिकी के मुताबिक, इस बातचीत से पता चला कि दुर्गेश पाठक और कपिल भारद्वाज ने अनिकेत से 29,000 अमेरिकी डॉलर का दान भगवंत तूर के माध्यम से सीधे दुर्गेश पाठक और कपिल भारद्वाज को करने के लिए कहा था। गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के आधार पर मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी।

ईडी ने पाया था कि पार्टी ने 55 पासपोर्ट का इस्तेमाल करते हुए 404 मौकों पर विदेश में रहने वाले 155 लोगों से 1.08 करोड़ रुपये का दान प्राप्त किया था। ईडी ने आरोप लगाया कि कई दानदाताओं ने दान के लिए एक ही पासपोर्ट का इस्तेमाल किया था।

सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि 'आप' को 19 कनाडाई नागरिकों से 51.15 लाख रुपये का विदेशी दान मिला था हालांकि पार्टी ने रिकॉर्ड में उनकी राष्ट्रीयता छिपाई। प्राथमिकी के मुताबिक, एक कनाडाई नागरिक करनैल सिंह सिद्धू ने 2016 में 'आप' के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पार्टी को सीधे 20,000 रुपये का दान दिया था। एजेंसी ने आरोप लगाया कि विदेश में रहने वाले 71 दानदाताओं ने पार्टी को 256 मौकों पर 99.90 लाख रुपये का दान देने के लिए 21 मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल किया जबकि 75 दानदाताओं ने 148 मौकों पर 19.92 लाख रुपये का दान देने के लिए 15 क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल किया है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि

आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि विदेश में रहने वाले 201 लोगों ने 639 मौकों पर 51 ईमेल आईडी का इस्तेमाल करके 2.65 करोड़ रुपये का दान दिया है। एजेंसी ने आरोप लगाया कि असली दानदाताओं की पहचान और राष्ट्रीयता छिपाने के इरादे से 'आप' ने जानबूझकर अनियमितताएं कीं। सीबीआई ने यह भी आरोप लगाया कि पाठक फंड जुटाने के लिए 22 नवंबर 2015 को कनाडा में एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

'आप' के एक स्वयंसेवक ने विदेश में पार्टी को ई-मेल के माध्यम से कनाडाई दानदाताओं के वास्तविक नामों वाली एक हस्तलिखित अनौपचारिक 'डेटा शीट' भी भेजी थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि 'आप' ने जानबूझकर अपने आधिकारिक रिकॉर्ड में उनके नाम छिपाए और अपने रिकॉर्ड में हेराफेरी की।

'आप' के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि गुजरात चुनाव 2027 की जिम्मेदारी मिलते ही दुर्गेश पाठक के घर पर सीबीआई की छापेमारी। यह कोई इत्तेफाक नहीं, यह भाजपा की, डर की वजह से रची गई साजिश है।

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने भी छापेमारी की निंदा की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने जैसे ही गुजरात चुनाव की तैयारी शुरू की, गुजरात के सह-प्रभारी दुर्गेश पाठक के घर सीबीआई छापेमारी करने पहुंच गई! यह छापेमारी इनकी बौखलाहट दिखा रही है! वर्ष 2022 में राजेंद्र नगर विधानसभा सीट से जीत हासिल करने वाले पाठक को 2025 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी उमंग बजाज से हार का सामना करना पड़ा था। पाठक, 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान गोवा के प्रभारी भी थे। 'आप' ने 2022 के गुजरात विधानसभा चुनावों में पांच सीट और 14 प्रतिशत वोट हासिल किये थे और तब से वह राज्य में अपना विस्तार करने की कोशिश कर रही है।



### भाजपा की 'आप' को खत्म करने की कोशिशें एक बार फिर शुरू

'आप' के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने छापेमारी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'आप' को खत्म करने की भाजपा की कोशिशें एक बार फिर शुरू हो गई हैं। उन्होंने हमारे नेता को जेल में डाल दिया, हमारे शीर्ष नेतृत्व को गिरफ्तार कर लिया और अब हमारे पीएसी (संसदीय कार्य समिति) सदस्य और गुजरात के सह-प्रभारी दुर्गेश पाठक के घर पर सीबीआई को भेज दिया। इसका एकमात्र कारण यह है कि गुजरात में 'आप' की पकड़ मजबूत हो रही है। सिंह ने दावा किया कि जैसे ही पाठक ने पार्टी का आधार मजबूत करने के लिए गुजरात में बैठकें शुरू कीं, भाजपा ने उनके पीछे केंद्रीय एजेंसी लगा दी।

### आम आदमी पार्टी चंदा चोर पार्टी से अब चंदा खोर पार्टी बन गई है : सचदेवा



हरिभूमि, नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी भी अजीब पार्टी है। आज से पहले हमने चंदा चोर पार्टी तो सुना ही था लेकिन अब यह चंदा खोर पार्टी बन गई है। आप नेता दुर्गेश पाठक वह व्यक्ति हैं जिसने अपने ही पार्टी के चंदे को चुराने का काम किया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने गुरुवार को आप नेता पर यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल सहित आम आदमी पार्टी और उनके नेताओं का चरित्र ही लूट, भ्रष्टाचार और झूठ है। सचदेवा ने कहा कि दुर्गेश पाठक ने अपनी ही पार्टी का चंदा खाने का काम किया है, अगर जांच एजेंसी अपना काम कर रही है तो उनको इसमें परेशानी क्या है? अपनी ही पार्टी के चंदे को खाने वाले यह चंदा खोर लालू यादव से भी ज्यादा भ्रष्ट निकले। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी अपना काम कर रही है एक बार पूरी रिपोर्ट सामने आ जाए फिर इस पूरे मामले में अन्य लोगों के भी नाम सामने आएगा। सचदेवा ने कहा कि दुर्गेश पाठक ने अपनी लूट और भ्रष्टाचार को छुपाने हुए एक और झूठ दिल्ली की जनता से छुपाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में शराब घोटाले के माध्यम से पैसे इकट्ठा किया गया तो उस वक्त वह सारे पैसा गोवा चुनाव में लगाया गया था और उस वक्त दुर्गेश पाठक ही गोवा चुनाव में आम आदमी पार्टी के प्रभारी बने थे।

## नियोक्ता के घर पर फंदे से लटकी मिली घरेलू सहायिका



एजेंसी, नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में घरेलू सहायिका के तौर पर काम करने वाली एक लड़की अपने नियोक्ता के घर के स्नानगृह में फंदे से लटकी मिली। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि वे लड़की की उम्र की पुष्टि करने का प्रयास कर रहे हैं क्योंकि उसके माता-पिता ने कहा है कि वह 17 वर्ष की है, लेकिन उसके नियोक्ताओं का दावा है कि उसकी उम्र 19-20 वर्ष के आसपास है। हालांकि, प्रारंभिक मेडिकल जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि लड़की की उम्र 14 साल थी।

वसंत कुंज थाने को बुधवार को घटना के बारे में सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि एक टीम मौके पर पहुंची, जहां उन्होंने देखा कि एक युवती स्नानगृह में शॉवर के पाइप से लटकी हुई थी। उत्तर प्रदेश के रायबरेली की निवासी लड़की पिछले डेढ़ महीने से घर में काम कर रही थी।

अधिकारी ने बताया कि बुधवार को वह सुबह करीब आठ बजे काम के लिए घर आई थी। शाम करीब चार बजे घर के मालिक दीपक (39) के घर लौटने पर उसने उनके लिए दरवाजा खोला। उन्होंने बताया, ₹इसके बाद दीपक, उनकी पत्नी और उनके बच्चे सोने चले गए। शाम करीब छह बजे रसोइया आया। जब लड़की ने घर की घंटी बजने पर कोई जवाब नहीं दिया तो दीपक की पत्नी ने दरवाजा खोला और पाया कि लड़की कहीं नहीं दिख रही है।₹ अधिकारी ने बताया कि बार-बार दरवाज़ा खटखटाने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो आखिरकार उन्होंने चाबी से स्नानगृह का दरवाजा खोला और लड़की को शॉवर पाइप से लटकता हुआ पाया और पुलिस को बुलाया। उन्होंने बताया कि शव को प्रारंभिक चिकित्सा जांच के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया है और शवगृह में रख दिया गया है।

## खेतों से ट्रांसफार्मर चोरी, किसान परेशान



नई दिल्ली। दिल्ली देहात के बवाना विधानसभा स्थित हरेवली गांव के खेतों से रात के समय चोरों ने बिजली ट्रांसफार्मर पर हाथ साफ कर लिया और उसका कीमती सामान चुरा लिया। जिसके बाद गांव के किसान परेशान हैं। किसान योगेश ने बताया कि इसकी सूचना बिजली कंपनी को दे दी गई और

दिल्ली सरकार से भी निवेदन किया है कि जल्द से जल्द यहां बिजली ट्रांसफार्मर लगाया जा सके ताकि समय रहते अगली फसल की तैयारी कर सके। स्थानीय किसानों ने बताया कि इन दिनों फसलों में सुबह शाम के समय हल्की सिंचाई की जरूरत पड़ती है लेकिन बिजली के बिना यह संभव नहीं है। बता दें कि दिल्ली देहात के क्षेत्रों में पहले भी कई बार ऐसा हो चुका है।

## डीयू के दक्षिणी परिसर में हिंदी विभाग ने शुरू की एमए पत्रकारिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने मीडिया के शिक्षकों से आह्वान किया कि वे ऐसे पत्रकार तैयार करें जो इस देश से प्यार करने वाले हों, इस देश के हित को संभालने वाले हों और जो निज हित को देश हित से ऊपर नहीं रखता हो। प्रो. योगेश सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर में हिंदी विभाग द्वारा संचालित पत्रकारिता पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए मल्टीमीडिया स्टूडियो के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से डीयू के दक्षिणी परिसर में हिंदी विभाग द्वारा एमए जर्नलिज़्म भी शुरू की जाए। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी, दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, कुलसचिव डॉ विकास गुप्ता, डीयू कल्चर काउंसिल के चेयरपर्सन एवं पीआरओ अनूप लाठर, हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुधा सिंह, हिंदी विभाग दक्षिणी परिसर के प्रभारी प्रो. अनिल राय, प्रशांत नागर, डॉ सीमा भारती, प्रभाकर मिश्रा एवं अन्य पूर्व छात्र व वर्तमान छात्र उपस्थित रहें। इस अवसर पर स्टूडियो टीम द्वारा पॉडकास्ट रिकॉर्डिंग के दौरान कुलपति प्रो योगेश सिंह ने डॉक्टर सीमा भारती के द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपनी तीन वर्ष की कार्यावधि के अंतर्गत ही उन्होंने आधारभूत संरचनाओं पर कार्य किया और लगभग 22 ऐसे प्रोजेक्ट्स हैं जो आज भी चल रहे हैं तथा आगे भी वह इन कार्यों को करने में पीछे नहीं हटेंगे।

# लाहौरी गेट म्यूजियम का हैरिटेज भवन तैयार : गोयल

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल ने जानकारी दी कि आखिरकार 24 साल के बाद लाहौरी गेट म्यूजियम का हैरिटेज भवन तैयार हो गया है। गोयल ने बताया कि उन्होंने 2003 में अपने 50 लाख रूपए के सांसद कोश (एमपीलैड फंड) से इसको उस समय तैयार करके उद्घाटन करवा दिया था, किन्तु उसके बाद यह फिर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हो गया और इसके बाद गोयल संस्कृति मंत्रालय से 4 करोड़ का फंड लेकर आए, जिससे इसका



काम पिछले कई सालों से चल रहा है। गोयल ने बताया कि कभी इसकी जगह एक टूटी-फूटी डिस्पेंसरी हुआ करती थी और अन्दर कबाड़ भरा हुआ था। गोयल ने बताया कि लगातार 24 सालों से कोशिश कर रहे हैं कि इसका जीर्णोद्धार हो और इसमें एक अच्छा सा म्यूजियम खुल जाए।

गोयल ने कहा इस म्यूजियम में पर्यटक विशेष रूप से विदेशी पर्यटक पूरी पुरानी दिल्ली चांदनी चौक की झलक देख पाएंगे जिसमें लाल किला, जामा मस्जिद, टाउन हाल, हवेलियां और विभिन्न धर्मों के प्रसिद्ध मंदिरों के साथ-साथ चांदनी चौक के बाजारों, खान-पान, रहन-सहन के बारे में जानकारी हासिल कर पाएंगे।

## शाहीन बाग में इमारत में आग, कोई हताहत नहीं



एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में बृहस्पतिवार तड़के एक चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, हादसा तड़के करीब दो बजे नाना रोड के पास हुआ। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन इमारत के भूतल पर खड़ी तीन से चार कारें जलकर खाक हो गईं। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद ही आठ दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग पर सुबह चार बजे तक काबू पा लिया गया।₹ अधिकारी ने बताया कि आग घरेलू सामान और पार्किंग में खड़ी कारों में लगी थी।

## जेएनयूएसयू चुनाव के लिए एबीवीपी ने घोषित किए प्रत्याशी

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। अध्यक्ष पद के लिए शिखा स्वराज, उपाध्यक्ष पद के लिए निट्टू गौतम, सचिव पद के लिए कुणाल राय एवं संयुक्त सचिव पद के लिए वैभव मीणा को एबीवीपी ने अपना प्रत्याशी नामित किया है। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय के 16 स्कूलों और विभिन्न संयुक्त केंद्रों के 42 काउंसलर पदों के लिए भी एबीवीपी ने अपने प्रत्याशी घोषित किए हैं, जिसमें महिलाओं को विशेष प्राथमिकता दी गई है। एबीवीपी इस चुनाव में जेएनयू परिसर में आधारभूत ढांचे के सुधार, महिला सुरक्षा, सस्ती व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, और एक सक्रिय व उत्तरदायी छात्रसंघ के गठन जैसे प्रमुख मुद्दों को लेकर जेएनयू के विद्यार्थियों के बीच पहुंचेगी।

## मानसून सीजन में जलभराव से निपटने को निगम तैयार : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) मानसून सीजन में जलभराव से निपटने को तैयार है। निगम आयुक्त अश्विनी कुमार ने गुरुवार को निगम मुख्यालय, सिविक सेंटर के केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम में मानसून की तैयारियों पर एक व्यापक ब्रीफिंग और इंटरैक्टिव सत्र की अध्यक्षता के दौरान यह जानकारी दी। निगम से मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान सभी अतिरिक्त आयुक्त, सभी क्षेत्रों के उपायुक्त, इंजीनियर-इन-चीफ, सहायक आयुक्त और रखरखाव, भवन, परियोजना और ईएमएस विभागों के इंजीनियरों के साथ-साथ एमसीडी के स्वच्छता अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में आगामी मानसून सीजन के लिए एमसीडी की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें जलभराव, स्वच्छता और सार्वजनिक सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर विशेष जोर दिया गया। सभी उपायुक्तों, इंजीनियर-इन-चीफ और अतिरिक्त आयुक्तों ने शहर भर में जलभराव को दूर करने के लिए विस्तृत कार्ययोजनाएं साझा कीं। उन्होंने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाने और प्रभावी तथा समय पर मानसून प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए जनशक्ति बढ़ाने के उद्देश्य से बहुमूल्य सुझाव भी दिए।

# विदेशी शोधकर्ता से छेड़छाड़ का आरोपी जेएनयू प्रोफेसर बर्खास्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के एक वरिष्ठ प्रोफेसर को एक विदेशी शोधकर्ता से जुड़े यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर बर्खास्त कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जेएनयू सूत्रों के अनुसार, कथित घटना कुछ महीने पहले विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम के दौरान हुई थी।

विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कोई अकेला मामला नहीं बल्कि प्रोफेसर के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धुलीपुडी पंडित ने बताया कि जेएनयू प्रशासन यौन उत्पीड़कों और भ्रष्ट कर्मचारियों के प्रति कोई नरमी नहीं बरतने की नीति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने



बताया कि यह बर्खास्तगी, परिसर की सुरक्षा और जवाबदेही पर विश्वविद्यालय के दृढ़ रुख को दर्शाती है। विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद द्वारा विस्तृत आंतरिक जांच के बाद यह निर्णय लिया गया।

जापान की एक शोधकर्ता से विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम के दौरान संकाय सदस्य द्वारा कथित तौर पर छेड़छाड़ की गई थी। जापान लौटने पर महिला शोधकर्ता ने एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले को राजनयिक तरीके से भारतीय दूतावास के ध्यान में लाया गया और बाद में विदेश मंत्रालय और विश्वविद्यालय को भेजा गया। आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) ने आरोपों को विश्वसनीय पाया, जिसके बाद कार्यकारी परिषद ने बर्खास्तगी की सिफारिश की। सूत्रों ने बताया कि आरोपी को विश्वविद्यालय की अपीलीय समिति के समक्ष अपील करने या अदालत का दरवाजा खटखटाने का अधिकार है। इस बीच, पर्यावरण विज्ञान विभाग के एक अन्य संकाय सदस्य को एक शोध परियोजना में भ्रष्टाचार के आरोपों में बर्खास्त कर दिया गया और मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया गया है। शोध परियोजना पर तथ्य-खोज समिति की रिपोर्ट के बाद दो गैर-शिक्षण कर्मचारियों को भी बर्खास्त कर दिया गया है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं॰ 17/2025
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। क्र.सं. 1. कार्य का विवरण : गोला नदी हल्द्वानी स्टेशन पर नदी संरक्षण कार्य के रूप में टो वॉल, सीसी ब्लाक, टो वॉल के साथ प्रीकास्ट टेट्रापॉड बैरियर कार्य आदि का शेष कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 17,38,09,304.43, बयाना राशि रूपयों में : रू. 10,19,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह। 1. ई-निविदा दिनांक 08.05.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।
मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०),
मुजाधि/डब्लू - 18 इज्जतनगर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंकेश रंजन निदेशक नेस्टिवा अस्पताल मुनिरका नई दिल्ली एवं 55 और 56 बी गांव मटियाला श्री चंद पार्क उत्तम नगर नई दिल्ली ने एफआईआर सं./सीटी नं. 8005/2019 धारा 449/500 भा.द.स. के तहत** थानाः सरीता विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अंकेश रंजन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अंकेश रंजन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं./सीटी नं. 8005/2019 धारा 449/500 भा.द.स. के तहत** थानाः सरीता विहार, दिल्ली **के उक्त अंकेश रंजन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
अरिदमन सिंह चीमा
एल डी जेएमएफसी–05
(साउथ ईस्ट) कोर्ट नं. 510, मुख्य भवन
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
DP/4580/SE/2025

हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीआरआईडी | ज्ञान केन्द्र में डिजिटल ऑडियो वीडियो कांफ्रेंस सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना कन्फीगरेशन, परीक्षण, और प्रचालन। | 09.04.2025 09.05.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2703479 addl-cito.crid@hry.gov.in |
| 2 | पंचायत्स कैथल | कुतुबपुर की पंचायत भूमि पर अम्बेडकर भवन में शौचालय और स्नानगृह का निर्माण + 4 कार्य। | 16.04.2025 22.04.2025 | 19.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416775366 kaithalsdopr@gmail.com |
| 3 | लोनिवि (भ व प) हिसार | 4 अदद सड़कों को चौड़ा करना व मजबूतीकरण (I) हिसार जिले में चुली खुर्द से बिरान से राज्य सीमा आरडी 0.640 से 1.940 तक (रोड आईडी 4814) (II) हिसार जिले में चुली खुर्द से मेहराना से राज्य सीमा आरडी 0.00 से 1.740 तक (रोड आईडी 4816) (III) हिसार जिले में उप स्वास्थ्य केन्द्र ढाणी मोहब्बतपुर रोड आरडी 0.000 से 0.315 तक (रोड आईडी 4996) (IV) हिसार जिले में मोहब्बतपुर से शिवालिक मंदिर रोड आरडी 0.00 से 3.800 तक (रोड आईडी 4892)। | बंद होने की तिथि 19.04.2025 | 363.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि (भ व प) अम्बाला कैंट | एस्टेट पंचकूला में मुख्य निर्वाचक अधिकारी कार्यालय, प्लॉट नं. आईपी2पी, सेक्टर-6, एमडीसी का निर्माण (पैसेंजर लिफ्ट्स का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 17.04.2025 23.04.2025 | 92.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि (भ व प) नारायणगढ़ | अम्बाला जिले में गांव चांदसोली में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (बकाया कार्य रोड और पार्किंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम) | 16.04.2025 22.04.2025 | 29.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि (भ व प) हिसार | हिसार जिले में गांव सातरोड में पीएचसी का निर्माण (सम्बद्ध कार्य सहित मेडिकल गैस पाइप लाइन का प्रावधान केवल)। | 16.04.2025 01.05.2025 | 16.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 7 | स्वास्थ्य हिसार | एमएडीसीएच हिसार में ऑर्थोपेडिक इम्प्लांट्स की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध। | 18.04.2025 05.05.2025 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9255594296 pmohsr@rediffmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/140/33983/I/88/7 दि. 17.04.25

## पर्यावरण मंत्री ने गाजीपुर लैंडफिल साइट का किया निरीक्षण

# कूड़े के ढेर पांच साल में डायनासोर की तरह हो जाएंगे गायब : सिरसा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली





दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार शहर में अपशिष्ट प्रसंस्करण में तेजी लाने के लिए एक अतिरिक्त एजेंसी से करार करने की संभावना तलाश रही है। सिरसा ने कहा कि शहर के कूड़े के ढेर अगले पांच साल में डायनासोर की तरह गायब हो जाएंगे। उन्होंने गाजीपुर लैंडफिल साइट का निरीक्षण करने के दौरान कहा कि सरकार पुराने कचरे को साफ करने तथा शहर को पहाड़ों की तरह जमा हो गए कचरे के विशाल ढेर से मुक्त करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री ने कहा कि मैं अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करना चाहता हूं कि दिल्ली में कूड़े के पहाड़ डायनासोर की तरह गायब हो जाएंगे। मंत्री ने कहा कि साइट पर जमा 70 लाख मीट्रिक टन कचरे में से 14-15 लाख टन का प्रसंस्करण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जैवखनन कार्य की गति बढ़ गई है और अगले छह महीनों में प्रतिदिन लगभग 7,000 से 8,000 मीट्रिक टन कचरे का प्रसंस्करण किया जाएगा।

### ठेकेदार अगले चार से पांच महीनों में प्रतिदिन कम से कम 8,000 मीट्रिक टन कचरे का करे निपटान

**नई दिल्ली।** सिरसा ने कहा कि उन्होंने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि नया ठेकेदार अगले चार से पांच महीनों में प्रतिदिन कम से कम 8,000 मीट्रिक टन कचरे का निपटान करे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वे (नया ठेकेदार) लक्ष्य पूरा करने में असफल रहे तो उनपर जुर्माना लगाया जाएगा। दिल्ली सरकार अपशिष्ट प्रसंस्करण में तेजी लाने के लिए एक अतिरिक्त एजेंसी की नियुक्ति की संभावना भी तलाश रही है। सिरसा ने कहा कि हम सचिवालय में डैशबोर्ड के माध्यम से प्रतिदिन प्रगति की निगरानी कर रहे हैं। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप की गई प्रतिबद्धता है, और हम इसे बिना किसी चूक के पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्प हैं।

## स्कूलों को लेकर एक्शन में दिल्ली सरकार

# मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने पर 11 स्कूलों को किया नोटिस जारीः सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के स्कूलों में मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने वाले स्कूलों पर दिल्ली सरकार ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है और फीस बढ़ाने पर दिल्ली सरकार सख्त है और स्कूलों में अनियमितताएं पाए जाने पर इसके लिए 11 स्कूलों को नोटिस भेजा और 600 स्कूलों के ऑडिट रिपोर्ट पेश कर रहे हैं। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने गुरूवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने यहां पिछली आम आदमी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि केजरीवाल सरकार ने प्राइवेट स्कूलों को मनमानी करने की खुली छूट दे दी थी। जबकि, भाजपा की दिल्ली सरकार सख्त कदम उठा रही है। वहीं, सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी साझा करते हुए उन्होंने बताया कि स्कूलों की बढ़ती फीस को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में स्कूलों की मनमानी और फीस बढ़ोतरी पर दिल्ली सरकार और हाई कोर्ट द्वारा लिए गए एक्शन की जानकारी मीडिया से साझा की। दिल्ली के इतिहास में पहली बार डीएम लेवल की कमेटी बनाई गई है, जिससे बच्चों और अभिभावकों को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली सरकार ने 11 स्कूलों के खिलाफ नोटिस जारी किया है।

सूद ने कहा कि अरविंद केजरीवाल डीपीएस आरके पुरम के बारे में जो बयान दे रहे हैं, उस स्कूल के 100 पेज कटिंग प्रेस वार्ता में पेश किए है। आम आदमी पार्टी सिर्फ आरोप लगाकर भागने का काम करती है। उन्होंने आगे कहा कि डीपीएस द्वारका के संदर्भ में कोर्ट की ओर से ऑर्डर पास किया गया। आप सभी के सामने पेश कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में शिक्षा इतिहास में पहली बार डीएम के पावर का इस्तेमाल करते हुए स्कूल में कमेटी भेजी।

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछली सरकार को बताना चाहिए कि उन्होंने कितने स्कूलों का ऑडिट कराया है। आज हम 600 स्कूलों की ऑडिट रिपोर्ट पेश कर रहे हैं। हमारी सरकार यह करके दिखा रही है। यह मुद्दा पहली बार अभिभावकों ने नहीं उठाया है बल्कि इससे पहले भी अभिभावक सड़कों पर उतरे हैं।

# एनडीएमसी ने किया अग्नि सुरक्षा प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने गुरूवार को एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर में "एकजुट होकर जगाए, अग्नि सुरक्षित भारत" थीम के तहत चल रहे 'अग्निशमन सेवा सप्ताह 2025' के दौरान ऊंची इमारतों में अग्नि सुरक्षा पर एक सेमिनार का आयोजन किया और अग्नि सुरक्षा उपायों प्रदर्शन भी किया। अग्निशमन सेवा सप्ताह में अग्नि सुरक्षा में सामुदायिक भागीदारी, शिक्षा, तैयारी और नवाचारों के महत्व पर जोर दिया जाता है। कर्मियों और नागरिकों के बीच अग्नि सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने और तैयारियों को बढ़ाने के लिए शुरू किए गए एक सक्रिय कदम में, दिल्ली अग्निशमन सेवा के सहयोग से एनडीएमसी के अग्निशमन विभाग द्वारा अग्निशमन उपकरणों, अन्य उपकरणों, कौशल और तकनीकों के लाइव प्रदर्शन के साथ-साथ ऊंची इमारतों में अग्नि सुरक्षा पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एनडीएमसी की निदेशक (अग्निशमन सेवा) अलका बिजलानी, दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग, एनडीएमसी अग्निशमन अधिकारी सोमवीर सिंह, दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी राजेश कुमार शुक्ला आदि ने इस मौके पर जागरूक किया।

## सड़कों से हटी क्लस्टर की 464 बसें

**नई दिल्ली।** अनुबंध समाप्त होने के चलते दिल्ली की सड़कों से क्लस्टर योजना की 464 बसें और हट गई है। जबकि अभी 533 और बसें हटनी है। इन बसों के सड़कों से हटने के बाद राजधानी में सार्वजनिक परिवहन के रूप में चल रही बसों की संख्या लगातार कम हो रही है। दिल्ली सरकार ने क्लस्टर बस योजना की शुरुआत वर्ष 2011 में की थी, जिसमें अब सैकड़ों बसों को हटाया जा चुका है। दिल्ली क्लस्टर संख्या 6, 7, 8 और 9 के अधीन आने वाली 997 बसों का अनुबंध खत्म हो रहा है। क्लस्टर संख्या 6 और 9 के तहत आने वाली 464 बसें सड़कों से हटा दी गई हैं, इससे दिल्ली की सड़कों पर बसों की कमी दिखाई देने लगी है। वर्तमान में दिल्ली में 13 क्लस्टर हैं, जिसमें अधिकांश क्लस्टर संचालित हो रहे हैं। क्लस्टर योजना के तहत बसें दिल्ली ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट (डीटीसी) व दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल ट्रांजिट सिस्टम (डिम्ट्स) के अधीन चलाई जाती हैं इनमें डीटीसी या डिम्ट्स के कंडक्टर होते हैं। बुधवार को अनुबंध की अवधि समाप्त होने के कारण क्लस्टर छह और नौ के तहत आने वाले दिलशाद गार्डन, बीबीएम-2, ओखला व दिचाऊं कलां डिपो से चलने वाली वाली 464 बसों को बुधवार को रूट पर नहीं उतारा गया था।

# किसानों के लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




- कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को दी आमदनी बढ़ाने की जानकारी

किसानों की आमदनी कैसे बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र, दिल्ली ने 'उत्तरी भारत में उन्नत प्याज की उत्पादन तकनिकी एवं प्रबंधन' विषय पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन एकीकृत बागवानी विकास मिशन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 16-17 अप्रैल को कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार राणा ने गुरूवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सेमिनार को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य उत्तरी भारत में प्याज उत्पादन को नवीनतम तकनिकी एवं खरीफ मौसम में प्याज की खेती को बढ़ावा देना है। जिससे प्याज की आपूर्ति देश में वर्ष भर बनी रहे एवं किसानों की आय में बढ़ोतरी हो। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. राणा ने मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, विशेषज्ञ, कृषि प्रसार अधिकारी, करीब 350 किसान एवं महिला किसानों व उपस्थित सभी अधिकारियों का ह्रदय से स्वागत करते हुए दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार के उद्देश्यों से अवगत कराया। सेमिनार के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में सहायक महानिदेशक (कृषि प्रसार) डॉ. आर. आर. बर्मन, ने किसानों को बताया कि भारत में वर्तमान परिदृश्य में बदलते खेती के स्वरुप को ध्यान में रखते हुए अब खेती अनाज वाली फसलों के बदले बागवानी फसलों की खेती को किसान भाई अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं।

## मानसून सत्र में होगी कागज मुक्त कार्यवाही : विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि हम दिल्ली विधानसभा में एनईवीए (नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन) क्रियान्वयन के अंतर्गत नवीनतम तकनीकी से लैस सॉफ्टवेयर और ऐप का प्रयोग करेंगे। जुलाई में प्रस्तावित विधानसभा का अगला सत्र पूरी तरह से पेपरलेस होगा। गुप्ता आज ओडिशा विधानसभा के दौरे पर थे, उनके साथ गए दिल्ली विधानसभा प्रतिनिधि मंडल में विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट भी थे। विजेंद्र गुप्ता और मोहन सिंह बिष्ट ने प्रतिनिधि मंडल के साथ एनईवीए परियोजना के अंतर्गत विकसित हो रहे सॉफ्टवेयर, गैजेट्स और ऐप्स का अध्ययन किया। उन्होंने बताया कि ओडिशा विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी और मुख्यमंत्री मोहन चरन मांझी ने दिल्ली से आए प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और एनईवीए के कार्यान्वयन से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा की।



# राजधानी में भीषण गर्मी जारी, अधिकतम पारा पहुंचा 41 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली में भीषण गर्मी लगातार जारी है। गुरुवार को सूरज का सितम और बढ़ने से अधिकतम तापमान बढ़कर 41 डिग्री को पार कर गया। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली के रिज एरिया में अधिकतम पारा 41.5 डिग्री से दर्ज हुआ। जबकि दिल्ली का औसत तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम में 3.5 डिग्री ऊपर है। इस तरह न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम में सामान्य से 4.1 डिग्री ऊपर है। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में दो जगह रिज एरिया और आया नगर में अधिकतम तापमान 41 डिग्री से अधिक रहा। आईएमडी ने अनुमान व्यक्त करते हुए बताया कि शुक्रवार को मामूली राहत की संभावना हो सकती है। वहीं शनिवार को मौसम कुछ राहत देने के मूड में नजर आ सकता है, जिसके तहत आसमान पर काले बादल देखे जा सकते है। आईएमडी ने हल्की बारिश की संभावना बताते हुए बाकायदा येलो अलर्ट भी जारी कर दिया है। अगर अलर्ट सही साबित हुआ तो शनिवार को दिल्ली वालों को हल्की बूंदाबांदी मामूली राहत की उम्मीद दिख सकती है। हवा 40 किमी प्रति घंटा की गति से चलेगी जिससे राहत की उम्मीद की जा सकती है। जिसके अगले तीन चार दिनों तक न्यूनतम तापमान गिरकर 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।


## तेजी से बढ़ रही बिजली की मांग, खपत पहुंची 5700 मेगावाट

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गत तीन चार दिनों में बिजली की मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है, जिसके चलते गुरुवार को दिल्ली में अधिकतम मांग का आंकड़ा 5700 मेगावाट पहुंच गया। जबकि ठीक एक दिन पहले बुधवार को अधिकतम मांग का आंकड़ा 5436 मेगावाट दर्ज हुआ था। यानि एक दिन में सीधे 263 मेगावाट की भारी बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार बिजली की मांग में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। गत चार दिनों से लगातार खपत में तेजी आ रही है। जिसके चलते 5700 मेगावाट का आंकड़ा छू गया है। अनुमान है कि शुक्रवार को यह आंकड़ा बढ़कर 6 हजार मेगावाट तक पहुंच सकता है। ऐसे में बिजली की कमी की आशंका पर बिजली कंपनियों ने पुन दावा किया कि कटौती नहीं होगी। निजी बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल का कहना है कि 9 हजार मेगावाट मांग के अनुमान के तहत हमारी तैयारी पूरी है। ऐसे में बिजली की कटौती का सवाल ही नहीं उठता।

## हजारों लोगों को होगा फायदा

# बुराड़ी क्षेत्र के लिए खुशखबरी, जल्द शुरू होगा मजलिस पार्क-जगतपुर मेट्रो खंड, कार्य हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लंबे समय से इंतजार कर रही बुराड़ी की जनता के लिए खुशखबरी है कि बहुत जल्द बहुप्रतीक्षित बुराड़ी मेट्रो शुरू होने जा रही है। यह हिस्सा पिंक लाइन अंतर्गत मजलिस पार्क-जगतपुर मेट्रो खंड के तहत आता है। इस खड़ के शुरू होने से हजारों लोगों को फायदा होगा। जिसमें बुराड़ी गांव, प्रधान एंक्लेव सहित यहां की दर्जनों कालोनियां, संत नगर व अन्य कालोनियों तथा जगतपुर गांव व इससे जुड़ी अन्य कालोनियां शामिल है। इस खंड पर मेट्रो परिचालन का ट्रायल रन जारी है, उम्मीद है कि बहुत जल्द ही डीएमआरसी इस 4.6 किलोमीटर हिस्से को जनता के लिए खोल देगी। इस बारे में दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि चौथे चरण के तहत बनाई जा रही पिंक लाइन रिंग रोड मेट्रो अंतर्गत मजलिस पार्क और जगतपुर गांव के हिस्से पर मेट्रो ट्रायल रन किया जा रहा है। मजलिस पार्क और जगतपुर गांव के बीच लगभग 4.6 किलोमीटर लंबा हिस्सा अब बनकर लगभग पूरा हो चुका है। जिसके चलते इस खंड पर ट्रायल प्रक्रिया चल रही है। अगर सब कुछ सही रहा तो बहुत जल्द ही रेलवे सुरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के बाद इसे जनता के लिए खोल दिया जाएगा। यह हिस्सा पिंक लाइन के अंतर्गत मौजपुर-मजलिस पार्क खंड के तहत आता है। जगतपुर से मौजपुर के शेष हिस्से पर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। दयाल ने बताया कि दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के प्राथमिकता वाले कॉरिडोर के निर्माण कार्य में लगातार प्रगति हो रही है। कुल मिलाकर, तीनों कॉरिडोर में 70 प्रतिशत से अधिक सिविल कार्य पहले ही पूरा हो चुका है। इनमें से मजलिस पार्क और जगतपुर गांव के बीच लगभग 4.6 किलोमीटर लंबा हिस्सा अब लगभग पूरा हो चुका है। इस खंड पर पिछले साल दिसंबर के अंत में शुरुआती ट्रायल रन शुरू किए गए थे। इस खंड में तीन अतिरिक्त स्टेशन शामिल हैं - बुराड़ी, झरोदा माजरा और जगतपुर गांव, जिन्हें सभी अनिवार्य वैधानिक अनुमोदन और प्रमाणन प्राप्त करने के बाद खोला जाएगा। दयाल के अनुसार पिछले दो महीनों में, एरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर पर तीन महत्वपूर्ण सुरंगों का निर्माण पूरा कर लिया किया है। जिसमें छतरपुर मंदिर से इग्नू लगभग 1,475 मीटर 25 फरवरी 2025, किशनगढ़ से वसंत कुंज लगभग 1,550 मीटर 6 मार्च 2025 और तीसरा छतरपुर मंदिर से इग्नू 1,460 मीटर 18 मार्च 2025 शामिल है।

## चार बार विधायक रहे कांग्रेसी नेता जयकिशन का हार्ट अटैक से निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की सुल्तानपुर माजरा सीट से लगातार चार बार विधायक रहे दलित चेहरे के रूप में अलग पहचान बनाने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयकिशन का 16-17 अप्रैल की देर रात हार्ट अटैक आने की वजह से निधन हो गया। जयकिशन के निधन की खबर के बाद दिल्ली कांग्रेस में शोक की लहर दौड़ गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की ओर से जय किशन के पार्थिव शरीर पर फूलों की रीथ चढ़ाकर उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सुशीला जय किशन से फोन पर बात करके उन्हें सांतवना दी और दुख की घड़ी मं परिवार के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव श्रद्धांजली देने उनके आवास पहुंचे और उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। प्राप्त जानकारी अनुसार जय किशन ने सुल्तानपुरी स्थित अपने घर में अंतिम सांस ली। देर रात करीब 12.30 बजे जयकिशन को हार्ट अटैक पड़ा जिसके बाद परिवार वाले उन्हें अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर्स ने जयकिशन को मृत घोषित कर दिया। जयकिशन दिल्ली में कांग्रेस के बड़े दलित चेहरा रहे हैं। साल 1993 से 2025 तक वे लगातार दिल्ली की सुल्तानपुर माजरा सीट से विधायक का चुनाव लड़ते आए। साल 1993, 2003, 2008 और 2013 के विधानसभा चुनाव में जयकिशन ने भारी मतों से चुनाव जीते, जिसके चलते वह लगातार इस सीट से 4 बार कांग्रेसी विधायक रहे।

## खबर संक्षेप

### नशा तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने आरोपी फ्रेडरिक को नशा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 16 अप्रैल को क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने गस्त के दौरान गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए आरोपी फ्रेडरिक निवासी राज्य घाना, नाइजीरिया हाल सेक्टर 77 फरीदाबाद को एनआईटी गोल चक्कर टाउन नंबर 5 से काबू किया है।

### पैसे मांगने के मामले में आरोपी को दबोचा



**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने महिला का अश्लील फोटो तैयार कर पैसे मांगने के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना सैंट्रल में फरीदाबाद निवासी महिला ने शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि उसके फोन पर एक मैसेज आया जिसमें सस्ता सामान खरीदने के लिए लिंक था। लिंक पर क्लिक करके के बाद उससे फोन के कुछ एक्सेस मांगे गए, जिनकी अनुमति उसके द्वारा दे दी गई।

### अलग-अलग मामलों में 4 आरोपियों को किया काबू



**फरीदाबाद।** अपराध शाखाओं की टीम ने अलग-अलग मामलों में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी मोन्टू वासी गांव सवाजपुर जिला हरदोई को शमशान घाट सेक्टर-56, रंजित वासी झुग्गी नियर नीलम पुल को मास्टर बाईपास गांव टिकवाली, प्रीतम निवासी सिकरोना को सेक्टर-63 से देशी कट्टा सहित व साबीर मौहम्मद वासी बरौला जिला अलीगढ हाल पहाडी, फरीदाबाद को धीरज नगर शमशान घाट फरीदाबाद के पास से से देशी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है।

# दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के आखिरी स्टेशन- मोदीपुरम पर बिछा ट्रैक

## हाईवे पार करने के लिए मिलेगी एफओबी की सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के मेरठ सेक्शन पर तीव्र गति से सिविल और फिनिशिंग कार्य जारी है। इस कॉरिडोर के आखिरी नमो भारत स्टेशन (मेरठ की तरफ) मोदीपुरम पर हाल ही में ट्रैक बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है। इस स्टेशन पर 3 प्लेटफॉर्म हैं, जिनमें से दो पर नमो भारत ट्रेन उपलब्ध होंगी जबकि एक प्लेटफॉर्म पर मेरठ मेट्रो ट्रेनें उपलब्ध होंगी। साथ ही इस स्टेशन का सिविल कार्य अंतिम चरण में है और स्टेशन की छत (पीईबी) के निर्माण के साथ-साथ फिनिशिंग कार्य भी तीव्र गति से चल रहा है। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि मोदीपुरम स्टेशन राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर स्थित है। यह स्टेशन 215 मीटर लंबा और करीब 34 मीटर चौड़ा है।

### एफओबी का निर्माण कार्य पूरा

स्टेशन की ऊंचाई तकरीबन 16 मीटर है। लोगों की सहूलियत को देखते हुए हाईवे पर सड़क के दोनों ओर को जोड़ने के लिए फुटओवर ब्रिज (एफओबी) भी बनाया जा रहा है। इससे न केवल नमो भारत के यात्रियों को सुविधा होगी बल्कि उन लोगों को भी सुविधा मिलेगी जो सड़क पार करना चाहते हैं। इस एफओबी का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और पीईबी स्ट्रक्चर (छत) से जुड़े सिविल कार्य किए जा रहे हैं।

### खास बातें

- स्टेशन 215 मीटर लंबा और 34 मीटर चौड़ा होगा
- स्टेशन की ऊंचाई 16 मीटर है
- मोदीपुरम में 23 किलोमीटर के खंड 13 स्टेशन शामिल

### स्टेशन पर 6 लिफ्ट होगी




इस स्टेशन के संचालित होने से मोदीपुरम के साथ-साथ पल्लवपुरम, पल्हैड़ा, दुल्हैड़ा चौहान और यहां बनी सोसाइटीज जैसे एटूजेड, सुपरटेक आदि में रहने वाले लोगों को भी लाभ मिलेगा। मोदीपुरम स्टेशन पर दो एंट्री-एग्जिट हैं। स्टेशन पर तकनीकी कमरे भी लगभग तैयार हैं। इस स्टेशन पर तीन प्लैटफॉर्म हैं, 8 स्टेयरकेस (सीढ़ियां) एवं इतने ही एस्केलेटर हैं। इनमें से चार कॉनकोर्स से प्लेटफॉर्म को कनेक्ट करते हैं जबकि दो-दो एंट्री-एग्जिट पर हैं। स्टेशन पर 6 लिफ्ट भी हैं, जिन्हें इंस्टॉल किया जा चुका है।

### ट्रायल रन जारी

मोदीपुरम स्टेशन के एंट्री-एग्जिट ए (दिल्ली से मोदीपुरम की ओर) पर स्टील रेलिंग लगाई जा चुकी है और ग्रेनाइट फिक्सिंग यानी पत्थर बिछाने समेत अन्य कार्य तीव्र गति से किए जा रहे हैं। वहीं, एंट्री-एग्जिट बी (दिल्ली की ओर) पर रेलिंग लगाने का काम जारी है। इस कॉरिडोर के मेरठ सेक्शन पर फिलहाल मेरठ साउथ से शताब्दी नगर स्टेशन के बीच ट्रायल रन जारी हैं और जल्द ही मोदीपुरम स्टेशन तक भी ट्रायल रन शुरू हो जाएंगे। मोदीपुरम स्टेशन पर नमो भारत के साथ-साथ मेरठ मेट्रो की सुविधा भी मिलेगी। एक अनूठी पहल के तहत देश में ऐसा पहली बार होगा कि एक ही इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सेमी-हाई स्पीड नमो भारत और मेट्रो ट्रेन, दोनों दौड़ती नजर आएंगी। मेरठ मेट्रो की सेवाएं मेरठ साउथ से मोदीपुरम डिपो के बीच उपलब्ध होंगी जिनमें 23 किलोमीटर के खंड पर 13 स्टेशन शामिल हैं।


## केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गांव बड़खल में 60 लाख की लागत के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

# बड़खल क्षेत्र को विकसित और आदर्श क्षेत्र के रूप में स्थापित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी: गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गुरुवार को वार्ड नंबर-18, गांव बड़खल में लगभग 60 लाख की लागत से गलियों में लगने वाली इंटरलॉकिंग टाइल और नालियों के निर्माण कार्य का विधिवत तरीके से गांव के बुजुर्गों से नारियल तुड़वाकर आधारशिला रखी। इस अवसर पर उनके साथ फरीदाबाद मेयर प्रवीण जोशी व पार्षद कर्मवीर बैंसला मौजूद रहे।

इस मौके पर बड़खल गांव की मौजिज सरदारी ने केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर व मेयर प्रवीण जोशी का माला पहनाकर, पगड़ी बांधकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।



### योजनाओं का लाभ समय पर लोगों तक पहुंचाएं

गुर्जर ने कहा कि सरकार की सोच यही है कि भारत के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक भी योजनाओं का लाभ बिना किसी रुकावट के पहुंचे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में लगभग 01 करोड़ 55 लाख रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ होगा, जो गांव के विकास में अहम योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश समावेशी विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने विशेष रूप से बड़खल गांव के निवासियों को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी समस्याओं को गंभीरता से ले रही है और जो भी मूलभूत परेशानियां हैं, जैसे सड़क, जल आपूर्ति, स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य, उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांव में चल रही योजनाओं की समीक्षा करें और उनका लाभ समय पर लोगों तक पहुंचाएं।

### राज्यमंत्री ने दिए निर्देश गांव के हर क्षेत्र में विकास दिखाई दे

*केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार के कार्यकाल में बड़खल गांव के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। केंद्र सरकार में राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव के हर क्षेत्र में विकास साफ दिखाई दे। उन्होंने कहा कि केंद्र, राज्य और स्थानीय प्रशासन मिलकर गांव को आदर्श बनाने में जुटे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास के संकल्प को हम सब मिलकर साकार करेंगे। गांव में सड़क, बिजली, पानी और स्वच्छता जैसे मूलभूत कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे लोगों को सीधा लाभ मिले और उनका जीवन स्तर ऊंचा उठे।*

## पचास हजार हस्ताक्षरों के माध्यम से पीएम तक पहुंचाएंगे जनता की सहमति

### 'वन नेशन, वन इलेक्शन' को लेकर स्माइलोफाय इंडिया फाउंडेशन की अनूठी पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

'वन नेशन वन इलेक्शन' ( 'एक देश, एक चुनाव' ) के समर्थन में स्माइलोफाय इंडिया फाउंडेशन ने एक विशेष जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। संस्था की संस्थापक चेयरपर्सन प्रिया अशोक आर्य और सह-संस्थापक चेयरपर्सन संजना कालिंदिंदी भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के सबसे पहले हस्ताक्षर कराकर अभियान शुरू किया। इस अवसर पर अशोक आर्य ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य है – देशभर के स्कूलों, शिक्षण संस्थानों और सोसाइटियों से 50 हजार लोगों के हस्ताक्षर एकत्रित कर उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाना।

### 'वन नेशन वन इलेक्शन' आर्थिक संसाधनों की बचत करेगा

मयंक गोयल ने अभियान का समर्थन किया बल्कि पहला हस्ताक्षर कर इस जन-जागरूकता प्रयास को शुभारंभ भी दिया। मयंक गोयल ने इस मौके पर कहा कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' न केवल आर्थिक संसाधनों की बचत करेगा, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता और स्थायित्व भी लाएगा। स्माइलोफाय इंडिया फाउंडेशन द्वारा चलाया जा रहा यह हस्ताक्षर अभियान समाज में जागरूकता बढ़ाने का एक प्रभावी प्रयास है इस अभियान के तहत छात्र, युवा, शिक्षक, अभिभावक और समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे एक सशक्त जनसमर्थन तैयार हो सके। स्माइलोफाय इंडिया फाउंडेशन का यह प्रयास दर्शाता है कि सामाजिक संगठन भी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी निभाकर राष्ट्र निर्माण की दिशा में अहम योगदान दे सकते हैं।

## जाट समाज ने किया सूरजमल स्मारक शिक्षा समिति की नई कार्यकारिणी का स्वागत

# शिक्षा के प्रति संकल्पित रहे समाज: कप्तान सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जाट समाज फरीदाबाद द्वारा सेक्टर-16 स्थित किसान भवन में सूरजमल स्मारक शिक्षा समिति जनकपुरी दिल्ली की नई कार्यकारिणी का भव्य अभिनंदन किया। जाट समाज के लोगों ने उन्हें पुष्प माला और स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जाट समाज के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रंजीत सिंह दहिया ने की।

### कोई भी समाज एकजुटता से चलता है वह समाज ज्यादा फलीभूत होता है: महासचिव मलिक




सूरजमल स्मारक शिक्षा समिति जनकपुरी के अध्यक्ष कप्तान सिंह,. प्रो. श्याम सिंह चैयरमैन, संयुक्त सचिव एसएस सोलंकी, शिवराम तेवतिया संयुक्त सचिव, समिति के सदस्य ओमप्रकाश राठी, उम्मेद सिंह गिल, सुरेश नंदल, अरविंद पाल दहिया, सूरजमल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन टीपी सिंह, मैनेजर श्याम सिंह तेवतिया, स्थायी चैयरमैन एजुकेशन कमेटी वीके नैन सहित दिल्ली के सदस्य उपस्थित थे। जाट समाज के महासचिव एचएस मलिक ने कहा कि कोई भी समाज एकजुटता से चलता है और वह समाज ज्यादा फलीभूत होता है जो समाज अन्य समाजों के लिए परोपकार के कार्यों में हिस्सा लेता है। महिलाओं के लिए सिलाई सेंटर, लोगों के लिए निःशुल्क चिकित्सा एवं दवाई की व्यवस्थाए जिले के हर स्कूल से प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतिवर्ष नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से प्रोत्साहित करना, गरीबों में कंबल वितरण, देश के लिए शहीद होने वाले जवानों के परिजनों के लिए एक लाख रुपए की नकद राशि सहायता, प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित करती रही है।

## सीएम विंडो पर लगाई कार्रवाई किए जाने की गुहार

# एमजी रोड पर हो रहा कार शोरुम का अवैध निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

ग्रुरुग्राम के एमजी रोड स्थित सिकंदरपुर घोसी में करोड़ों रुपए की जमीन पर बिना किसी भवन योजना के कार शोरुम का निर्माण कार्य किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि प्रदेश के भाजपा नेता की शह पर वहां निर्माण कार्य भी शुरु हो गया है। समाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट दिनेश यादव ने जब इसकी शिकायत निगम कार्यालय में की तो निगमाधिकारियों ने भी कोई एक्शन नहीं लिया। जिसके बाद शिकायत कर्ता ने अब सीएम विंडो पर अपनी शिकायत कर कार्रवाई कराए जाने की गुहार लगाई तो निगम के अधिकारी भी नींद से जागे और भाजपा नेता के पिता को नोटिस देकर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

### अवैध निर्माण कार्य रोकने की शिकायत की

सीएम विंडो में लगाई शिकायत में दिनेश यादव ने कहा कि उन्होंने नगर निगम कमिश्नर के समक्ष बीती 11 मार्च 2025 में आरोपियों पर कार्रवाई करने व अवैध रूप से चल रहे निर्माण कार्य को रोकने की शिकायत की थी। जिसके बाद निगम की ओर से भाजपा नेता के पिता को नोटिस तो दिया गया लेकिन अवैध रूप से चल रहे निर्माण कार्य को नहीं रोका गया। निगम कमिश्नर व सीएम विंडो में दायर शिकायत में एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि एमजी रोड पर सिकंदरपुर घोषी में खेवट/नंबर 13 और खसरा नंबर 90 जमाबंदी में स्वीकृत भूमि पर बिना किसी भवन योजना के कार शोरूम के अनधिकृत निर्माण किया जा रहा है। वह भूमि खेवट/जमाबंदी खसरा संख्या 90 (25-0), ग्राम संख्या 127/121, खतौनी संख्या 13 और सिकंदरपुर घोसी स्थित है।

### जीएमडीए द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई

जिसके बाद निगम ने अब बीती तीन अप्रैल को भाजपा नेता के पिता रामानंद को नोटिस भेजकर आगामी 21 अप्रैल को इस बारे में स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। जिसमें उनसे जमीन के मालिकान हक के पेपर, सीएलयू व प्रॉपर्टी से संबंधित अन्य दस्तावेज सहित निगम कार्यालय में हाजिर होने के लिए कहा गया है। दिनेश यादव ने कहा कि इस जमीन पर गैरकानूनी तरीके से पानी व सीवर का कनेक्शन जीएमडीए की लाइन से जोड़े जाने की शिकायत भी उन्होंने जीएमडीए के सीईओ को लिखित में दी थी। लेकिन उस शिकायत पर भी जीएमडीए द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं करी गई है। दिनेश यादव ने यह भी बताया कि इस जमीन पर बीना ईडीसी/आईडीसी फीस जमा करे निर्माण किया जा रहा है।

## पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने पदभार ग्रहण किया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने गुरुवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पद भार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अधिकारियों का परिचय लिया और उन्हें हिदायत दी कि वे दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ करें और जनहित में अपने कार्य को अंजाम दें। उन्होंने शासन की प्राथमिकता को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि कानून व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में उन्हें कोई गुरेज नहीं रहेगा।

## 20 मई को देशव्यापी हड़ताल, 23 से 26 तक होगी सीटू जनरल कौंसिल की बैठक: सुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

20 मई की देशव्यापी हड़ताल ऐतिहासिक रूप से सफल होगी। 23-26 मई को फरीदाबाद में होने वाली सीटू जनरल कौंसिल की बैठक सफल बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उक्त बात सीटू प्रदेश अध्यक्ष सुरेखा, महासचिव जय भगवान, नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने कही। वे गुरुवार को बीके चौक स्थित नगर निगम कर्मचारी यूनियन कार्यालय में नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के विभिन्न विभागीय यूनियनों के नेताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में संगठन नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार मजदूर-कर्मचारी विरोधी लेबर कोड्स को लागू करने जा रही है।

### एक करोड़ से ज्यादा पद खाली

ये लेबर कोड्स मजदूरों को गुलाम बनाने का दस्तावेज हैं। यह सब देशी विदेशी पूंजीपतियों के हित में किया जा रहा है। सरकार सार्वजनिक और सरकारी क्षेत्र को तबाह करने पर आमादा है। इसलिए राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन योजना का मकसद यही है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के विभागों में 1 करोड़ से ज्यादा पद खाली पड़े हैं लेकिन स्थाई भर्ती नहीं की जा रही। आंगनवाड़ी, आशा, मिड डे मील, सरकारी विभागों में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को स्थाई नहीं किया जा रहा।

## फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

### अचानक सूखी झाड़ियों में सुलगी चिंगारी

# फरीदाबाद: सिविल अस्पताल के पीछे लगी आग स्वास्थ्य विभाग की पांच गाड़ियां जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद के सिविल अस्पताल के पीछे स्थित खुले मैदान में गुरुवार दोपहर अचानक सूखी झाड़ियों में आग लग गई, जिससे स्वास्थ्य विभाग की पांच कंडम गाड़ियां भी आग की चपेट में आकर जल गईं। आग की सूचना मिलते ही फायर विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार सिविल अस्पताल की मुख्य बिल्डिंग के पीछे एक बड़ा खुला मैदान है, जहां पर लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग की पुरानी, खराब और कंडम घोषित गाड़ियां खड़ी की जाती हैं। इसी मैदान में झाड़ियां भी उगी हुई थीं, जो हाल ही की गर्मी और सूखे मौसम की वजह से पूरी तरह सूख चुकी थीं।




गुरुवार दोपहर अचानक इन्हीं सूखी झाड़ियों में आग भड़क उठी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि वहां खड़ी पुरानी गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय कर्मचारियों द्वारा तुरंत आग की सूचना अस्पताल प्रशासन और दमकल विभाग को दी गई। मौके पर फायर विभाग की दो गाड़ियां पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि वहां खड़ी पांच पुरानी कंडम गाड़ियों के हिस्से जल चुके थे। सिविल अस्पताल के एसएमओ डॉ. विकास गोयल ने बताया कि आग लगने के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर दो संभावनाएं सामने आ रही हैं। एक तो यह कि भीषण गर्मी के कारण सूखी झाड़ियों में खुद से आग लगी हो सकती है, दूसरी आशंका यह भी है कि किसी राहगीर ने लापरवाही वश जलती हुई बीड़ी या सिगरेट वहां फेंक दी हो, जिससे झाड़ियां जल उठीं। उन्होंने बताया कि जहां आग लगी, वह इलाका पूरी तरह खुला है और वहां कोई निगरानी नहीं होती। इस मैदान में स्वास्थ्य विभाग की वह गाड़ियां खड़ी हैं जो या तो तकनीकी रूप से खराब हैं।

CNH CAPITAL **शुद्धिपत्र**

सीएनएच इंडस्ट्रियल कैपिटल (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (सीआईएनः U65999DL2017PTC325228)
पंजीकृत कार्यालयः चौथी मंजिल रेक्टेंगल नंबर 1 मैरियट होटल के पीछे, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स डी4, साकेत, नई दिल्ली दक्षिण दिल्ली DL 110017 IN

दिनांक: 17-04-2025

**विषयः अप्रमाणित वित्तीय परिणामों में संशोधन तीन माह और नौ माह, समाप्त 31 दिसम्बर 2024**

हमारे द्वारा दिनांक 14 फरवरी 2025, को हरिभूमि में प्रकाशित किए गए अप्रमाणित वित्तीय परिणामों में कुछ त्रुटियाँ पाई गई हैं।

निम्नलिखित सुधार प्रस्तुत किए जा रहे हैं:

| विवरण | पूर्व प्रकाशित आंकड़े | संशोधित आंकड़े |
|---|---|---|
| शुद्ध लाभ / हानि | ₹1483.63 Mn | ₹1469.77 Mn |
| शुद्ध सम्पत्ति | ₹5455.63 Mn | ₹5441.77 Mn |

उपरोक्त संशोधन के अतिरिक्त, शेष सभी आंकड़े और जानकारी यथावत हैं। हम त्रुटि के लिए खेद प्रकट करते हैं और हमारे निवेशकों, भागीदारों एवं सभी संबंधित पक्षों से सहयोग की अपेक्षा करते हैं।

सीएनएच इंडस्ट्रियल कैपिटल (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
एसडी/–
विशाल चोधरी
प्रबंधक निदेशक
DIN:- 09463209

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फूल मोहम्मद उर्फ पुल्लाड पुत्र मो. इसराइल निवासी मकान संख्या 267, गली नंबर 4, ए–ब्लॉक, पार्ट–2, सोनिया विहार, दिल्ली** ने case **FIR No. 410/2023 U/s 354/506 IPC & 12 POCSO Act, थाना सोनिया विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **फूल मोहम्मद उर्फ पुल्लाड** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **फूल मोहम्मद उर्फ पुल्लाड** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 410/2023 U/s 354/506 IPC & 12 POCSO Act, थाना सोनिया विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **इमरान फूल मोहम्मद उर्फ पुल्लाड** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 20.05.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अजय गुलाटी–।।**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधिश (पोक्सो)**
**कमरा नं. 15**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4619/NE/2025(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुकेश ठाकुर एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस द्वितीय तल, अग्रवाल सेंटर प्लाजा, प्लॉट नंबर 11, सेक्टर–5, द्वारका, नई दिल्ली–110075** ने case **CC No. 42306/2016 U/s 138 NI Act, थाना तुगलक रोड, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **मुकेश ठाकुर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मुकेश ठाकुर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **CC No. 42306/2016 U/s 138 NI Act, थाना तुगलक रोड, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मुकेश ठाकुर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 26.05.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ईशा सिंह**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**कमरा नं. 18, प्रथम तल, मैन बिल्डिंग**
**पटियाला हाउस कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4587/NDD/2025(Court Matter)**

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियन्ता/सर्वे व निर्माण/उत्तर रेलवे, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली द्वारा कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | पलवल (आईआर) – न्यू पृथला (डब्ल्यू डी एफ सी) के बीच नई रेल कनेक्टिविटी का शेष कार्य। |
| 2 | कार्य निष्पादन की अवधि | 06 माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 5,18,35,552.80 |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 4,09,200.00 |
| 5 | ई–निविदा जमा करने व खुलने का समय, तारीख व स्थान 29.07.25 | निविदाएं दिनांक 24.04.2025 तक आरईपीएस वेब साईट और www.ireps.gov.in पर 15.30 बजे तक अपलोड की जा सकती है। निविदकार्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, जो 24.04.2025 को 15.30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज | विस्तृत ई निविदा सूचना उत्तर रेलवे वेब साईट www.nr.indianrailways.gov.in निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in उपरोक्त निविदाओं के दस्तावेज आरईपीएस पर उपलब्ध है और पर उपलब्ध है। वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए 15.04.2025 से 24.04.2025 तक उपलब्ध होगें। उपरोक्त निविदकों के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्ते निविदा दत्त्वापेज में दी गयी है। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

निविदा संख्या: 288-W-BAL-WORK-PWL-PNUN Date/Time: 15.04.2025 1143/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### दलित दूल्हे को घोड़ी से गिराया,पैदल भागे बाराती

आगरा। डीजे की तेज आवाज के चलते बखेड़ा हो गया। तेज आवाज को लेकर हमलावरों ने बारातियों



पर हमला कर दिया। यहां तक कि दूल्हे को भी घोड़ी से नीचे गिरा दिया। घटना तब हुई जब बारात घर से निकलने के लिए तैयार थी। हमलावारों ने बारातियों को पीटा। मजबूरन बारातियों को गेस्ट हाउस तक पैदल ही जाना पड़ा। इस घटना में चार लोग घायल हुए हैं। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है।

### 54 लाख विद्यार्थियों को अपने नतीजों का इंतजार

लखनऊ। यूपी बोर्ड 10वीं-12वीं के परिणाम अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक घोषित कर सकता है। करीब



54 लाख छात्रों को अपने नतीजों का इंतजार है। इस बार सफल परीक्षार्थियों को जो मार्कशीट दी जाएगी, वह खास तकनीक से तैयार की गई है। इस पर न पानी का असर होगा और न ही धूप-छांव का। इसके कारण यह लंबे समय तक सुरक्षित रहेगी और छात्रों को इसके रखरखाव की खास चिंता नहीं करनी पड़ेगी।

### जबरन टोल का बैरियर हटाकर निकाली गाड़ियां

कानपुर। गभाना टोल प्लाजा पर आरोप है कि भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने महिला कर्मियों से



खींचतान व छेड़छाड़ की गई। गाड़ियां निकालकर ले गए। घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। देर शाम मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। टोल प्लाजा के मैनेजर ने बताया कि तीन-चार कार्यकर्ता टोल पर आए थे। कहा कि कुछ देर में उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष आ रहे हैं।

# बिहार विधानसभा चुनाव : तेजस्वी ही होंगे बिहार में महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री चेहरा, बनाये गये समन्वय समिति के अध्यक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव गुरुवार को पटना में राष्ट्रीय जनता दलके प्रदेश कार्यालय में महागठबंधन (इंडिया गठबंधन) की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में गठबंधन के सभी घटक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया, और सर्वसम्मति से राजद नेता तेजस्वी यादव को नवगठित समन्वय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह समिति बिहार चुनाव के लिए गठबंधन की रणनीति, सीट-बंटवारे, और अन्य सभी महत्वपूर्ण फैसलों को लागू करने की जिम्मेदारी संभालेगी। अप्रत्यक्ष रूप से तेजस्वी यादव को महागठबंधन ने अपना नेता स्वीकार कर लिया। बैठक के लिए जिस तरह का कुर्सियों का इस्तेमाल हुआ उससे भी ये भान हुआ कि तेजस्वी ही



महागठबंधन के लिए मुख्यमंत्री चेहरा होंगे। तेजस्वी के साथ वीआईपी पार्टी के मुखिया मुकेश सहनी और कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम दायें और बायें बैठे थे दोनों की कुर्सी अपेक्षाकृत छोटी थी।

दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी के साथ तेजस्वी यादव की मुलाकात के बाद उनकी सरपरस्ती में पटना में महागठबंधन के नेताओं की बैठक में मूल रूप से सीटों के बंटवारे पर ही चर्चा होनी थी। सूत्रों ने बताया कि सीटों के बंटवारे का फार्मूला तय है। सभी दलों को उनके स्ट्राइक रेट के हिसाब से सीटें दी जाएंगी। बिहार की 247 सीटों की विधानसभा में महागठबंधन की ओर से सबसे ज्यादा सीटों पर राजद का चुनाव लडा जाना तय है। पिछली बार कुल 70 सीटों पर लड कर केवल 17 सीटें जीतने वाली कांग्रेस पार्टी बहुत कुछ मांगने की स्थिति में नहीं है लेकिन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि जितनी सीटों पर पिछली बार लडे थे उतनी सीटों पर साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी जरूर उतरेंगे।

### सीट-बंटवारा, प्रचार अभियान की संभालेंगे कमान

*वीआईपी, वामदल और अगर पशुपति पारस की पार्टी लोजपा महागठबंधन में शामिल होती है तो सीटों में जाहिर है उनकी भी हिस्सेदारी होगी। महागठबंधन ने एक समन्वय समिति के गठन का फैसला किया, जो गठबंधन के सभी दलों के बीच समन्वय स्थापित करेगी और चुनावी रणनीति को लागू करेगी। यह समिति सभी घटक दलों के प्रतिनिधियों को शामिल करेगी। बैठक में सर्वसम्मति से तेजस्वी यादव को समन्वय समिति का अध्यक्ष चुना गया। तेजस्वी इस समिति के माध्यम से गठबंधन की चुनावी तैयारियों का नेतृत्व करेंगे, जिसमें सीट-बंटवारा, प्रचार अभियान, और साझा घोषणापत्र तैयार करना शामिल है। समन्वय समिति का काम गठबंधन के दलों के बीच एकजुटता बनाए रखना, रणनीतिक फैसले लेना, और जनता के बीच एक मजबूत संदेश पहुँचाना होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के साथ उनके दो दिवसीय बिहार प्रवास में एक दौर की और चर्चा तेजस्वी और अन्य घटक दलों के साथ होनी है। शनिवार और रविवार को खडगे की दो रैली बिहार में प्रस्तावित है।*

योगी सरकार का बड़ा कदम

# नैमिषारण्य को मिलेगा वैदिक शहर का स्वरूप, धार्मिक पर्यटन को देंगे बढ़ावा

योगी सरकार का लक्ष्य है कि यह धार्मिक स्थल न केवल श्रद्धालुओं के लिए और अधिक सुविधाजनक बने, बल्कि अपनी प्राचीनता को भी संरक्षित रखे

**खास बातें**

- जहां श्रीराम ने किया अश्वमेध यज्ञ, दधीचि ने शरीर दान
- नैमिषारण्य का सनातन धर्म में बड़ा ही पौराणिक महत्व

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार अब नैमिषारण्य (जनपद सीतापुर) को अयोध्या की तर्ज पर विकसित कर एक भव्य वैदिक नगरी में बदलने तैयारी में है। सरकार का लक्ष्य है कि यह धार्मिक स्थल न केवल श्रद्धालुओं के लिए और अधिक सुविधाजनक बने, बल्कि अपनी प्राचीनता को भी संरक्षित रखे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2023 में गांधी जयंती से एक दिन पहले नैमिषारण्य पहुंचकर संतों से मुलाकात की थी और उन्हें आश्वासन दिया था कि विकास कार्यों के लिए संसाधन की कोई कमी नहीं होगी।

### पुराने घाटों का सौंदर्यीकरण तथा पुनर्निर्माण

इसके लिए राज्य सरकार ने नैमिषारण्य तीर्थ परिषद का गठन किया है, जो योजनाबद्ध तरीके से क्षेत्र के धार्मिक, सांस्कृतिक और बुनियादी ढांचे का विकास करेगी। राजघाट और दशाश्वमेध घाट के बीच एक नया घाट बनाया जाएगा और पुराने घाटों का सौंदर्यीकरण तथा पुनर्निर्माण किया जा रहा है। कुछ घाटों का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि अन्य पर कार्य जारी है। साथ ही, क्षेत्र की सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है और लालिता देवी, भूतश्वरनाथ तथा अन्य प्राचीन मंदिरों को भी विकास योजना में शामिल किया गया है।



### संतों की भावनाओं का किया जाएगा सम्मान

सरकार यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं जैसे स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के इंतजाम भी करेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि संतों की भावनाओं का सम्मान किया जाएगा और आधुनिक विकास कार्यों के साथ-साथ क्षेत्र की ऐतिहासिकता को भी सुरक्षित रखा जाएगा।

### हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत जल्द

नैमिषारण्य को अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों से जोड़ने के लिए एक हेलीकॉप्टर सेवा भी जल्द शुरू की जाएगी, जिससे यह स्थल लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी से सीधे जुड़ जाएगा। इसके लिए ठाकुरनगर रुद्रवर्त धाम मार्ग पर 9 करोड़ रुपये की लागत से एक हेलीपोर्ट बनाया गया है, जहां एक साथ तीन हेलिकॉप्टर उतर सकते हैं। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी। इसके अलावा, रेल और सड़क संपर्क को भी और बेहतर बनाया जाएगा। गौरतलब है कि नैमिषारण्य गोमती नदी के किनारे बसा है और इसे 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि माना जाता है।

### योगी सरकार देने जा रही 2 लाख युवाओं को रोजगार

यूपी में 2 लाख से अधिक युवाओं को योगी सरकार रोजगार उपलब्ध करवाने की तैयारी कर रही है। यह नौकरी सरकारी विभाग द्वारा ट्रेनिंग देकर निजी कंपनियों में उपलब्ध करवाई जाएगी। अग्निशमन विभाग द्वारा ट्रेनिंग के बाद निजी संस्थानों में फायर सेफ्टी ऑफिसर और फायर सेफ्टी पर्सनल के पद पर तैनाती करवाई जाएगी। इसके लिए सीएम योगी के निर्देश पर विभाग ने कार्ययोजना तैयार कर ली है।

तेजस्वी यादव को जिम्मेदारी

## महागठबंधन की बैठक में कोऑर्डिनेशन कमेटी बनी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पटना में महागठबंधन की बैठक आयोजित की गई। करीब ढाई घंटे चली इस बैठक में सभी घटक दलों ने कई मुद्दों पर चर्चा की। इसमें कांग्रेस, लालू एवं तेजस्वी यादव की राष्ट्रीय जनता दल (राजद), सीपीआई, सीपीएम और सीपीआई माले के अलावा मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) शामिल हुई। सभी दलों ने आपसी सहमति से एक कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाने का फैसला लिया, जिसका अध्यक्ष तेजस्वी यादव को बनाया गया है।



### घटक दलों की एकजुटता मजबूत करने को लेकर बनी सहमति

बैठक आरजेडी दफ्तर में हुई और शाम करीब 5 बजे तक चली। सबसे पहले वीआईपी, वाम दलों और कांग्रेस ने अपनी बातें रखीं। फिर आखिर में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने अपने प्रस्ताव रखे। बैठक में न्यूनतम साझा कार्यक्रम बनाने, घटक दलों की एकजुटता मजबूत करने को लेकर सहमति बनाई गई।

संविधान से ऊपर शरिया

## भाजपा का मंत्री हफीजूल हसन के खिलाफ रांची में हल्ला बोल

रांची। भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने रांची में विरोध मार्च निकाला। संविधान पर कथित टिप्पणी को लेकर अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री हफीजुल हसन के इस्तीफे की मांग की। झारखंड यूनिट के प्रमुख बाबूलाल मरांडी की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता राज्य में शरिया कानून नहीं चलेगा, बाबा साहब का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान, भारत में रहना है तो संविधान मानना होगा। संविधान विरोधी इंडी गठबंधन गद्दी छोड़ो, हेमंत सोरेन गद्दी छोड़ो, मंत्री हफीजूल हसन को बर्खास्त करो नारे लगा रहे थे।

## पेज एक का शेष

### बोले रणधीर जायसवाल...

ने पाकिस्तान के 26/11 मुंबई आतंकी हमले से जुड़े आतंकवादी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण के दौरान उससे पल्ला झाड़ने से जुड़े सवाल के जवाब में कहा कि पाकिस्तान ने भरसक कोशिश की है। लेकिन वैश्विक आतंकवाद के केंद्र वाले देश के रूप में उसकी छवि में कोई बदलाव नहीं आया है। वह जस की तस बनी हुई है। राणा का प्रत्यर्पण पाकिस्तान के लिए एक चेतावनी है कि उसे मुंबई आतंकी हमले के बाकी दोषी आतंकियों को भी न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता है, जिन्हें वह लगातार शरण के साथ संरक्षण दिए हुए है। मालूम हो कि 64 वर्षीय आतंकी तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का एक कनाडाई नागरिक है। जिसे बीते 10 अप्रैल को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया है।

### पाकिस्तानी जनरल...

कश्मीर इस्लामाबाद के गले की नस था और रहेगा। हम इस मुद्दे को हमेशा याद रखेंगे और कश्मीर के लोगों को समर्थन करते रहेंगे। उन्होंने वर्ष 1947 में बंटवारे से जुड़े पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा दिए गए द्वि-राष्ट्र के सिद्धांत (टू नेशन थ्योरी) का समर्थन किया व कहा कि पाकिस्तान का निर्माण इसी के तहत हुआ था और यही विचार आगे भी कायम रहेगा। हम एक राष्ट्र हैं और हमारे पूर्वजों ने इसे बनाने के लिए बहुत त्याग और संघर्ष किया है। इसकी रक्षा कैसे करनी है, हमें जानते हैं? उन्होंने प्रवासियों से कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि आप कहां रह रहे हैं? आपको सिर्फ ये याद रखना है कि आपकी जड़ें एक ऊंची सभ्यता, महान विचारधारा और गर्व करने वाली पहचान से जुड़ी हुई हैं। जनरल मुनीर ने कश्मीर के साथ-साथ बलूचिस्तान को लेकर तर्क दिया कि अलगाववादी ताकतें चाहे जितनी कोशिश कर लें, पाकिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता को प्रभावित नहीं कर पाएंगी। भारत की 13 लाख की सेना पाकिस्तान को डरा नहीं सकी तो कुछ आतंकवादी उसकी नियति को नहीं बदल सकते हैं।

### भारत-चीन के बीच जल्द ...

में डेमचौक और देपसांग में दोनों सेनाओं की पूरी तरह से वापसी के साथ एलएसी विवाद के पूरी तरह से खत्म होने के बाद अब दोनों देश उच्च स्तरीय वार्ताओं के जरिए संबंधों की पुनर्बहाली को लेकर प्रयासरत हैं। भारत, चीन के बीच एलएसी विवाद समाप्ति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान शहर में हुई द्विपक्षीय बैठक मील का पत्थर साबित हुई। इसके जरिए दोनों शीर्ष नेताओं द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के बाद ही यह समस्या हल हुई। दिसंबर 2024 में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने चीन की यात्रा कर वहां की कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ सदस्य वांग यी से मुलाकात की थी।

**उड़ान सेवाओं पर तकनीकी टीमों का मंथन जारी:** जायसवाल ने कहा, भारत और चीन के बीच उड़ान सेवाओं की फिर से शुरुआत को लेकर सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई है। दोनों तरफ की तकनीकी टीमें इनकी बहाली की व्यवस्था बनाने में लगी हुई हैं। इसके अलावा दोनों देशों के नागरिक उड्डयन प्राधिकरणों की मुलाकात भी हुई है, जिसमें उन्होंने जरूरी मुद्दों पर चर्चा की है। पिछले मार्च महीने में भारत और चीन ने अपने संबंधों को दुरुस्त करने के उपायों को तलाशने और आम जनता के बीच संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमति प्रदान की थी। नई दिल्ली से बीजिंग के बीच सीधी उड़ान सेवाओं की शुरुआत के साथ-साथ कैलाश मानसरोवर यात्रा का मामला भी इसमें शामिल रहा है। इसी साल जनवरी महीने में विदेश सचिव विक्रम मिस्री की बीजिंग में अपने समकक्ष सुन वीडोंग के साथ हुई बैठक में भी दोनों पक्षों ने संवाद तंत्र को कदम-दर-कदम आगे बढ़ाते हुए अपने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित पर जोर दिया था। साथ ही कैलाश मानसरोवर यात्रा की फिर से शुरुआत करने पर सहमति जताई। साथ ही कहा गया था कि हम अपनी चिंताओं के साथ ही आपसी संबंधों को और अधिक स्थिर और संभावित मार्ग पर लेकर आगे बढ़ेंगे।

**वेंस की भारत यात्रा में उठेंगे जरूरी मुद्दे:** अमेरिकी टैरिफ से जुड़े एक अन्य प्रश्न के जवाब में जायसवाल ने कहा, 21 अप्रैल से शुरू हो रही अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस की चार दिवसीय भारत यात्रा को लेकर हम सकारात्मक हैं कि उससे दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी बैठक होगी। जिसमें मुख्य रूप से मौजूदा प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप देने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। साथ ही बातचीत में संबंधों से जुड़े हुए सभी जरूरी मुद्दे शामिल किए जाएंगे। राष्ट्रपति वेंस अपने परिवार और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ सदस्यों के साथ भारत आएंगे। जिसमें उनकी पत्नी उषा वेंस और तीन बच्चे शामिल हैं। यहां बता दें कि इसी वर्ष की शुरुआत में अमेरिका के उप राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के बाद जेडी वेंस का यह पहली भारत यात्रा होगी। उन्होंने कहा, अमेरिकी उप राष्ट्रपति की भारत की यह आधिकारिक यात्रा होगी। जिसमें वह पीएम से मिलेंगे। अमेरिका के साथ हमारी व्यापक वैश्विक सामरिक भागीदारी है। जब आपकी किसी देश के साथ इस स्तर की भागीदारी होती है। तब निश्चित रूप से बातचीत में सभी जरूरी विषय शामिल होंगे और हम उन पर चर्चा करेंगे।

### वक्फ विधेयक पर सुप्रीम...

करता है। उन्होंने विशेष रूप से 'वक्फ-बाय-यूजर' को खत्म करने के प्रावधान की आलोचना की, जिसके तहत लगभग 8 लाख वक्फ संपत्तियों में से 4 लाख प्रभावित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रावधान एक झटके में इन संपत्तियों को अवैध कर देता है। सिंघवी ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस इस कानून को संवैधानिक सिद्धांतों और अल्पसंख्यक अधिकारों की रक्षा के लिए चुनौती दे रही है। उन्होंने इसे संस्थागत नियंत्रण का प्रयास बताया, जो मुस्लिम समुदाय के मौलिक अधिकारों पर हमला है। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में कानून के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शनों पर चिंता जताई थी, जिसमें तीन लोगों की मौत हुई थी। सिंघवी ने इस हिंसा पर टिप्पणी नहीं की, लेकिन कानून को सामाजिक तनाव का कारण बताया। सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले में सॉलिसिटर जनरल की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग को स्वीकारते हुए 5 मई को अगली तारीख मुकर्रर की।

### वे मैडम कुछ नहीं...

हो रहा है, इन घटनाओं को देखकर मन बहुत दुखी हो रहा है। एक वह मैडम हैं, मुख्यमंत्री हैं बंगाल की, जो यह सब देख रही हैं। उसकी बुद्धि सही करने के लिए एक शिव महापुराण की कथा बंगाल में भी करनी पड़ेगी, तभी उसकी बुद्धि सही होगी।

**उन्हें राजस्थान की धूल का तिलक लगाना चाहिए:** पंडित मिश्रा ने कहा कि राजस्थान के लोगों से बंगाल के लोगों को सीख लेनी चाहिए। रतनगढ़ की धरती पर छोटे से छोटा बच्चा सेवा भाव लेकर काम कर रहा है और एक वह बंगाल की मैडम हैं, जो सब कुछ जानते हुए भी कुछ नहीं कर रही हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री को राजस्थान की धूल का तिलक लगाना चाहिए, तभी उन्हें सेवा भाव का अहसास होगा। चूरू जिले में कथा का आयोजन 11 से 17 अप्रैल तक सरदारशहर बाइपास स्थित शिव बाड़ी रोड पर किया गया।

### आईबीसीए का मुख्यालय...

साल में एक संधि आधारित अंतर सरकारी संगठन बनकर उभरा है। मंत्रालय ने बताया कि समझौते पर विदेश मंत्रालय की तरफ से सचिव (पूर्व) पी.कुमारन और आईबीसीए के महानिदेशक एस.पी.यादव ने हस्ताक्षर किए। समझौता भारत को आईबीसीए के मुख्यालय और सचिवालय की मेजबानी करने, इसमें घोषित किए गए उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए जरूरी प्रावधानों को तैयार करने और आधिकारिक कार्यप्रणाली के प्रबंधन को पूरा करने अधिकार प्रदान करता है। वीजा, विशेषाधिकार और राहत के मामले आईबीसीए सचिवालय तक आएंगे और कर्मी, परिसर, फोर्स के साथ एंट्री, सह समझौते और सामान्य प्रावधान भी समझौते का हिस्सा हैं।

**सरकार ने किया 150 करोड़ का बजटीय प्रावधान:** सरकार ने आईबीसीए की स्थापना के लिए 150 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है। आईबीसीए के जरिए बड़ी बिग केट्स जैसे बाघ, शेर, तेंदुआ, चीता, जगुआर और स्नो लेपर्ड का संरक्षण किया जाएगा। भारत का यह कदम इस मामले में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के अलावा वैश्विक वन्यजीव संरक्षण में उसके नेतृत्व और प्रतिबद्धता का प्रमाण प्रस्तुत करता है।

### चौहान ने ब्राजील में...

काम कर सकते हैं। अभी ब्राजील से भारत सोया तेल आयात करता है लेकिन इस पर भी हमने चर्चा की है कि इन्वेस्ट भी करे और सोया प्रोसेसिंग के प्लांट भी लगाए जा सकते हैं और सोया का तेल हो तो उसका निर्यात भारत से भी हो सकता है। न केवल सोया के क्षेत्र में बल्कि मैकेनाइजेशन के क्षेत्र में भी यहाँ तो लगभग 100 प्रतिशत मैकेनाइजेशन हुआ है। उन्होंने बताया कि मैंने प्रेजेंटेशन देखा है अगर कपास को चुनना भी है तो सीधे हार्वेस्टर से निकालते हैं। जो रिसर्च और शोध यहाँ चल रहे हैं, वो भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के साथ मिलकर करें कि हम और अच्छे बीज कैसे हम बना सकें। उन्होंने बताया कि अनेकों विषयों पर चर्चा हुई है। भारत के साथ व्यापार बढ़ाने की भी, और मिलकर तय किया है कि इन सारी संभावनाओं का दोहन करेंगे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ब्राजील के कृषि मंत्री के साथ टमाटर के फार्म हाउस पर भी पहुंचे, जहां हजारों हेक्टेयर क्षेत्र में टमाटर की खेती होती है। उन्होंने बताया कि मैंने यहां कॉर्न की खेती देखी, आफ्टर टमाटर की खेती और यह भी वैराइटीज अलग-अलग हैं। एक वैरायटी में वायरस अटैक है, दूसरी वैरायटी सेफ है। मैकेनाइजेशन ब्राजील ने पूरी तरह से किया हुआ है और कॉर्न के बारे में मुझे बताया कि 22 टन पर हेक्टर यहां ईल्ड/ उत्पादन है, जो वास्तव में बहुत अचरज में डालने वाली है और सारा सिस्टम मैकेनाइज है। इरिगेशन का सिस्टम भी जिस ढंग से पानी देते हैं, वह भी मैं देखा, वह भी अद्भुत है।

### बाबरी मस्जिद...

था। वीडियो वायरल होने पर दिग्विजय सिंह ने अपने इस बयान पर कहा कि मेरे बयान को तोड़-मरोड़ के पेश किया गया। मेरे बयान से भाजपा के नेताओं ने न हटा दिया। पूरा देश जानता है, दिग्विजय सिंह दंगे के खिलाफ है। मैंने ये कहा था कि 15 दिन पीसीसी दफ्तर में सोया था। हिंदू, मुसलमानों के साथ मिलकर दंगा फसाद न हो इसका प्रयास किया था। सिर्फ मेरे बयान से न ही तो हटाना था। वहीं, बाबरी मस्जिद को शहीद बताने वाले बयान पर कांग्रेस नेता ने कहा कि हां मैंने शहीद कहा है, किसी पूजास्थल को जबरदस्ती गिराओगे तो क्या कहेंगे।

### कर्नाटक जातिगत जनगणना ...


की स्थिति का आकलन किया गया। रिपोर्ट में कई सिफारिशें शामिल हैं, जिनमें अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए वर्तमान 32 फीसदी आरक्षण को बढ़ाकर 51 फीसदी करने का सुझाव प्रमुख है। सर्वेक्षण के अनुसार, 2015 में कर्नाटक की कुल 5.98 करोड़ आबादी में से लगभग 70 फीसदी(4.16 करोड़) लोग विभिन्न ओबीसी श्रेणियों से हैं। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने स्पष्ट किया कि इस जटिल और बड़े मुद्दे पर कोई जल्दबाजी में निर्णय नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट की सिफारिशों की गहन जांच की जरूरत है, और अगले सप्ताह, संभवतः 24 अप्रैल को आगे की चर्चा के लिए एक और कैबिनेट बैठक होगी। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक के दो प्रमुख समुदाय—वोकालिगा और लिंगायत—ने सर्वेक्षण को अवैज्ञानिक बताकर इसका विरोध किया है। इन समुदायों का दावा है कि उनके उप-जातियों को ओबीसी की विभिन्न श्रेणियों में बांटा गया, जिससे उनकी जनसंख्या कम दिखाई गई। वे यह भी आरोप लगाते हैं कि कई परिवार सर्वेक्षण से छूट गए या उनकी गिनती गलत हुई। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार (वोकालिगा) और कुछ लिंगायत मंत्री, जैसे शमनूर शिवशंकरप्पा, ने पहले इस रिपोर्ट को खारिज करने की मांग की थी। अखिल भारतीय वीरशैव महासभा (लिंगायत) और वोकालिगा संघ ने नए सर्वेक्षण की मांग की है।

चार साल से सात साथियों के साथ था जेल में बंद

## पाकिस्तान की जेल में यूपी के एक शख्स की संदिग्ध हालत में मौत

एजेंसी ▶▶ जौनपुर

यहां मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक मछुआरे की पाकिस्तानी जेल में संदिग्ध हाल में मौत हो गई। वह पिछले चार साल से सात साथियों के साथ वहां बंद था। बताया जा रहा है कि घुरहू ने आत्महत्या की है। परिवार को मंगलवार को सूचना दी गई परिजनों के अनुसार, घुरहू बिंद 2020 में गुजरात के ओखा बंदरगाह से समुद्र में मछली पकड़ने गया था।



### अरब सागर में सीमा लांघ गए थे सात मछुआरे

जानकारी के अभाव में मछुआरे गुजरात के अरब सागर में मछली पकड़ने के दौरान गलती से पाकिस्तान की सीमा में घुस गए थे। तभी से वहां की जेल में थे। इनके परिवार की माली हालत खराब है। मछलीशहर के सात मछुआरे गुजरात में रोजी रोटी के सिलसिले में समुद्र में मछली पकड़ने के काम में लगे थे। 8 फरवरी 2022 को मछली पकड़ने के दौरान ही जल सीमा की जानकारी के अभाव में उनकी नाव गलती से पाकिस्तान की सीमा में घुस गई।

### सभी देश की समुद्री सीमा पार कर गए थे

घूरहू बंद साथ मछलीशहर क्षेत्र के ही छह और लोग थे। गलती से सभी देश की समुद्री सीमा पार कर गए। पाकिस्तानी सीमा में पहुंचने पर पाक तटरक्षकों ने उन्हें पकड़ लिया। इसके बाद कराची के जेल में बंद कर दिया गया। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले जेल में घुरहू की मौत हो गई। भारतीय दूतावास के जरिए घटना की जानकारी मिलते ही मत्स्य विभाग की निरीक्षक संभाशी त्रिपाठी घुरहू के घर पहुंचीं और परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि मत्स्य निदेशालय लखनऊ से दूरभाष पर सूचना मिली थी, जिसके बाद वह जांच के लिए मौके पर आईं। ग्राम प्रधान मृत्युंजय बिंद के साथ उन्होंने मृतक की पहचान के लिए आधार कार्ड और फोटो लेकर संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी। बताया जा रहा है कि 17 अप्रैल को घुरहू का शव बाघा बॉर्डर के रास्ते भारत लाया जाएगा और 18 अप्रैल को उसके पैतृक गांव पहुंचने की संभावना है।

## यूपी में प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले




लखनऊ। योगी सरकार ने आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इस बार तीन अफसरों का स्थानंतरण किया गया है। अनिता यादव को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपी राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, कानपुर बनाया गया है।

जबकि मृणाली अविनाश जोशी को मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर के पद पर किया गया स्थानातंरण निरस्त करते हुए संयुक्त मजिस्ट्रेट गोरखपुर के पद पर यथावत बनाया गया है। इसके अलावा संयुक्त मजिस्ट्रेट अयोध्या ध्रुव खाडिया को मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर भेजा गया है।

सामूहिक दुष्कर्म मामले में नया मोड़ आया

पुलिस कमिश्नर ने एसआईटी गठित की

## एफआईआर में 23 दरिंदों के नाम पीड़िता ने अदालत में बताए सिर्फ 9

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

वाराणसी में हुए कथित गैंगरेप मामले में एक बड़ा यू-टर्न आया है। पुलिस कमिश्नर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसआईटी जांच के आदेश दिए हैं।

आरोपियों के परिजनों द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो और इंस्टाग्राम चैट के आधार पर यह फैसला लिया गया है। जांच के दायरे में पीड़िता के इंस्टाग्राम पोस्ट, घटना के समय उसकी गतिविधियां और एफआईआर में नामजद आरोपियों की संख्या में अंतर जैसे कई संदिग्ध पहलू शामिल हैं। एसआईटी एक महीने में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।



### अवैध बार, कैफे और रेस्टोरेंट पर लगातार छापेमारी

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में कुछ ऐसे बिंदु हैं जिनकी जांच जरूरी है। गैंगरेप मामले में एसआईटी जांच के आदेश दिए गए हैं। डीसीपी क्राइम के नेतृत्व में एसआईटी टीम एक महीने के अंदर रिपोर्ट पेश करेगी। इस मामले का पीएम मोदी के संज्ञान लेने के बाद वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट सक्रिय हो गया है। वाराणसी के कई इलाकों में अवैध बार, कैफे और रेस्टोरेंट पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

### इंस्टाग्राम अकाउंट से किए कई फोटो पोस्ट

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल का कहना है कि 29 मार्च से 4 अप्रैल के बीच युवती ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कई फोटोग्राफ पोस्ट किए हैं। सीसीटीवी फुटेज से भी ये बात बिल्कुल साफ है कि इस अवधि में युवती कई ऐसी जगहों पर अकेले थी, जहां वो चाहती तो पुलिस से मदद ले सकती थी।

### ईद के दिन गई थी सेवई खाने

पुलिस कमिश्नर ने कहा कि जानकारी मिली है कि ईद के दिन युवती स्वेच्छा से सेवई खाने एक आरोपी के बगल में गई थी उसकी जांच भी कराई जा रही है। उनका कहना है कि आरोपियों के परिजन इस मामले में धन उगाही का आरोप भी लगा रहे हैं, हम इसकी जांच भी कर रहे हैं। साथ ही कुछ ऐसी विषय भी हैं, जो इस मामले को संदिग्ध बना रहे हैं। ऐसे में इस मामले का एसआईटी जांच आवश्यक हो जाता है।

बच्चो, क्या तुम जानते हो हम सब जिस पृथ्वी पर रहते हैं, वो कितनी विविधताओं से भरी हुई है? इसकी विविधताएं ही इसे सौर मंडल का सबसे अनूठा ग्रह बनाती है। लेकिन हम इंसानों की लापरवाही से इस पर कई तरह के संकट बढ़ रहे हैं, इसका स्वरूप बिगड़ रहा है। हमारी धरती हमेशा हरी-भरी रहे, इसके लिए हमें जागरूक होना होगा।

# हमेशा हरी-भरी रहे हमारी पृथ्वी



जागरूकता
देवेंद्र मेवाड़ी







बच्चो, पृथ्वी के बारे में हम तुम्हें कुछ रोचक बातें बताएं, इससे पहले आओ, जरा आसमान से अपनी प्यारी पृथ्वी पर नजर डालते हैं। देखें तो सही वहां से यह कैसी दिखती है? ओह, दूर अंधेरे में कितनी सुंदर लगती है हमारी प्यारी पृथ्वी! चमकीला नीला गोला, उस पर फैले घुंघराले श्वेत बादल, नीचे भूरे, हरे, हल्के पीले महाद्वीप, बर्फ से ढंके उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव। नील मणि-सी चमकती मां पृथ्वी का यह नीला रंग इसके विशाल नीले महासागरों के कारण दिखाई देता है।

## विविधताओं से भरी

हमारे प्राचीन ग्रंथों में पृथ्वी को मां कहा गया है। सूर्य से दूरी के हिसाब से यह सौर मंडल का तीसरा ग्रह है। यह एक मात्र ऐसा ग्रह है, जिस पर जीवन है। हमारी पृथ्वी अपने आप में बहुत-सी विविधताओं को समेटे हुए है। इसमें कहीं ऊंची पर्वतमालाएं हैं तो कहीं दूर-दूर तक फैले मैदान, कहीं गहरी घाटियां हैं तो कहीं विशाल रेगिस्तान। कहीं हरे-भरे जंगल, तो कहीं विशाल दलदल। कहीं सदानीरा नदियां बहती हैं तो कहीं ऊंचे पहाड़ों से छल-छल झरने गिरते हैं। कहीं भीषण गर्मी पड़ती है तो कहीं कड़ाके की सर्दी। कहीं घनघोर वर्षा होती है तो कहीं बारिश का नामो-निशान नहीं होता।

## इसलिए मौसम में होती है भिन्नता

हमारी पृथ्वी अपने अक्ष पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। साथ ही यह लगातार घूमती रहती है। जब यह अपनी धुरी पर घूमती है तो घूमते हुए लट्टू की तरह अंडाकार कक्षा में सूर्य की परिक्रमा भी करती है। इस सब का नतीजा यह होता है कि पृथ्वी के हर हिस्से पर साल भर सूर्य की रोशनी एक समान नहीं पड़ती। इसीलिए पृथ्वी की भूमध्य रेखा के आस-पास के हिस्सों में मौसम बेहद गर्म होता है। ज्यों-ज्यों हम उत्तर या दक्षिण की ओर बढ़ते हैं तो तपन कम होने लगती है और मौसम ठंडा लगने लगता है। और ध्रुवों पर तापमान न्यूनतम हो जाता है। ये हमारी पृथ्वी की जलवायु के विविध रंग हैं।

## बिगड़ रहा है ऋतु चक्र

आज से कुछ दशक पहले तक अपने सही समय पर ऋतुएं बदलती थीं। समय पर वसंत आता था। मई-जून में गर्मी पड़ती थी, फिर वर्षा ऋतु आती थी। उसके बाद हेमंत ऋतु और फिर शीत ऋतु की ठिठुरन शुरू हो जाती थी। ऋतुओं के हिसाब से किसान खेती करते थे, बोआई और कटाई के उत्सव मनाते थे। पशु-पक्षी भी ऋतुओं के हिसाब से अपनी लंबी प्रवास यात्राएं करते थे या ठंडे प्रदेशों में गुफाओं, कोटरों और बिलों में सो जाते थे। नन्ही तितलियां वसंत के इंतजार में प्यूपा बन कर किसी टहनी, चट्टान या दीवार से लटक जाती थीं कि वसंत आएगा और वे पंख फड़फड़ा कर मधु और पराग चूसने के लिए फूलों के पास पहुंच जाएंगी। नदियां कल-कल बहा करती थीं, हरे-भरे जंगल ठंडी बयार बहाकर हमारी सांसों के लिए भरपूर मात्रा में प्राणवायु ऑक्सीजन दिया करते थे। जलवायु के साथ हर जीवधारी का संबंध हुआ करता था। लेकिन अब यह संबंध भी गड़बड़ा गया है। वसंत समय पर नहीं आता तो फूल भी समय पर नहीं खिलते। बेमौसम और असमान रूप से बरसात होती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी की जलवायु में परिवर्तन होने से मौसम में ये परिवर्तन हो रहे हैं। हम इंसानों की लापरवाही से ही पृथ्वी का प्राकृतिक स्वरूप और इसकी जलवायु बिगड़ रही है।

## हम निभाएं अपनी जिम्मेदारी



पृथ्वी को इन तमाम संकटों से बचाने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। बच्चो, इसमें सबसे बड़ी भूमिका तुम्हारी होगी। तुम ही देश, दुनिया के भविष्य हो। तुम्हें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, इस प्यारी पृथ्वी पर हरियाली बढ़ानी होगी। जल, थल और वायुमंडल को साफ रखना होगा। तभी यह प्यारी-निराली पृथ्वी रहने लायक रहेगी। *

## चिंताजनक है ग्लोबल वार्मिंग



प्रकृति में आए परिवर्तन की वजह यह है कि विकास की एक ऐसी अंधी दौड़ शुरू हो गई है कि हर कहीं पेड़ों के जंगल के बजाय कंक्रीट के जंगल (ढेरों मकान, भवन और ऊंची इमारतें) खड़े होने लगे हैं। हरे-भरे जंगल कटने लगे हैं और शहर फैलने लगे हैं। हम लोग यह भूल गए कि पेड़-पौधों और हरे-भरे जंगलों से ही हमें सांसें मिलती हैं। हम उनकी बनाई प्राणवायु ऑक्सीजन से ही सांस लेकर जीवित रहते हैं। इसीलिए प्रकृति ने हमारे लिए हवा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों की ठीक उतनी ही मात्रा रखी थी, जितनी हमारे सांस लेने के लिए जरूरी थी। लेकिन हरे-भरे जंगल कटने, शहरों के फैलने, सड़कों पर लाखों गाड़ियों के पेट्रोल से उत्पन्न होने वाले धुएं से हर साल लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में पहुंचने लगी। इससे वायुमंडल में प्रकृति द्वारा तय किया गया गैसों का अनुपात गड़बड़ा गया। परिणाम यह हुआ कि पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिक इसे वैश्विक तपन या ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। इस तपन के कारण ध्रुवों की बर्फ पिघल रही है और ग्लेशियर भी पिघल कर सिकुड़ते जा रहे हैं। तापमान इसी तरह बढ़ता गया तो सागरों में पानी का स्तर बढ़ने से सागरतटों पर बसे शहरों के डूबने का खतरा पैदा हो जाएगा। पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग का संकट बढ़ता जा रहा है। इसे रोकना होगा।

यह भी जानो / शिखर चंद जैन

# बहुत अनूठी हैं पृथ्वी की विशेषताएं



बच्चो, पृथ्वी (अर्थ) हमारे सौर मंडल का एकमात्र ग्रह है, जिस पर जीवन है। मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जंतु सभी इस पृथ्वी पर रहते हैं। हमारी पृथ्वी के अलावा बाकी कुछ ग्रहों पर जीवन होने की संभावनाएं तो जताई गई हैं, लेकिन अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। इस लिहाज से पृथ्वी सौर मंडल के अन्य ग्रहों से अलग-अनूठी है।

**कितनी पुरानी है पृथ्वी:** विभिन्न वैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि पृथ्वी लगभग 4.5 अरब साल पुरानी है। नेशनल सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन के वैज्ञानिकों ने चट्टानों और उल्कापिंडों की कार्बन-डेटिंग (प्राचीन वस्तुओं की उम्र पता लगाने की वैज्ञानिक विधि) करके इस अनुमानित आयु का पता लगाया है। हजारों साल तक मनुष्य यह मानता रहा कि पृथ्वी, ब्रह्मांड का केंद्र है। बाद में पता चला कि सूर्य, हमारे सौर मंडल के केंद्र में है और पृथ्वी समेत अन्य ग्रह उसके चारों ओर चक्कर लगाते हैं।




**पांचवां सबसे बड़ा ग्रह:** पृथ्वी की भूमध्यरेखीय त्रिज्या (इक्वेटोरियल रेडियस) लगभग 6,378 किलोमीटर और व्यास (डायमीटर) लगभग 12,756 किलोमीटर है, जबकि इसकी ध्रुवीय त्रिज्या (पोलर रेडियस) लगभग 6,357 किमी और व्यास लगभग 12,714 किमी है। पृथ्वी हमारे सौर मंडल का पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।

**पृथ्वी की परतें:** परतों (लेयर्स) की बात करें, तो हमारी पृथ्वी को मुख्य रूप से तीन परतों में बांटा गया है- कोर, मेंटल और क्रस्ट। कोर पृथ्वी का सबसे आंतरिक भाग होता है। पृथ्वी के मध्य भाग को मेंटल कहते हैं, जबकि पृथ्वी के सबसे ऊपरी परत को क्रस्ट कहते हैं। क्रस्ट ही वह हिस्सा है, जिस पर मानव जीवन का अस्तित्व है।

**लगातार गतिशील है पृथ्वी:** बच्चो, हमारी पृथ्वी दो तरीके से गति करती है-घूर्णन (रोटेशन) और परिक्रमण (रिवॉल्यूशन)।

पृथ्वी अपने अक्ष (धुरी) पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी को अपना एक घूर्णन पूरा करने में लगभग 24 घंटे का समय लगता है। अपने अक्ष पर लगातार घूमते रहने के कारण ही पृथ्वी पर दिन और रात होते हैं। पृथ्वी अपनी धुरी पर लगभग 1667 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से घूमती है। घूर्णन के अलावा हमारी पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक दीर्घ वृत्ताकार (एलिप्टिकल) कक्षा में चक्कर भी लगाती है, जिसे परिक्रमण कहा जाता है। यह सूर्य के चारों ओर लगभग 1,07,226 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चक्कर लगाती है। सूर्य का एक चक्कर लगाने में पृथ्वी को 365.25 दिन का समय लगता है। परिक्रमण गति के कारण ही हमारी पृथ्वी पर ऋतु/मौसम परिवर्तन होता है।

**पानी का भंडार:** पृथ्वी पर जल का अथाह भंडार है। इसकी सतह का 71 प्रतिशत हिस्सा तो पानी से ही ढंका है। सिर्फ 29 प्रतिशत हिस्सा ही भूमि है। इस पानी में से केवल 3 प्रतिशत पानी ही मीठा/ताजा यानी अलवणीय और पीने योग्य है। बाकी 97 प्रतिशत पानी खारा है। पृथ्वी का लगभग 90 प्रतिशत ताजा पानी अंटार्कटिका की ध्रुवीय बर्फ के रूप में जमा हुआ है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्यारी-मनोरंजक कहानियां



बच्चो, बांग्ला भाषा की प्रसिद्ध लेखिका जया मित्र की बाल-कहानियों की किताब 'चार-पांच दोस्त' का हिंदी अनुवाद हाल में ही प्रकाशित होकर आया है। इसका अनुवाद किया है कल्लोल चक्रवर्ती ने। इसमें कुल चौदह कहानियां और एक नाटक संकलित है। इन कहानियों में बाग-बगीचे, फूलों वाले पेड़, नदी, पहाड़, जंगल, बारिश, चिड़िया, तितली आदि मौजूद हैं। इनके साथ नन्हे बच्चों की खिलंदड़ी हरकतें मन को लुभाती हैं। हम सभी के जीवन में प्रकृति की कितनी महत्ता है, इसे बड़े सरल ढंग से ये कहानियां बताती हैं। 'चार-पांच दोस्त', दो चिड़िया चड़ुआ-बड़ुआ, दो नन्ही बच्चियों रियां-पियाल और एक छोटे लड़के गौतम की प्यारी-सी कहानी है। 'उस बार पहाड़ में' और 'तितलियों का गांव' समेत सभी कहानियां तुम्हें अच्छी लगेंगी। *

**किताब:** चार-पांच दोस्त, **लेखिका:** जया मित्र, **अनुवाद:** कल्लोल चक्रवर्ती, **मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**चिंटू :** अगर मिस्टर बीन सो जाए, तो हम उन्हें क्या कहेंगे?
**मिंटू :** पता नहीं। तुम्हीं बता दो, क्या कहेंगे?
**चिंटू :** सोयाबीन।
-रमन, रायपुर

**पापा :** आज मैथ्स टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से बीस नंबर कम।
**पापा :** अच्छा! मोनू के कितने नंबर आए हैं?
**सोनू :** बीस नंबर।
-अमन, बिलासपुर

**कंप्यूटर टीचर :** कंप्यूटर चलाने के लिए तुम्हें सबसे पहले ढंग से माउस पकड़ना आना चाहिए।
**रोहित :** लेकिन सर, माउस को तो बिल्लियां पकड़ती हैं।
-दीक्षा, रोहतक

## जीके क्विज-150

1. पहला 'पृथ्वी दिवस' किस वर्ष मनाया गया था?
2. 'पृथ्वी दिवस' मनाने की शुरुआत का श्रेय किसे जाता है?
3. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी ने आइपीएल क्रिकेट में एक हजार बाउंड्रीज (चौके और छक्के) लगाने का रिकॉर्ड बनाया?
4. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को किस देश में 'सिटी की ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया?
5. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
6. दुनिया में सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान कौन-सा है?
7. किस भारतीय शहर को 'द सिटी ऑफ पैलेस' कहा जाता है?
8. लोकनायक के नाम से किन्हें जाना जाता है?
9. भारतीय राष्ट्रीय कैलेंडर का पहला माह कौन सा है?
10. केरल की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-150 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-149 का उत्तर :** 1.बिहार, 2.राजनाथ सिंह, 3.चंडीगढ़, 4.पोरबंदर (गुजरात), 5.प्रशांत महासागर, 6.कोलकाता में, 7.वेटिकन सिटी, 8.अकबर, 9.के-2, 10.हरिवंश राय बच्चन

**जीके क्विज-149 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, सुमन-रायपुर, संकेत-बिलासपुर, आर्यन-रोहतक, प्रज्ञा-धमतरी, राहुल-बालोद, प्रिया-महासमुंद, गौतम-दिल्ली, कनक-बलौदा बाजार, त्रिशा-राजनांदगांव



कहानी
मंजरी शुक्ला

अबीर अपने मामा जी और दोस्त हर्षित के साथ पिकनिक मनाने के इरादे से नदी किनारे आया। लेकिन तीनों नदी के आस-पास का नजारा देखकर दुखी हो गए। असल में वहां गंदगी बहुत थी। तो क्या तीनों पिकनिक का इरादा छोड़कर वापस लौट गए या वहां कुछ अनहोनी हो गई?

# मुस्कुरा उठी नदी



'तुम्हारे मामा इतनी दूर से तुमसे मिलने आए हुए हैं और तुम अपने कमरे में बैठे हुए हो!' मामा जी यह कहते हुए एकाएक अबीर के सामने आकर खड़े हो गए।

अबीर खुशी से उनसे लिपट गया, 'अरे! आप कब आ गए मामाजी?' 'आया तो अभी हूं। आज हम नदी किनारे पिकनिक मनाने चलेंगे।' मामा जी अबीर के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोले।

अबीर तुरंत बोला, 'मामा जी, मैं अपने दोस्त हर्षित के घर जाकर उसे भी ले आता हूं। वह भी हमारे साथ पिकनिक मनाने चलेगा।' थोड़ी ही देर बाद मामा जी के साथ कार में बैठकर अबीर और हर्षित पिकनिक के लिए निकल गए। दोनों मजे से मामा जी से बात करते हुए चले जा रहे थे। मामा जी ने बताया, 'मेरे गांव में नदी का पानी इतना स्वच्छ और निर्मल रहता है कि सभी लोग नदी के पास किसी घने पेड़ के नीचे बैठकर अपना सुख-दुःख बांटते हैं, प्रकृति के करीब काफी समय बिताते हैं फिर शाम तक घर लौटते हैं।'

अबीर बोला, 'अच्छा! मामा जी इसी तरह की और बातें भी हमें बताएं ना!' मामा जी ने अपने बचपन की यादों का पिटारा खोल दिया। बातों ही बातों में न जाने कितना समय निकल गया, कुछ पता ही नहीं चला।

तभी हर्षित खुशी से चिल्लाया, 'ठंडी हवा आने लगी है, मतलब हम नदी के पास पहुंच गए हैं।' मामा जी ने एक जगह रुक कर गाड़ी लॉक की और बोले, 'आज हम लोगों को बहुत मजा आएगा।' 'यहां तो एक अजीब-सी बदबू आ रही है।' अबीर ने नाक पर हाथ रखते हुए कहा। थोड़ा आगे बढ़े तो हर्षित बोला, 'लग रहा है यहां पर लोग पिकनिक मनाने नहीं बल्कि अपने घर का कूड़ा डालने के लिए आए हैं।' 'वह आंटी तो पूरा बैग भरकर प्लास्टिक और अगरबत्ती के पैकेट नदी के अंदर डाल रही हैं।' मामा जी उस ओर इशारे करते हुए बोले। 'चारों तरफ चिप्स और बिस्किट के पैकेट बिखरे पड़े हुए हैं।' हर्षित धीरे से बोला।

'हम लोग कहीं और चलकर पिकनिक मनाते हैं।' अबीर मुंह बनाते हुए बोला। हर्षित ने भी सहमति जताई, 'अबीर सही कह रहा है। हम इतनी गंदी जगह बैठ कर पिकनिक नहीं मनाएंगे। यहां बैठकर खाना-पीना दूभर हो जाएगा।'

लेकिन मामा जी तो अपने आप में खोए हुए एकटक नदी की तरफ देखे जा रहे थे। कुछ देर बाद वह बोले, 'यही नदी हमारे गांव तक भी जाती है। वहां इसका पानी इतना साफ होता है कि तुम्हें गहरे पानी की मछलियां भी तैरती हुई साफ नजर आएंगी। सच बात तो यह है कि नदी गंदी नहीं होती है। हम इंसान मिलकर उसे गंदा या साफ बनाते हैं।'

'पर हम कर भी क्या सकते हैं? अगर हम इन लोगों को समझाएंगे तो क्या ये हमारी बात सुनेंगे?' अबीर दुखी स्वर में बोला। अबीर की बात सुनकर मामा जी ने इधर-उधर देखा। वहां पर खड़ी पुलिस की एक गाड़ी पर उनकी नजर पड़ी। वह तेजी से गाड़ी की ओर बढ़ गए। हर्षित डर गया और अबीर से बोला, 'अब तो पुलिस वाले मामा जी को पकड़ लेंगे।'

'तू थोड़ा कम डरा कर।' अबीर अपने दोस्त हर्षित के गाल पर चपत मारते हुए बोला।

मामा जी जब बहुत देर तक पुलिस वालों से कुछ बात करते रहे तो हर्षित से न रहा गया, बोला, 'लगता है पुलिस वालों से मामा जी की बहस हो रही है। चलो, चलकर उन्हें बचाते हैं।'

एक ही पल बाद मामा जी पुलिस इंस्पेक्टर और उसके तीन सिपाहियों के साथ एक दूसरी ओर जाते हुए दिखे। सभी उन लोगों के पास पहुंचे, जो नदी में और उसके आस-पास गंदगी फैला रहे थे। सिपाहियों ने उन लोगों से न जाने क्या कहा कि उनकी बात सुनते ही सभी के चेहरों पर हवाइयां उड़ने लगीं। सबने तुरंत सारा कूड़ा उठाकर मैदान में एक ओर लगे कचरे के डिब्बों में फेंक दिया। कुछ लोग तो अपने आप नदी के किनारे से प्लास्टिक की बोतलें वगैरह उठाकर कूड़े के डिब्बों में डालने लगे, जो उन्होंने फेंकी भी नहीं थी। देखते ही देखते वहां सब साफ-सुथरा नजर आने लगा।

मामा जी एक पेड़ की छांव के नीचे खड़े होकर हंसते हुए बोले, 'तो अब इस स्वच्छ जगह पर बिछा लें हम लोग अपनी चटाई और शुरू करें पेट पूजा?' लेकिन अबीर मामा जी का हाथ पकड़ते हुए बोला, 'पहले आप बताएं कि आपने उन पुलिस वालों से क्या कहा?' 'जब मैंने पुलिस वालों को बताया कि नदी इतनी गंदी हो रही है, इसका पानी काला हो रहा है तो उन्होंने कहा कि हम तो बहुत मना करते हैं पर कोई मानता ही नहीं है।' 'फिर आपने क्या कहा?' हर्षित ने उत्सुकता से पूछा। 'तो मैंने कहा कि आप उनसे यह क्यों नहीं बताते कि यही पानी, प्रोसेस होने के बाद नलों के द्वारा उनके घरों तक जाता है।' मामा जी गंभीर स्वर में बोले। अबीर ने मासूमियत से पूछा, 'तो क्या सचमुच इस नदी का ही पानी हमारे घरों में आता है?'

'और क्या, तुम्हारे घर की पानी की टंकी को भरने के लिए क्या हर बार बरसात होगी?' मामा जी ने हंसते हुए कहा। मामा जी के साथ अबीर और हर्षित भी हंस पड़े। तीनों ने पेड़ की छांव में बहती ठंडी हवा में अपने साथ लाए भोजन का मजा लिया। जब वहां से उठने लगे तो मामा जी ने ध्यान दिया कि लोग खाना खाकर प्लास्टिक और डिस्पोजेबल प्लेट नदी में नहीं फेंक रहे थे बल्कि अपने साथ लाए थैलों में रख रहे थे।

मामा जी ने नदी की तरफ बहुत ही प्यार से देखा और खुशी के मारे अपनी नम आंखें पोंछ लीं। उन्हें लगा जैसे नदी मुस्कुरा रही है। नदी को लग रहा है कि वो अब हमेशा स्वच्छ-निर्मल रहेगी। *

कविता
देवी प्रसाद गौड़



## धरती मां हम सबकी मां है

प्राण पले जिसकी गोदी में,
उस पृथ्वी को शीश झुकाएं।
कण-कण रहे सुगंधित इसका,
हरित क्रांति से धरा सजाएं।।
शुद्ध हवा से रोग मरेंगे,
पेड़ों पर चिड़िया चहकेंगी।
तन ताजा हो मन में मस्ती,
फूलों की बगिया महकेंगी।।
खाने को अन्न दिया तुमने,
पीने, अमृत जैसा पानी।
अमृत में विष नहीं घुलेगा,
बहुत हुई अब तक नादानी।।
दूर रहें नदियों से नाले
अलग व्यवस्था करनी होगी
हर जीवन पानी का प्यासा,
सबकी पीड़ा हरनी होगी।।
धरती की हर सांस प्रदूषित,
वर्षों से बीमार बेचारी।
धरती मां हम सबकी मां है,
समझें अपनी जिम्मेदारी।।
स्वच्छ रखेंगे सड़क जलाशय,
मिल-जुल कर करते श्रमदान।
शहर-नगर या गली गांव की,
इनसे बनती अपनी शान।।
हम भविष्य हैं इस पृथ्वी के,
सेवा है संकल्प हमारा।
जहरीला परिवेश हो गया,
पाना है इससे छुटकारा।।
रहें समर्पित जीवन भर,
फिर औरों को भी समझाएं।
एक रोज क्यों मने वर्ष में
हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएं।।

## रंग भरो-173

**रंग भरो-173** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




समृद्धि, शहडोल



सौम्य, बालोद

अन्वीक्षा, दुर्ग

आस्तिका, चांपा


सार्थक, रायपुर

वैदिक, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, डिंपल-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, राशि-दुर्ग, सत्यम-रायपुर, अमन-कोरबा, सक्षम-बिलासपुर, दिव्या-रायगढ़, जतिन-रोहतक, काव्या-महासमुंद, जीविका-बलौदा बाजार, सौम्या-भोपाल, आद्या-हिसार, कुसुम-बिलासपुर, राशि-दिल्ली

## रंग भरो 174



बच्चो, यहां पर 'पृथ्वी दिवस' से जुड़ा एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय वक्ता कार्यशाला को भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष ने किया संबोधित

# निजी हित साधने कांग्रेस ने किए संविधान में मनमाने संशोधन

## कांग्रेस का मूल चरित्र ही तुष्टिकरण और काम निकालने का रहा हैः डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

कांग्रेस ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी की गद्दी को बचाने और व्यक्तिगत हितों के लिए संविधान में संशोधन किए। जबकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण की समय सीमा बढ़ाने के लिए संविधान संशोधन किया है। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कही।

भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश कार्यालय में बुधवार को प्रदेश स्तरीय वक्ता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं महापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यशाला में संविधान का नमन कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यशाला को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी, राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने संबोधित किया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस की चमड़ी बहुत मोटी हो गई है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का सबसे ज्यादा अपमान करने का काम अगर किसी ने किया है तो वह देश पर सबसे ज्यादा समय तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस ने संविधान में एक-दो बार नहीं, बल्कि अपनी जरूरतों के हिसाब से अनेकों संशोधन करने का काम किया। अब जब नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस नेताओं पर चार्जशीट दाखिल हुई, तो ईडी के दफ्तरों के बाहर प्रदर्शन किया जा रहा है। क्या कांग्रेस कानून से बड़ी हो गई है? कांग्रेस का मूल चरित्र ही तुष्टिकरण कर अपना काम निकालने का रहा है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के लिए कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान हमको सौंपा उसके हिसाब से कोई बड़ा नहीं, कोई छोटा नहीं और कोई ऊंचा-नीचा नहीं होता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" के मूल मंत्र के साथ देश को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

### कांग्रेस के दुष्प्रचार का जवाब देना है : शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा का संगठन तंत्र बूथ स्तर तक सक्रियता से कार्य करता है, इसलिए राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा हमें दिए गए इस अभियान को बूथ स्तर पर साकार करना है। पार्टी कार्यकर्ता 25 अप्रैल तक प्रदेश के 65 हजार 14 बूथों पर पहुंचकर तथ्यात्मक मुद्दों पर बात करेंगे। यह अभियान बाबा साहब की जयंती 14 अप्रैल से प्रदेश भर में प्रारंभ हुआ है। हमें जनता तक पहुंचकर कांग्रेस द्वारा समाज में किए गए दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब देना है। कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का अपमान किया और संविधान के साथ खिलवाड़ करती रही।

### कांग्रेस ने बाबा साहब का हमेशा तिरस्कृत किया: डॉ. सिंह

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने देश की आजादी के बाद भारत का संविधान बनाया, जिसके आधार पर आज देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित कर समाज सुधार का अद्भुत उदाहरण पेश किया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा समाज सुधार के लिए किए गए कार्य आज भी उतने ही प्रासंगिक रहेंगे। बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान की आत्मा उसकी प्रस्तावना है। कांग्रेस पार्टी ने संविधान की प्रस्तावना में संशोधन कर संविधान की आत्मा को ठेस पहुंचाई है।

### कांग्रेस ने धारा 356 का दुरुपयोग कर 88 बार सरकारों को गिराया

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के समय कांग्रेस और विपक्षी दल देश में एक नैरेटिव सेट करने में सफल रहे कि अगर भाजपा लोकसभा में 400 सीटें जीत जाएगी तो संविधान बदल देगी। कांग्रेस और विपक्षी दलों के इस दुष्प्रचार को तथ्यों के साथ जवाब देने की जरूरत अभी भी है। कांग्रेस पार्टी ने संविधान का किस प्रकार से दुरूपयोग किया है, उसका बड़ा उदाहरण धारा 356 का अनुचित प्रयोग है। कांग्रेस पार्टी ने केंद्र में सत्ता मे रहते 88 बार धारा 356 का दुरूपयोग कर राज्यों की चुनी गई सरकारों को गिराया है। जबकि 11 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 356 का प्रयोग कर किसी भी सरकार को गिराने का कार्य नहीं किया।

### बाबा साहब ने सर्वहारा वर्ग के लिए कार्य किया: गौतम

राष्ट्रीय महासचिव ने रखी अपनी बात

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर विकसित भारत बनाने की मानसिकता के साथ कार्य कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें चुनाव हराकर समाज सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों में बार-बार रोकने का प्रयास किया। बाबा साहब ने हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उन्हें सिर्फ दलितों का नेता बताकर उनके कार्यों को समाज में आने से छिपाने का कार्य किया। संविधान दिवस मनाने का कार्य भाजपा ने किया, कांग्रेस ने संविधान को लागू करने के वर्षों बाद तक यह कार्य नहीं किया। संविधान दिवस मनाने के लिए 26 नवंबर 2015 को संसद में हुई डिबेट में प्रमुखता से चर्चा की गई थी। कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब को बार-बार अपमानित करने के साथ उनके खिलाफ दुष्प्रचार किया कि वे सिर्फ दलितों के नेता है। बाबा साहब ने सामाजिक समरसता के लिए कार्य किया।

### सीएम डॉ. यादव बोले...

# किसानों और गौपालकों की आय बढ़ाने सरकार पूरी ऊर्जा से जुटी

मप्र कृषक कल्याण मिशन किसानों के समग्र विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल

किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए मंत्रिपरिषद ने दी है मिशन को सैद्धांतिक मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश कृषि आधारित राज्य है और इस क्षेत्र में यहां अपार संभावनाएं हैं। किसानों की आय, कृषि उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य पालन में वृद्धि के साथ-साथ खाद्य प्र-संस्करण और कृषि से उत्पादित कच्चे माल पर आधारित औद्योगिक इकाई स्थापित करने जैसे हर संभव प्रयास जारी हैं। किसानों और गौपालकों की आय बढ़ाने के साथ-साथ कुपोषण दूर करने की दिशा में सरकार योजनाबद्ध तरीके से पूरी ऊर्जा के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं तैयार की जा रही हैं।

### दुग्ध उत्पादन बढ़ाने डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना

मप्र में वर्तमान दुग्ध उत्पादन 9 प्रतिशत से बढ़ाकर जल्द से जल्द 20 प्रतिशत तक करने के लिए राज्य सरकार ने डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना शुरू की है। इससे हम घर-घर गोकुल तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि हमने गौशालाओं में दुधारू पशुओं के लिए भी अनुदान राशि बढ़ाने का भी निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मीडिया को जारी संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत ‹\@›2047 के विजन के अनुरूप हमारी सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी कल्याण के लिए मिशन शुरू कर दिए हैं। मंत्रि-परिषद की पिछले दिवस मंगलवार को बैठक में मप्र कृषक कल्याण मिशन को सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी गई है।

# ईडी दफ्तर पर कांग्रेस का प्रदर्शन

## ज्ञापन के साथ प्रतीकात्मक तोता पुलिस को सौंपा

राहुल, सोनिया गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने पर बवाल

पटवारी का आरोप-ईडी भाजपा के लिए तोता बनकर काम कर रही एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

नेशनल हेराल्ड और एसोसिएट ट्रेड जर्नल्स लिमिटेड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मंगलवार को चार्जशीट दाखिल करने के बाद से सियासत फिर गर्मा गई। चार्जशीट में सोनिया गांधी, राहुल गांधी के नाम शामिल किए जाने के विरोध में बुधवार को कांग्रेस ने राजधानी भोपाल सहित प्रदेश भर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने भोपाल में ईडी दफ्तर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया भाजपा ने जिस तरह से सोनिया गांधी पर कुठाराघात किया, उसके खिलाफ पूरी कांग्रेस साथ है। कानून पर हमें भरोसा है, लेकिन जिस तरह से सोनिया गांधी के साथ कृत्य किया जा रहा है, उससे साफ है कि भाजपा अब तानाशाही पर उतर आई है। पटवारी ने कहा भाजपा के खिलाफ आज पहला कार्यक्रम है और आने वाले समय में प्रदेश भर में पदयात्रा निकाली जाएंगी। विपक्ष के 36 नेताओं के खिलाफ ईडी का दुरुपयोग किया गया, इनमें से किसी पर दोष साबित नहीं हुआ, लेकिन 70 फीसदी नेता भाजपा ज्वाइन कर चुके हैं।




### कार्यकर्ताओं को पुलिस ने खदेड़ा

पटवारी पिंजरे में प्रतीकात्मक तोता लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर पहुंचे। कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने मेन गेट बंद कर दिया था, बावजूद इसके कार्यकतार्ओं ने बैरिकेड्स पर चढ़ने की काफी कोशिश की परंत पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। पुलिस ने जब प्रदर्शनकारियों को ईडी ऑफिस तक नहीं जाने दिया तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर ही लेटकर नारेबाजी करने लगे। पीसीसी चीफ ने सोनिया और राहुल गांधी को लेकर ईडी के एक्शन को अलोकतांत्रिक बताया।

### कांग्रेस नेताओं के खिलाफ चार्जशीट पेश करने का विरोध

कांग्रेस नेताओं के खिलाफ चार्ज शीट पेश किए जाने का विरोध करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पीसीसी चीफ पटवारी प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर पिंजरे में प्रतीकात्मक तोता लेकर पहुंचे। इस दौरान पुलिस को ज्ञापन के साथ ही उन्होंने पिंजरे में रखा तोता भी भेंट किया।

### दिग्विजय बोले- एजेंसियों का दुरुपयोग

इधर, इस मामले में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा- भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस मिलकर ईडी, आईटी और सीबीआई का एक राजनीतिक हथियार के रूप में दुरुपयोग कर रहे हैं, हम इसकी निंदा करते हैं।

### विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिशः सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की कार्यवाही पर सवाल उठाते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला है। सिंघार ने कहा कि भाजपा देश में विपक्ष की आवाज को खत्म करना चाहती है।

### रासायनिक औद्योगिक आपदा पर मॉक अभ्यास का आयोजन आज

भोपाल। भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणे संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को सुबह 9.30 से दोपहर 1.30 बजे तक सेंट्रल पॉवर रिसर्च इंस्टीट्यूट के सामने,रासायनिक औद्योगिक आपदा पर मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी लाखन सिंह चौधरी ने बताया कि गुरुवार को भोपाल सहित प्रदेश के 10 जिलों में मॉक अभ्यास आयोजित किया जाएगा, इस संदर्भ में आम जनता में जागरूकता फैलाने एवं किसी भी प्रकार की घबराहट से बचाव के लिये पूर्व सूचना देना अत्यंत आवश्यक है. यह केवल एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है, और आम नागरिकों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

### रायगढ़ में हाथी ने ग्रामीण को पटक पटककर मार डाला

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में हाथी के हमले से एक ग्रामीण की मौत हो गई है। सुबह हाथी ट्रैकर का दल ने ग्रामीण की लाश देखी, तो मामले की सूचना विभाग के अधिकारियों को दी। जहां मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक बायसी का रहने वाला भगत राम राठिया (50) गुरुवार सुबह करीब 5 बजे घर से निकला और आमगांव बीट के 372 आरएफ की ओर कहीं जा रहा था। तभी अचानक एक हाथी से उसका सामना हो गया। हाथी ने ग्रामीण को सूंड से उठाकर पटक-पटक कर मार डाला। सुबह जब हाथियों की निगरानी के लिए ट्रैकर टीम जंगल जा रही थी, तो उन्होंने ग्रामीण की लाश देखी और मामले की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी।

### आयुष लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा की बैठक

# सिकल सेल करीब 21 प्रकार के रोगों का बन सकता है कारण

- जेनेटिक काउंसलिंग में समुदाय का सहयोग लिया जाए
- समस्त रोगी और वाहकों को स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराना ही लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल




राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों में जेनेटिक काउंसलिंग की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। जेनेटिक काउंसलिंग कार्य में मध्यस्थों की भूमिका की संभावनाओं पर कार्य करते हुए समुदाय का सहयोग प्राप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया आनुवंशिक रोग है। रोग को खत्म करने के लिए वैवाहिक और गर्भधारण संबंधी सावधानियां के बारे में सामुदायिक जन जागृति की दिशा में प्रभावी पहल जरूरी है। जेनेटिक काउंसलिंग कार्य में समुदाय के नेतृत्व और पंचायत पदाधिकारियों का सहयोग भी लिया जाना चाहिए।

राज्यपाल पटेल राजभवन में जनजातीय प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा कि रोगी को स्वस्थ बनाने के सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ प्रमाणित औषधियों और चिकित्सा पद्धतियों को स्वीकार किया जाना चाहिए। मप्र के वनों में प्रचुर मात्रा में वन औषधियों की उपलब्धता है। इन औषधियों के सिकल सेल रोगी को स्वस्थ बनाने के अनुभवों और उपयोग के परीक्षणों के प्रमाणीकरण का कार्य व्यापक स्तर पर तेज गति से किया जाए। लक्ष्य समस्त रोगी और वाहकों को स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराना होना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि सिकल सेल एक जटिल रोग है, जो लगभग 21 प्रकार के रोगों का कारण बन सकता है। स्वस्थ जीवन शैली के लिए मार्गदर्शन दिया जाए। राज्यपाल ने कहा कि रोग नियंत्रण प्रयासों को व्यक्ति केंद्रित किया जाए। हर स्तर पर औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता हो।

### तेंदूपत्ता तोड़ने वाले मजदूरों के बोनस में

# निलंबित डीएफओ अशोक पटेल 23 तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

तेंदूपत्ता बोनस घोटाले के आरोप में निलंबित डीएफओ अशोक पटेल 23 अप्रैल ईओडब्ल्यू की कस्टोडियल रिमांड पर रहेंगे। इस दौरान एसीबी-ईओडब्ल्यू निलंबित डीएफओ से पूछताछ करेगी।

छग एसीबी, ईओडब्ल्यू की टीम ने सुकमा में निलंबित डीएफओ पटेल को गिरफ्तार कर रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। ऐसा पहली बार है जब ईओडब्ल्यू ने किसी डीएफओ को गिरफ्तार किया है। वहीं, ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में अशोक पटेल को पेश करने के बाद पूछताछ करने के लिए कस्टोडियल रिमांड की मांग की। बतादें कि डीएफओ अशोक पटेल और उनके साथियों पर तेंदूपत्ता तोड़ने वाले मजदूरों के बोनस में बड़ा घोटाला करने का आरोप है। इसके साथ ही, 1 महीने पहले उनके के घर पर एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने एक साथ दबिश दी थी और वहीं रायगढ़ के कृष्णा वाटिका और पैतृक ग्राम झालमुड़ा में भी कार्रवाई की थी।

### भालू से क्रूरता पर हाईकोर्ट ने पीसीसीएफ से मांगा जवाब

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में भालू के साथ क्रूरता, जबड़े पंजे तोड़कर मारने के मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस मामले में हाईकोर्ट ने वन विभाग को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं, कोर्ट ने पूरे घटनाक्रम पर पीसीसीएफ को शपथपत्र पेश करने के निर्देश दिए हैं। बता दें, कि बीते दिनों भालू के साथ क्रूरता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसे बस्तर सुकमा जिले के केरलापाल गांव का बताया गया। इसमें कुछ ग्रामीणों ने भालू के पैरों को तार से डंडे पर बांधा, मुंह और पंजा तोड़ा, सिर पर वार किया है।इस दौरान भालू दर्द से तड़पता रहा। बताया जा रहा है कि तड़पा-तड़पा कर उसे मार दिया गया है। जिस जगह पर भालू के साथ यह क्रूरता हुई, वहां पास में ही ग्रामीण महिलाएं और बच्चे भी खड़े हैं। बता दें कि बस्तर में भालू के साथ क्रूरता करने वाले 2 आरोपियों वंडो भीमा (20) और चंडो देवा (40) को वाइल्ड लाइफ और वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया है। इन्होंने जंगल में सुअर पकड़ने के लिए फंदा लगाया था, जिसमें भालू फंस गया। गांव के ही 2 लड़कों ने उसे मार-मारकर मौके पर ही अधमरा किया। फिर गांव लेकर आए।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

टेंडर नोटिस सं. 05/2025-2026 दिनांक 17.04.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09252541 | क्रॉस बार | 3192 नग | 12.05.25 |
| 02 | 15245237A | डीजल जनरेटिंग सेट 750 केविए | 01 नग | 13.05.25 |
| 03 | 02255022 | सप्लाई एंड इंस्टालेशन ऑफ़ एयरोसोल फायर | 578 सेट | 13.05.25 |
| 04 | 19250344 | आई ओ एच रिप्लेसमेंट किट | 69 सेट | 13.05.25 |
| 05 | 02255021 | स्ट्रिपिंग ऑफ़ स्विच बोर्ड | 300 नग | 19.05.25 |
| 06 | 07241553 | पैकिंग रिंग–26 एम एम थिक | 26470 नग | 19.05.25 |
| 07 | 07240085B | वाटर टैंक असेंबली | 230 नग | 20.05.25 |
| 08 | 15245006A | कम्पलीट पेंटिंग सिस्टम | 01 नग | 03.06.25 |

निविदा शर्तें–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

1145/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100 / 2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 02

निविदा संख्या 10255030A खुलने की तिथि 28.04.2025

उपरोक्त संदर्भित निविदा के आइटम विवरण, खंड 9 सामान्य निर्देश, खंड 10 अन्य निर्देश और भाग (डी) में दस्तावेज़ (कंबल कवर ड्राइंग) को संशोधित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह द्वितीय शुद्धिपत्र है।

दिनांकः 16.04.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1150/25

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100 / 2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 03

निविदा संख्या 10255033A खुलने की तिथि 28.04.2025

उपरोक्त संदर्भित निविदा के खंड 9 सामान्य निर्देश और खंड 10 अन्य निर्देश संशोधित किए गए हैं। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह द्वितीय शुद्धिपत्र है।

दिनांकः 16.04.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1152/25

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**04098/04097 आनन्द विहार टर्मिनल – सीतामढ़ी – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 48 फेरे**

| गाड़ी सं. 04098 आगमन | गाड़ी सं. 04098 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04097 आगमन | गाड़ी सं. 04097 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 05:00 | आनन्द विहार टर्मिनल | 01:30 | ---- |
| 02:30 | ---- | सीतामढ़ी | ---- | 03:45 |

चलने के दिनः 04098 आनन्द विहार टर्मिनल से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (मंगलवार व शुक्रवार) को और 04097 सीतामढी से दिनांक 23.04.2025 से 12.07.2025 तक (बुधवार व शनिवार) को। ठहरावः गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी, गाज़ीपुर सिटी, बलिया, छपरा जं., सोनपुर जं. हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन. स्थानः शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04504/04503 चंडीगढ़ – पटना जं. – चंडीगढ़ आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 12 फेरे**

| गाड़ी सं. 04504 आगमन | गाड़ी सं. 04504 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04503 आगमन | गाड़ी सं. 04503 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:35 | चंडीगढ़ | 23:10 | ---- |
| 22:10 | ---- | पटना जं. | ---- | 22:45 |

चलने के दिनः 04504 चंडीगढ़ से दिनांक 24.04.2025 से 29.05.2025 तक (गुरुवार) को और 04503 पटना जं. से दिनांक 25.04.2025 से 30.05.2025 तक (शुक्रवार) को। ठहरावः अम्बाला छावनी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, सुल्तानपुर, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन। स्थानः प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04030/04029 आनन्द विहार टर्मिनल – मुजफ्फरपुर जं. – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 16 फेरे**

| गाड़ी सं. 04030 आगमन | गाड़ी सं. 04030 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04029 आगमन | गाड़ी सं. 04029 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:00 | आनन्द विहार टर्मिनल | 03:10 | ---- |
| 04:30 | ---- | मुजफ्फरपुर जं. | ---- | 06:15 |

चलने के दिनः 04030 आनन्द विहार टर्मिनल से दिनांक 22.04.2025 से 17.05.2025 तक (मंगलवार व शनिवार) को और 04029 मुजफ्फरपुर जं. से 23.04.2025 से 18.05.2025 तक (बुधवार व रविवार) को। ठहरावः मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर सिटी, जौनपुर जं., औंडिहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा जं., सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन। स्थानः शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04012/04011 दिल्ली जं. – दरभंगा जं. – दिल्ली जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 48 फेरे**

| गाड़ी सं. 04012 आगमन | गाड़ी सं. 04012 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04011 आगमन | गाड़ी सं. 04011 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 19:30 | दिल्ली जं. | 22:40 | ---- |
| 20:30 | ---- | दरभंगा जं. | ---- | 22:00 |

चलने के दिनः 04012 दिल्ली जं. से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (मंगलवार व शुक्रवार) को और 04011 दरभंगा जं. से दिनांक 23.04.2025 से 12.07.2025 तक (बुधवार व शनिवार) को। ठहरावः गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, सुल्तानपुर जं., जौनपुर सिटी, वाराणसी, औंडिहार जं., ग़ाज़ीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन। स्थानः शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04094/04093 आनन्द विहार टर्मिनल – जोगबनी – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 24 फेरे**

| गाड़ी सं. 04094 आगमन | गाड़ी सं. 04094 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04093 आगमन | गाड़ी सं. 04093 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:55 | आनन्द विहार टर्मिनल | 16:00 | ---- |
| 07:30 | ---- | जोगबनी | ---- | 09:30 |

चलने के दिनः 04094 आनन्द विहार टर्मिनल से दिनांक 24.04.2025 से 10.07.2025 तक (गुरुवार) को और 04093 जोगबनी से दिनांक 26.04.2025 से 12.07.2025 तक (शनिवार) को। ठहरावः गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., लखनऊ, सुल्तानपुर जं., जौनपुर सिटी, वाराणसी, औंडिहार जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया, अररिया एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन। स्थानः शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04213/04214 अयोध्या छावनी – आनन्द विहार टर्मिनल – अयोध्या छावनी आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 72 फेरे**

| गाड़ी सं. 04213 आगमन | गाड़ी सं. 04213 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04214 आगमन | गाड़ी सं. 04214 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 18:20 | अयोध्या छावनी | 22:00 | ---- |
| 06:00 | ---- | आनन्द विहार टर्मिनल | ---- | 09:00 |

चलने के दिनः 04213 अयोध्या छावनी से दिनांक 20.04.2025 से 10.07.2025 तक (रविवार, मंगलवार व गुरुवार) को और 04214 आनन्द विहार टर्मिनल से दिनांक 21.04.2025 से 11.07.2025 तक (सोमवार, बुधवार व शुक्रवार)। ठहरावः बाराबंकी, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन। स्थानः शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04302/04301 योग नगरी ऋषिकेश – मुजफ्फरपुर जं. – योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 26 फेरे**

| गाड़ी सं. 04302 आगमन | गाड़ी सं. 04302 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04301 आगमन | गाड़ी सं. 04301 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | ---- |
| 13:00 | ---- | मुजफ्फरपुर जं. | ---- | 15:00 |

चलने के दिनः 04302 योग नगरी ऋषिकेश से दिनांक 22.04.2025 से 15.07.2025 तक (मंगलवार) को और 04301 मुजफ्फरपुर जं. से दिनांक 23.04.2025 से 16.07.2025 तक (बुधवार) को। ठहरावः हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं., सुल्तानपुर जं., वाराणसी जं., बलिया, सुरेमनपुर, छपरा एवं हाजीपुर स्टेशन। स्थानः शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**01021/01022 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस – गोरखपुर जं. – छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 01021 आगमन | गाड़ी सं. 01021 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01022 आगमन | गाड़ी सं. 01022 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 08:30 | ---- |
| 06:00 | 06:10 | वाराणसी | 01:20 | 01:30 |
| 14:30 | ---- | गोरखपुर जं. | ---- | 16:30 |

चलने के दिनः 01021 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से दिनांक 16.04.2025 को (बुधवार) को और 01022 गोरखपुर जं. से दिनांक 18.04.2025 को (शुक्रवार) को। ठहरावः दादर, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं. एवं मऊ जं. स्टेशन. स्थानः कुर्सीयान।

**04212/04211 सुल्तानपुर – लोकमान्य तिलक टर्मिनस – सुल्तानपुर आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 22 फेरे**

| गाड़ी सं. 04212 आगमन | गाड़ी सं. 04212 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04211 आगमन | गाड़ी सं. 04211 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:00 | सुल्तानपुर | 23:00 | ---- |
| 14:00 | ---- | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | ---- | 16:35 |

चलने के दिनः 04212 सुल्तानपुर से दिनांक 05.05.2025 से 14.07.2025 तक (सोमवार) को और 04211 लोकमान्य तिलक टर्मिनस से दिनांक 06.05.2025 से 15.07.2025 तक (मंगलवार) को। ठहरावः लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, रानी कमलापति (भोपाल), इटारसी जं., खंडवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण एवं ठाणे स्टेशन। स्थानः शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

1158/2025

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# ट्रंप के टैरिफ ने लगा दी सोने के दामों में आग

सोना केवल भारतीयों ही नहीं पूरी दुनिया की महिलाओं के लिए प्रिय है। सोने को धन, शक्ति और ऐश्वर्य का प्रतीक माना जाता है। गोल्ड को सदियों से अत्यंत प्रतिष्ठित, यहां तक कि पूजनीय सामग्री के रूप में ऊंचा स्थान प्राप्त रहा है। इसका उपयोग हजारों वर्षों से आभूषण और विनिमय के साधन के रूप में किया जाता रहा है, लेकिन अब ये आम आदमी की पहुंच से लगातार दूर हो रहा है। सोने के भाव आसमान छू रहे हैं। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपये से 18,748 रुपये बढ़कर 95,207 रुपये पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपये महंगा हुआ था। अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है। इससे इकोनॉमी के बढ़ने की रफ्तार धीमी हो सकती है। ग्लोबल मंदी की आशंका भी बढ़ गई है। ऐसे में लोग सोने में निवेश बढ़ा रहे हैं। मंदी के समय सोने को सुरक्षित निवेश माना जाता है। दुनियाभर में लोग जमकर सोने की खरीद कर रहे हैं। यही कारण है कि गोल्ड इंपोर्ट सालभर पहले के मुकाबले 205 प्रतिशत बढ़ गया। यह पिछले वित्त वर्ष के किसी महीने में सालाना आधार पर दूसरा बड़ा उछाल रहा। पूरे वित्त वर्ष 2025 में सोने का आयात सालभर पहले के मुकाबले 30 फीसदी ज्यादा रहा। हालांकि इस दौरान आयात होने वाले गोल्ड की मात्रा सालभर पहले से कम रही, लेकिन कीमतें 34 प्रतिशत के उछलने के चलते आयात का आंकड़ा बढ़ गया। सोने की कीमत में काफी तेजी आई है। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से सोने की कीमतों में तेजी आई है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब रुपया कमजोर होता है तो इसे इंपोर्ट करने में ज्यादा पैसे खर्च होते हैं। इस साल रुपये में लगभग 4 फीसदी की गिरावट आई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव बढ़ गया है। शादियों का मौसम नजदीक आ रहा है, ऐसे में सोने के गहनों की मांग बढ़ रही है। ऊंची कीमतों के बावजूद बिक्री में तेजी है, क्योंकि लोग सोने को निवेश और समृद्धि के प्रतीक के रूप में देखते हैं। विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने अनुमान जारी किया है कि अमेरिकी-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर और मंदी की आशंकाओं के कारण इस साल सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल रेट के हिसाब से कैलकुलेट करें तो भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.10 लाख रुपये तक जा सकते हैं। सच तो यह भी है कि बीते कई सालों से सोना बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली परिसंपत्तियों में शुमार रहा है। एक जनवरी 2025 के बाद से डॉलर में इसकी कीमत 11 फीसदी और रुपये में 13 फीसदी चढ़ी हैं। जनवरी 2024 से अब तक सोना डॉलर में 42 फीसदी मजबूत हुआ है। सोने को हमेशा से ही महंगाई और आर्थिक अनिश्चितता से बचने का जरिया माना जाता है। इस कारण इसका प्रतिफल बेहतरीन रहा है। गत वर्ष दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने 1,045 टन सोना खरीदा था। यह लगातार तीसरा साल था जब केंद्रीय बैंकों ने 1,000 टन से अधिक सोना खरीदा था। खुदरा निवेशक और धातु कारोबारी भी जोश में रहे हैं। भारतीय परिवारों के पास दुनिया के कुल सोने का करीब 12 फीसदी है। वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर है और ट्रेड वॉर के चलते आपूर्ति श्रृंखला में दिक्कतें होने की आशंका है। जिसके चलते सोने में अभी और उछाल की संभावना जताई जा रही है। जब तक ट्रेड वॉर ठंडी नहीं होती तब तक सोना पहुंच से बाहर ही रहने की आशंका है।



## विश्लेषण
उमेश चतुर्वेदी

# परियोजनाओं में देरी से विकास बाधित

**प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास में बड़ा रोड़ा बताया है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने असम के बोगीबील पुल परियोजना का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया, लेकिन बाद की सरकारों के दौरान पता नहीं किन वजहों से इस परियोजना का काम रोक दिया गया। इसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश और असम के लाखों लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं।**

अमेरिकी लेखक जय.एम. फिनमैन की अमेरिकी बीमा कंपनियों के कामकाज को लेकर कुछ साल पहले एक पुस्तक आई थी, डिले, डिनाय, डिफेंड...अंग्रेजी के इन तीन शब्दों का अर्थ है टालना, इनकार करना और बचाव करना। इस पुस्तक में फिनमैन ने साबित किया है कि किस तरह बीमा कंपनियां दावों को टालती हैं, देने से इनकार करती हैं और फिर अपने फैसले का बचाव करती हैं। नौकरशाही से जिनका पल्ला पड़ता रहता है, उन्हें भी पता है कि नौकरशाही किस तरह फैसलों को टालती हैं, उनके हिसाब से योजना नहीं हुई तो उसे आगे बढ़ाने से इनकार कर देती हैं और आखिर में उस योजना का पलीता ही लगा देती हैं। इस देर और इनकार की कीमत आखिरकार जनता को चुकानी पड़ती है। अव्वल तो तय समय पर लोगों को सहूलियतें मिल ही नहीं पाती, लेकिन जब किसी वजह से परियोजना पर काम चलता भी है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है, उसकी लागत खर्च बढ़ चुकी होती है। आखिरकार इसकी कीमत देश को ही चुकानी पड़ती है। लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र की इस खामी को समझा था। सबसे पहले इस कमजोरी पर काबू पाने की उन्होंने गुजरात में कोशिश की और देश की कमान संभालने के बाद उन्होंने तंत्र से इस खामी को दूर करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री का यह कहना कि देरी विकास का दुश्मन है और हमारी सरकार इस दुश्मन को हराने के लिए प्रतिबद्ध है, उनकी इसी सोच को जाहिर करता है।

बीते दिनों एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास में बड़ा रोड़ा बताया है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने असम के बोगीबील पुल परियोजना का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया, लेकिन बाद की सरकारों के दौरान पता नहीं किन वजहों से इस परियोजना का काम रोक दिया गया। इसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश और असम के लाखों लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं। इस योजना पर दोबारा काम मोदी सरकार के आने के बाद शुरू हुआ और चार साल में यह पुल बनकर तैयार हुआ और 2018 में इसे जनता के लिए खोला गया। अगर इसी हिसाब से देखें तो यह काम अधिक से अधिक 2002 में पूरा किया जा सकता था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। सत्ताएं बदलते ही कई योजनाएं रोक दी जाती हैं और राजनीतिक नफा-नुकसान को देखते हुए उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। केरल की कोल्लम बाईपास सड़क परियोजना को इसके उदाहरण के रूप में रखा जा सकता है। यह योजना 1972 में शुरू होनी थी, लेकिन तकरीबन पचास साल तक लटकी रही। यह बात और है कि इस काम को मोदी सरकार ने ही पूरा किया। प्रधानमंत्री मोदी जब भी कोई नया काम शुरू करते हैं या देश के सामने कोई लक्ष्य रखते हैं, तो वे नया नारा भी गढ़ते हैं। 'देरी विकास का दुश्मन है' इस कड़ी में नया नारा है। देश में ऐसी कई परियोजनाएं मिल जाएंगी, जिन्हें तय वक्त तक पूरा नहीं किया जा सका। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ने



के लिए घाघरा नदी पर मांझी में एक पुल है। इस पुल का शिलान्यास जनता पार्टी के शासनकाल के राज्य मंत्री चांद राम ने शुरू किया और दशकों तक इसका काम नहीं हो पाया। अरसे बाद यह पुल बनकर तैयार हो पाया। परियोजनाओं में देरी की ऐसी ढेरों कहानियां पूरे देश में फैली हुई हैं। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना का भी इसी संदर्भ में उल्लेख किया है। देश की आर्थिक राजधानी के लिए बेहतर और सुगम हवाई सेवा की जरूरत से किसे इनकार हो सकता है। लेकिन नवी मुंबई में हवाई अड्डा बनाने की चर्चा साल 1997 में शुरू हुई। उस परियोजना को ठीक दस साल बाद यानी 2007 में मंजूरी मिल पाई, लेकिन राजनीति और नौकरशाही से कोलाज वाले तंत्र की वजह से इस परियोजना पर ठोस रूप में काम नहीं हो पाया। प्रधानमत्री ने तो सीधे-सीधे इसके लिए इस दौरान केंद्र और महाराष्ट्र में काबिज रही कांग्रेस सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री के अनुसार, कांग्रेस की सरकारों ने इस परियोजना में ना तो दिलचस्पी दिखाई, ना ही कोई कार्रवाई की। उम्मीद की जा रही है कि जिस तरह दूसरी योजनाएं तेज गति से तय वक्त या उससे पहले पूरी हुईं, उसी गति और तेजी से नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना भी पूरा होगी। देश के आर्थिक विकास की नींव नरसिंह राव ने साल 1991 में रखी थी, जिनके सहयोग से तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने उदारीकरण की गति को तेज किया था। देश की आर्थिकी को लाइसेंस राज और लालफीताशाही से दूर किया था। उस बदलाव का असर भी दिखा, लेकिन राजकाज की कमान जिस तंत्र के हाथों में रही, वह पुरानी मानसिकता से ग्रस्त रहा। प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता संभालने के बाद इस मानसिकता को थोड़ी लगाम जरूर लगी है। यह बात और है कि इस मोर्चे पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। 'देरी, विकास का दुश्मन है' के प्रधानमंत्री के नए मंत्र का ही असर कहा जाएगा कि आर्थिक मोर्चे पर तय लक्ष्यों को हासिल करना आसान हुआ। आर्थिक मोर्चे पर बदलाव का ही असर है कि कुछ ही वर्षों में दुनिया की 11वें नंबर से भारतीय अर्थव्यवस्था पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। दुनियाभर की विकास दर को कोरोना की महामारी ने बुरी तरह प्रभावित किया। आज की दुनिया के विकास का ईंधन एक तरह से जैविक ऊर्जा यानी पेट्रोल और डीजल है। अरब देशों के आपसी संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद भारत को पेट्रोलियम आपूर्ति में बाधा न पड़ना, चीन और अमेरिका के बीच जारी व्यापार युद्ध के बावजूद भारत की विकास दर में कमी ना आना, एक तरह के भारत के संकल्प का नतीजा है। बेशक इसके लिए राजनीतिक नेतृत्व जिम्मेदार है, लेकिन प्रधानमंत्री ने इसका श्रेय युवाओं को दिया। उन्होंने कहा कि यह अभूतपूर्व बढ़ोतरी युवाओं की महत्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं से प्रेरित है।

पहले दुनिया मानती थी कि भारत धीरे-धीरे और लगातार प्रगति करेगा, उसी दुनिया को भारत अलग नजर आ रहा है। दुनिया अब देश को 'तेज और निडर भारत' के रूप में देख रही है। परियोजनाओं में देरी को विकास के दुश्मन के तौर पर प्रधानमंत्री का स्थापित करना एक तरह से राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं को संबोधित करना है। विश्व गुरू बनने की आकांक्षा हो या आर्थिक या दूसरी तरह वैश्विक महाशक्ति बनना, इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए इसी सोच को हर स्तर पर ना सिर्फ आगे बढ़ाना होगा, बल्कि उसे राष्ट्रीय प्राथमिकता के तौर पर भी विकसित किया जाना होगा। अब भी तंत्र में ऐसे ढेर सारे तत्व हैं, जो योजनाओं को लटकाने और टालने में भरपूर रूचि लेते हैं। एक तरह से ऐसी सोच वाला डीएनए तंत्र में फैला हुआ है। आर्थिक मोर्चे पर भारत की सफलता दर अगर बढ़ी है तो उसके पीछे निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री की दृष्टि है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जलवायु परिवर्तन
ज्ञानेन्द्र रावत



# ग्लेशियरों के पिघलने से सिकुड़ रही जीवन की धारा

दुनिया में ग्लेशियरों का पिघलना समूचे प्राणी जगत के लिए संकट का सबब बन गया है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूनेस्को की विश्व जल विकास रिपोर्ट 2025 में दुनिया में ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया है कि यदि ग्लेशियरों के पिघलने की मौजूदा दर इसी तरह जारी रही तो इस संकट के परिणाम अभूतपूर्व और विनाशकारी होंगे। यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगा तो दुनिया की कुल 8.2 अरब आबादी में से दो अरब से भी ज्यादा लोग पानी और भोजन की गंभीर समस्या का सामना करने को विवश होंगे। गौरतलब है कि ग्लेशियरों की धरती पर जल चक्र बरकरार रखने में महत्वपूर्ण भूमिका है। ग्लेशियरों का पानी ही नदियों के जरिये हमारे जीवन की धारा को आगे बढ़ाता है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियरों के पिघलने को कहें या सिकुड़ने से नदियों पर संकट दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। हकीकत यह है कि जलवायु परिवर्तन के चलते ग्लेशियरों के सिकुड़ने और पर्वतीय क्षेत्रों में दिनोंदिन घटती बर्फबारी के कारण दुनिया की दो तिहाई खेती योग्य जमीन के प्रभावित होने की प्रबल आशंका है। समूची दुनिया में तकरीब 2.75 लाख से भी ज्यादा ग्लेशियर सात लाख से अधिक वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करते हैं जो जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघल रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की मानें तो दुनिया के सभी 19 ग्लेशियर क्षेत्रों में लगातार तीसरे वर्ष यानी 2022, 2023 और 2024 में अभूतपूर्व नुकसान देखा गया है। इस बारे में यदि विश्व मौसम विज्ञान संगठन की मानें तो इसमें नार्वे, स्वीडन और स्वालबार्ड सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र हैं। यही नहीं अमेरिका की कोलोराडो नदी तो 2020 में ही सूख चुकी है। यूनेस्को के डायरेक्टर जनरल आंद्रे एंजुले का कहना है कि ग्लेशियर और पर्वतीय जल स्रोतों पर हम पूरी तरह निर्भर हैं। क्योंकि दुनिया में पेयजल का 70 फीसदी हिस्सा इन्हीं ग्लेशियरों में संरक्षित है। जलवायु परिवर्तन के चलते इनके तेजी से पिघलने से पेयजल के इन सबसे बड़े स्रोतों के अस्तित्व पर संकट है। इसलिए इन्हें बचाना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। क्योंकि ग्लेशियर हैं तो जल है, जल है तो जीवन है और जीवन है तो हम हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और नेशनल स्नो एण्ड आइस डेटा सेंटर के शोध से यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि वर्ष 2010 के पहले आर्कटिक और अंटार्कटिका में जो बर्फ की चादर बिछी होती थी, उसमें अब लाखों वर्ग किलोमीटर की कमी हो गयी है। वहां अब मात्र 143 लाख वर्ग किलोमीटर बर्फ बची है। यह 2017 के 144 लाख वर्ग किलोमीटर के पिछले निम्नतम स्तर से भी नीचे चली गयी है। 2000 और 2023 के बीच ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका के ग्लेशियरों ने हर साल लगभग 270 अरब टन बर्फ को खो दिया है। एक वर्ष में 270 अरब टन बर्फ का नुकसान पूरी वैश्विक आबादी द्वारा 30 वर्ष में खपत किये जाने वाले पानी के बराबर है। इस बारे में मैरीलैंड के ग्रीनबेल में नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर के वैज्ञानिक लिनेन बोइसवर्ट का कहना है कि अगली गर्मियों के मौसम में हमारे पास बहुत कम बर्फ बचेगी। इसमें मानवीय गतिविधियों, मुख्यतः जीवाश्म ईंधन के जलने से हुयी तापमान में बढ़ोतरी अहम है। दर असल जैसे-जैसे तापमान बढ़ता जाता है, उसी गति से ग्लेशियर बनने की तुलना में तेजी से पिघलने लगते हैं और अपनी जगह छोड़ने लगते हैं।जहां तक हिमालयी ग्लेशियरों का सवाल है, सरकार की ओर से 2023 में संसद में पेश रिपोर्ट में बताया गया था कि हिमालय के ग्लेशियर अलग- अलग दर से तेजी से पिघल रहे हैं। जलवायु परिवर्तन की वजह से हिमालय की नदियां किसी भी समय प्राकृतिक आपदायें ला सकती हैं। रिपोर्ट में सरकार ने स्वीकार किया कि ग्लेशियर के पिघलने से नदियों के बहाव में अंतर आयेगा और जिसके परिणाम स्वरूप आबादी का एक बड़ा हिस्सा प्रभावित होगा। ग्लेशियरों को बचाना महज बर्फ को बचाना नहीं है बल्कि अपने भविष्य को बचाना है। यह याद रखना होगा कि ग्लेशियर मात्र बर्फीले शिखर ही नहीं हैं, वे हमारे भविष्य की जड़ें हैं। इसलिए हमें अपनी जीवनशैली में बदलाव के साथ-साथ हिमालय क्षेत्र में मानवीय दखलंदाजी पर अंकुश, जलवायु परिवर्तन के दानव और कार्बन उत्सर्जन पर लगाम लगानी ही होगी, तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब हिमालय की धारायें मौन हो जायेंगी, हम बूंद-बूंद पानी के लिए तरस जायेंगे,खेत सूख जायेंगे, जमीन बंजर हो जायेगी और हमारे बच्चों की आंख में पानी नहीं आंसू होंगे और वे भी एक दिन सूख जायेंगे।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मानव अपनी दौड़ को सीमित करे



संकलित
**दर्शन**

सिकन्दर को एक महात्मा ने कहा, तुम भारत को जीत कर क्या करोगे? सिकंदर ने कहा, पहले मैं अफगानिस्तान जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? फिर मैं उजबेकिस्तान, रुस आदि देश जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? सिकन्दर बोला फिर मैं आराम करूंगा। महात्मा ने कहा अगर तुम इतना सब करके ही आराम करने वाले हो तो आज ही आराम करो तो क्या कठिनाई है? सिकन्दर कोई उत्तर नहीं दे सका। मानव की एक तृष्णा होती है अप्राप्त को प्राप्त करने की। इस तृष्णा के अन्तर्गत जीवन भर वह भाग दौड़ करता ही रहता है, फिर भी जब उसकी मृत्यु होती है, तो उस समय तक बहुत कुछ अप्राप्त ही रह जाता है। विश्व और विश्व के उपादान इतने विस्तृत है कि कोई भी व्यक्ति उन्हें पूर्ण रुप से प्राप्त नहीं कर सकता, यह स्पष्ट होते हुए भी मानव अपनी तृष्णा को निरन्तर बढ़ाता ही रहता है। आराम-सुख-शान्ति-आनन्द ये तत्व तो उसके लिए दुर्लभ ही हो जाते हैं क्यों कि वह तो जीवनभर अर्जन करने में ही जुटा रहता है। और ऐसा करते-करते ही अपना मानव जीवन बिताकर दुनियां से चला जाता है। शास्त्रों का संदेश है। मानव अपनी दौड़ को सीमित करें। तभी मानव शांति प्राप्त कर सकता है। मनुष्य की प्रवृत्ति ही जोड़ने की होती है। यह अपनी बंदमुठ्ठी कभी खोलना नहीं जानता है। जो यह समझ गया कि बंदमुठ्ठी खोलने के लिए है, उसका जीवन सार्थक होगा।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*


## एक लकड़ी का कटोरा



संकलित
**प्रेरणा**

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहाँ शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृध्द होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहाँ तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूँ, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## गुरु तेग बहादुर जयंती



सिख श्रद्धालु नौवें सिख गुरु तेग बहादुर की जयंती की पूर्व संध्या पर अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में धार्मिक जुलूस में भाग लेते हुए।

## आज की पाती

### पर्यावरण संरक्षण हर नागरिक का दायित्व

हाल ही में विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट प्रकाशित हुई हैं जिससे भारत की फिर किरकिरी हुई है। इस रिपोर्ट की मानें तो दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 केवल भारत के ही हैं और दिल्ली लगातार छठवीं बार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी का खिताब पाने में प्रथम आई है। ऐसे दिल दहला देने वाले आंकड़े देखकर यदि यह प्रश्न पूछा जाए कि इस पृथ्वी पर सबसे खतरनाक पशु कौन है तो संभवतः शेर, बाघ, चीता जैसे पशुओं का विचार आएगा। लेकिन मेरे अनुसार इस पृथ्वी का सबसे खूंखार पशु मनुष्य है, मनुष्य ने इस ग्रह को जितनी क्षति पहुंचाई है, शायद ही किसी अन्य पशु की पूरी प्रजाति ने मिलकर उतनी क्षति पहुंचाई होगी। प्रदूषण सिर्फ भारत तक सीमित नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए चिंता का विषय है। – *रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### एकीकरण कार्यक्रम



बंदूकों से लेकर मूंगफली और उग्रवाद से लेकर उद्यमिता तक, कार्बी आंगलोंग ने हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर बदलाव देखा है। हमारे विभिन्न पुनः एकीकरण कार्यक्रमों के माध्यम से, कई लोग मत्स्य पालन और कृषि उद्यमी के साथ-साथ नौकरी सृजक भी बन गए हैं।

**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### विनम्र श्रद्धांजलि



स्वतंत्रता सेनानी और ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक को उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। शिक्षा और सशक्तीकरण के लिए उनका योगदान सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। वह स्वभिमानी और गौरवान्वित करने वाले ओड़िया थे।

**-मोहन चरण माझी, सीएम, ओडिशा**

### लोको पायलटों से अन्याय



रेलवे के लोको पायलटों की 14-14 घंटे की शिफ्ट, लगातार रात की ड्यूटी, न पर्याप्त आराम, न खाने का ब्रेक और न शौचालय की सुविधा। ये न सिर्फ उनके साथ अन्याय है, बल्कि उन करोड़ों यात्रियों की सुरक्षा से भी खिलवाड़ है जो ट्रेनों से सफर करते हैं।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### वजन घटाने वाली दवा



भारत के वजन घटाने वाली दवा बाजार ने विस्फोटक वृद्धि प्रदर्शित की है, जो नवंबर 2020 में 37 करोड़ से बढ़कर नवंबर 2024 तक 535 करोड़ हो गई है।

**-स्वामीनाथन पद्मनाभनश, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# दक्षिण अफ्रीका में गांधी की प्रतिमा का अनावरण



दक्षिण अफ्रीका के फ्री स्टेट प्रांत में 'एंग्लो-बोअर' युद्ध संग्रहालय में महात्मा गांधी की एक विशाल आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। फ्री स्टेट में लागू रंगभेद कानून की वजह से एक सदी से भी अधिक समय तक भारतीयों का इस प्रांत में प्रवेश प्रतिबंधित था। पद्म भूषण पुरस्कार विजेता राम वंगी सुतार द्वारा बनाई गई इस कांस्य प्रतिमा को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने संग्रहालय को दान किया है। प्रतिमा का अनावरण 11 अप्रैल को भारतीय उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने 1899-1902 के एंग्लो-बोअर युद्ध में भारतीयों की भागीदारी की अब तक की अनकही कहानी पर एक वृत्तचित्र और एक पुस्तक के साथ किया। वर्ष 1994 में नेल्सन मंडेला के दक्षिण अफ्रीका के पहले लोकतांत्रिक राष्ट्रपति चुने जाने तक, 'ऑरेंज फ्री स्टेट' के नाम से जाने जाने वाले इस प्रांत में कानून के तहत भारतीयों के प्रवेश पर प्रतिबंध था। यहां तक कि तटीय शहर डरबन तक पहुंचने के लिए प्रांत से गुजरने वालों को भी पहले से परमिट लेना पड़ता था। भारतीय लोग यहां गन्ने के खेतों में काम करने वाले मजदूरों के रूप में यहां पहुंचे थे। ब्लोमफोनटेन में युद्ध संग्रहालय के निदेशक टोकी प्रीटोरियस ने कहा, "ब्लोमफोनटेन में युद्ध संग्रहालय का मुख्य विषय दक्षिण अफ्रीकी एंग्लो-बोअर युद्ध है।

## ऑफ बीट

# भेड़ों से अधिक बुद्धिमान साबित हुई हैं बकरियां



जब हम बुद्धिमान पशुओं के बारे में सोचते हैं तो आमतौर पर भेड़-बकरी जैसे जानवर हमारे जेहन में सबसे पहले नहीं आते। हमारे जेहन में चिंपांजी, आरंगुटान, कैपुचिन्स जैसे पशु या कौए जैसा पक्षी आता है। लेकिन मेरे शोध में पता चला है कि भेड़, बकरियां और अल्पाका जैसे पशु भी कम अक्लमंद नहीं होते। दो अलग-अलग अध्ययनों में, मैंने पता लगाया कि ये जानवर कैसे सीखते हैं, याद रखते हैं और अपने आस-पास की दुनिया को कैसे समझते हैं। निष्कर्षों से न केवल यह पता चलता है कि हमने उनकी सोचने-समझने क्षमताओं को कम करके आंका है, बल्कि जानकारी भी मिली कि इन पशुओं के बीच भी महत्वपूर्ण अंतर हैं। तीनों पशुओं में से बकरियां शीर्ष पर रहीं और उन्होंने याददाश्त व समस्या के समाधान के मामले में भेड़ों और अल्पाकाओं दोनों से बेहतर प्रदर्शन किया। प्रारंभिक अध्ययन भोजन जैसी किसी महत्वपूर्ण चीज के स्थान को याद रखने की क्षमता पर केंद्रित था। जंगल में, यह जीवित रहने का एक महत्वपूर्ण कौशल है। जानवरों को यह याद रखने की जरूरत होती है कि उन्हें पानी, भोजन या आश्रय कहां मिलेगा। मैंने एक सरल प्रयोग किया। प्रत्येक जानवर को एक छोटे से क्षेत्र में कई बाल्टियों में से एक में छिपा हुआ भोजन ढूंढना था।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा बोली, मां-बेटे समेत पूरा परिवार ही डाका डालने में लगा

# आयकर विभाग ने पाया सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने 414 करोड़ रुपए की कर चोरी कीः डॉ. संबित पात्रा

## 50 लाख देकर 5000 करोड़ रुपए की संपत्ति हड़प ली और इस पर भी टैक्स नहीं दिया गया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने नेशनल हेराल्ड मामले में कहा है कि गांधी परिवार के जरिये यंग इंडिया ने अपनी बिल्डिंग का प्रयोग बोगस चैरिटी, बोगस किराए और बोगस विज्ञापन प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद डॉ. संबित पात्रा ने आज बृहस्पतिवार को भुवनेश्वर स्थित भाजपा ओडिशा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए नेशनल हेराल्ड मामले से जुड़े कई नए तथ्यों का खुलासा किया और शिकोहपुर में रॉबर्ट वाड्रा द्वारा किए गए जमीन घोटाले को लेकर जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग ने पाया सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने 414 करोड़ रूपये की कर चोरी की। 50 लाख रुपये देकर 5000 करोड़ रुपये की संपत्ति हड़प ली और इस पर भी टैक्स नहीं दिया गया।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि नेशनल हेराल्ड से जुड़ी खबरें देश के प्रमुख समाचार माध्यमों में प्रमुखता से प्रकाशित हो रही हैं। इस मामले में गांधी परिवार के दो प्रमुख सदस्यों सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नाम सामने आए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड प्रकरण में 15 अप्रैल को एक विस्तृत चार्जशीट दाखिल की। यह मामला पहले से न्यायिक प्रक्रिया में है और अब इसे नए तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर गहराई से जांचा और परखा जाएगा।

डॉ. पात्रा ने सरल और स्पष्ट भाषा में इस मामले की तकनीकी बातों को प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह मामला धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चल रहा है। यदि जांच और न्यायालय के माध्यम से यह आरोप सिद्ध हो जाते हैं, तो सोनिया और राहुल गांधी को अधिकतम 7 वर्ष तक की सजा हो सकती है। लेकिन देश के कानून के सामने सभी नागरिक समान हैं और कानून अपना कार्य निष्पक्ष रूप से करेगा। पार्टी यह भी आग्रह करती है कि जनता को इस मामले की सच्चाई और कानूनी प्रक्रिया की जानकारी पारदर्शी ढंग से दी जाए।

उन्होंने कहा कि यह कोई नया मामला नहीं है। इसकी शुरुआत लगभग 2012-13 में हुई थी। वर्ष 2014 में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार सत्ता में आई, तब इस मामले की जांच और कार्रवाई को तेजी से आगे बढ़ाया गया। सन् 1937-38 में पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 'एसोसिएटेड जनरल लिमिटेड' नामक एक कंपनी की स्थापना की, जो एक पब्लिशिंग हाउस था। इस कंपनी के अंतर्गत तीन प्रमुख समाचारपत्रों का प्रकाशन होता था—'नेशनल हेराल्ड' (अंग्रेजी में), 'कौमी आवाज़' (उर्दू में) और 'नवजीवन'



(हिंदी में)। इन समाचारपत्रों का प्रकाशन 'एसोसिएटेड जनरल लिमिटेड' के माध्यम से किया गया था, जिसकी स्थापना 1937-38 में हुई थी। पंडित नेहरू ने स्वयं को इस कंपनी का मालिक नहीं बनाया, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले सेनानियों को इस कंपनी का शेयर होल्डर बनाया था। उन्होंने लगभग 5000 स्वतंत्रता सेनानियों को कंपनी का शेयर होल्डर बनाया था, जिससे यह संस्था एक व्यक्ति या परिवार की नहीं, बल्कि उन स्वतंत्रता सेनानियों की साझा संपत्ति बनी, जिन्होंने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। क्योंकि यह कंपनी कोई व्यापार या मुनाफा नहीं करती थी, इसलिए 1956 में इसे एक गैर-व्यावसायिक संस्था के रूप में दोबारा स्थापित किया गया। इसी वजह से देश के अलग-अलग राज्यों से रियायती दरों पर जमीन मांगी गई। इस तरह दिल्ली, मुंबई, लखनऊ जैसे बड़े शहरों में कंपनी की जमीनें मिलीं और वहां दफ्तर और भवन बनाए गए। दिल्ली के बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित नेशनल हेराल्ड भवन इस संस्था की सबसे बड़ी संपत्ति है। देशभर में ऐसे लगभग 100 स्थान हैं जहाँ नेशनल हेराल्ड की संपत्तियां मौजूद हैं। समय के साथ कंपनी को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। 'एसोसिएटेड जनरल लिमिटेड' को भारी नुकसान होने लगा और अंततः वर्ष 2008 में अखबारों का प्रकाशन पूरी तरह बंद करना पड़ा। इस दौरान कंपनी पर लगभग 190 करोड़ रुपए का घाटा दर्ज हुआ और वह गंभीर वित्तीय संकट में आ गई।

इस स्थिति में मोतीलाल वोरा ने कांग्रेस पार्टी से मदद मांगी। वोरा सोनिया गांधी और राहुल गांधी से आग्रह किया कि जिस संस्था की स्थापना स्वतंत्रता संग्राम की भावना से की गई थी, वह अब गहरे आर्थिक संकट में है, और इसे बचाने के लिए कांग्रेस से ऋण की आवश्यकता है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने उन्हें कांग्रेस पार्टी के कोषाध्यक्ष से संपर्क करने को कहा। इसके बाद मोतीलाल वोहरा ने कांग्रेस के कोषाध्यक्ष से कर्ज लिया, लेकिन समय के साथ यह ऋण चुकाया नहीं जा सका।

### सोनिया, राहुल, फर्नांडीस और मोतीलाल थे कंपनी के प्रमुख सदस्य

इस कंपनी के चार प्रमुख सदस्य थे, सोनिया गांधी, राहुल , ऑस्कर फर्नांडीस और मोतीलाल वोरा। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पास यंग इंडिया लिमिटेड के 38-38 प्रतिशत शेयर थे, यानी दोनों के पास मिलाकर 76 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इसी आधार पर यह स्पष्ट होता है कि यंग इंडिया लिमिटेड के वास्तविक नियंत्रण सोनिया गांधी और राहुल गांधी की प्रमुख भूमिका थी। कंपनी के उद्घाटन के लिए 5 लाख रुपये की पूंजी जुटाई गई थी, लेकिन यह पैसे कहां से आएं, इस पर चिंता थी।

इस समस्या का समाधान करने के लिए सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने एक और कंपनी से 1 करोड़ रुपए का कर्ज लिया, और यह कर्ज उन्हें डोटेक्स इंडिया कंपनी से मिला था। 5 लाख रुपए के लिए 10 लाख रुपए का कर्ज लेने की वजह यह थी कि डोटेक्स कंपनी ने उन्हें यह कर्ज बिना किसी गारंटी के, एक प्रकार का उपहार स्वरूप दिया था।

### क्या एक राजनीतिक पार्टी किसी अन्य एंटिटी को लोन दे सकती है?

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. पात्रा ने कहा कि यह सवाल उठता है कि क्या एक राजनीतिक पार्टी किसी अन्य एंटिटी को लोन दे सकती है? कांग्रेस पार्टी ने यह लोन यंग इंडिया को दिया, जो एक राजनीतिक संगठन है और क्या इस तरह के लोन का माफ करना सही था? इसके बाद, आरोप लगाया गया कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने इस प्रॉपर्टी को 5000 करोड़ रुपए के मूल्य पर हड़प लिया।

इसे एक तरह की डकैती बताया गया, जिसमें कांग्रेस के बड़े नेता शामिल थे। राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने 5000 करोड़ और रॉबर्ट वाड्रा ने 50 करोड़ का घपला कर दिया। गांधी परिवार की यह सोच थी कि वे डाका डालते जाएंगे और भारत चुप रहेगा, लेकिन ऐसा अब नहीं होगा। वह समय अब बीत चुका है जब आप सत्ता में थे और सोचते थे कि यह देश आपकी निजी संपत्ति है। यह देश अब गरीबों का है, और जिसने गरीबों का पैसा लूटा है, वह अब सबसे बड़ा अपराधी है। उन्हें जेल जाना ही पड़ेगा।

---

**खबर संक्षेप**

### आप नेता पाठक के आवास पर छापा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने गुरुवार सुबह आप नेता दुर्गेश पाठक के आवास पर छापेमारी की। सीबीआई सूत्रों का कहना है कि यह तलाशी विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के कथित उल्लंघन के मामले से संबंधित है। आप के नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को दावा किया कि पिछले गुजरात चुनाव के दौरान भी यही हुआ था।

### राहुल जाएंगे अमेरिका ब्राउन विवि में देंगे भाषण



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अगले सप्ताह अमेरिका जाएंगे। इस दौरान वे ब्राउन यूनिवर्सिटी में भाषण देंगे। वे संकाय सदस्यों और छात्रों से बातचीत भी करेंगे। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बताया कि राहुल 21 और 22 अप्रैल को अमेरिका के रोड आइलैंड में ब्राउन यूनिवर्सिटी जाएंगे। वे भाषण देंगे। वहां पर वे छात्रों से बात करेंगे।

### गुजरात में भीषण टक्कर, 6 की मौत



**पाटन।** गुजरात के पाटन जिले में गुरुवार को हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा दोपहर करीब 11:30 बजे सामी-राधनपुर राजमार्ग पर सामी गांव के पास हुआ, जब एक ऑटोरिक्शा और गुजरात राज्य परिवहन निगम की बस में जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहाहै कि हिम्मतनगर से कच्छ जा रही परिवहन निगम की बस ने ऑटोरिक्शा को टक्कर मारी थी।

### मुख्यमंत्री फडणवीस को 'जीत' पर समन जारी



**मुंबई।** कांग्रेस नेता की एक याचिका पर बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को समन जारी किया है। हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने 2024 के चुनाव परिणाम को चुनौती देने वाली इस याचिका पर फडणवीस से जवाब मांगा। कांग्रेस नेता प्रफुल्ल विनोदराव गुडाधे फडणवीस से 39,710 वोट से चुनाव हार गए थे। अब वे कोर्ट पहुंचे हैं।

---

## उच्च न्यायालय ने हिंसा के मामलों में बंगाल सरकार को सख्त नसीहत दी

# हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में तैनात रहेगा केंद्रीय सुरक्षा बल भड़काऊ भाषणों पर नियंत्रण के लिए ताकीद किया

एजेंसी ⏭ कोलकाता

अदालत ने कहा कि वक्फ संशोधन एक्ट के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान भड़काऊ भाषण न दिए जाएं, जिनसे हिंसा भड़कने की आशंका बनी रहती है। हालात जल्द शांत होने चाहिए।

कलकत्ता हाई कोर्ट का कहना है कि हिंसा प्रभावित पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में केंद्रीय बलों की तैनाती अभी बनी रहेगी। अदालत ने गुरुवार को कहा कि अभी फोर्सेज तैनात रहनी चाहिए। इसके अलावा भड़काऊ भाषणों पर भी नियंत्रण की जरूरत है।

अदालत ने कहा कि वक्फ संशोधन एक्ट के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान भड़काऊ भाषण न दिए जाएं, जिनसे हिंसा भड़कने की आशंका बनी रहती है। इस तरह उच्च न्यायालय ने हिंसा के मामलों में राज्य सरकार को सख्त नसीहत दी है। इसके अलावा अदालत ने माना है कि अब भी मुर्शिदाबाद जिले में हालात सामान्य नहीं हैं। इसलिए केंद्रीय बलों की तैनाती कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रहनी चाहिए।मुर्शिदाबाद में वक्फ ऐक्ट के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। इस घटना में कई लोग मारे गए तो वहीं सैकड़ों परिवारों को पलायन करना पड़ा है। करीब ढाई सौ परिवार पड़ोस के मालदा जिले में पलायन कर गए हैं और वहां कैंपों में गुजर करने को मजबूर हैं।

### *बंगाल का यह जिला सांप्रदायिक लिहाज से संवेदनशील*

*वक्फ संशोधन एक्ट के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान कोई अव्यवस्था न हो*



#### मुर्शिदाबाद के बवाल को लेकर सियासत बढ़ी

मुर्शिदाबाद के बवाल को लेकर राजनीति भी तेज है। बंगाल का यह जिला सांप्रदायिक लिहाज से संवेदनशील है। यहां से टीएमसी के युसूफ पठान सांसद हैं, जिन्होंने 2024 के चुनाव में अधीर रंजन चौधरी को मात दी थी, जो कांग्रेस से यहां से लगातार जीतते थे। इस बीच सूबे के राज्यपाल सीवी आनंद बोस का कहना है कि वह जमीनी हालात जानने के लिए मुर्शिदाबाद जाएंगे।

#### ममता कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ा रहीं

दरअसल पश्चिम बंगाल में वक्फ एक्ट को लेकर भी ममता कह रही हैं कि हम इसे लागू नहीं करेंगे। वहीं भाजपा का कहना है कि ममता के रुख से कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा मिल रहा है और वे हिंसा कर रही हैं।

आज मुर्शिदाबाद जाएंगे राज्यपाल

#### पीड़ितों से करेंगे मुलाकात और जानेंगे मैदानी हालात हर पहलू को देखेंगे और नजदीक से परखेंगे भी



बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने मुर्शिदाबाद और राज्य के अन्य हिंसा प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि राजभवन का कोर ग्रुप मुर्शिदाबाद और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति पर नजर बनाए हुए है। शुक्रवार को वे हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी और मुख्यमंत्री के बीच इस मुद्दे पर बातचीत हुई है। स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा मैं जमीनी हालात जानने के लिए मुर्शिदाबाद जा रहा हूं। मैं इस मामले में हर पहलू को देखूंगा।

#### हिंसा और अपराध के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी

राज्यपाल ने कहा कि संकट में फंसे लोगों को केंद्रीय बलों की ओर से समय पर मदद पहुंचाई जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग हिंसा फैला रहे हैं और उनके संरक्षक हैं, उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि अब यह एक लड़ाई होने जा रही है। अब हिंसा और अपराध के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

#### यह अन्याय और हिंसा के खिलाफ समाज की लड़ाई

डॉ. बोस ने यह भी कहा कि यह लड़ाई सिर्फ कानून-व्यवस्था की नहीं, बल्कि अन्याय और हिंसा के खिलाफ समाज की लड़ाई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अदालतें, सरकार और समाज के सभी जिम्मेदार और सजग नागरिक एकजुट होकर इन अपराधियों को खत्म करने के लिए कड़ा रुख अपना चुके हैं।

#### ममता ने यह दौरा स्थगित करने को कहा

सीएम बेनर्जी ने राज्यपाल बोस से हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले का दौरा स्थगित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है और विश्वास बहाली के उपाय किए जा रहे हैं।



**यहां मुस्लिमों के खिलाफ, लेकिन सऊदी-दुबई में कौन करता है मेहमाननवाजी**

सीएम ममता ने पीएम पर निशाना साधा है। उनका कहना रहा है कि पीएम मोदी वैसे तो मुस्लिम समाज के खिलाफ रहते हैं। उन्होंने पार्टी पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया। ममता ने कहा कि आप वैसे तो मुस्लिमों के खिलाफ हैं, लेकिन सऊदी में जब उनसे मिलते हैं, जब दुबई जाते हैं, तब आप किसकी मेहमानवाजी लेते हैं।



#### एसएससी घोटाले में सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

### *जब तक नई नियुक्तियां नहीं, अपने पद पर बने रहेंगे शिक्षक*

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की तरफ से शिक्षक भर्ती घोटाले में शिक्षकों को एक बड़ी राहत दी है। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि जब तक नई नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू नहीं हो जाती, शिक्षक अपने पद पर बने रह सकते हैं। यहां पर समझने वाली बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट की राहत उन्हीं शिक्षकों को मिलने वाली है जिनकी नियुक्ति में किसी तरह की कोई धांधली नहीं हुई थी। सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद 26 हजार के करीब शिक्षकों का भविष्य अंधकार में आ गया था। जिन शिक्षकों की नियुक्ति में धांधली पाई गई, उनकी नौकरी तो गई ही, इसके साथ-साथ उस समय सही तरीके से भी जिनकी नियुक्तियां हुई थीं, उन्हें भी नुकसान उठाना पड़ा। लेकिन अब उन निर्दोष शिक्षकों को ही सुप्रीम कोर्ट ने कुछ समय के लिए राहत दे दी है।

#### ग्रुप सी या फिर ग्रुप डी में कोई राहत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति ग्रुप सी या फिर ग्रुप डी में आती है, उन्हें कोई राहत नहीं मिलने वाली है। ऐसा इसलिए क्योंकि उन दोनों ही कैटेगरी में धांधली के मामले में ज्यादा हैं। सर्वोच्च अदालत ने राज्य सरकार को भी निर्देश दिए हैं कि वो 31 मार्च से नई प्रक्रिया शुरू करे और उसे 31 दिसंबर तक पूरा भी कर ले। किसी भी तरह की देरी ना करने की हिदायत दी गई है।

---

### ईडी को हथियार बना भाजपा सरकार राहुल की आवाज दबाना चाहती हैः सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ जब कोई आवाज उठाता है, देश के सामने सच्चाई लाना चाहता है तो उसकी आवाज को दबा दिया जाता है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी जब भी कोई सच्चाई देश के सामने लाना चाहते है तो ये सरकार ईडी को हथियार बनाकर उनकी आवाज को दबाना चाहती है पर भाजपा भूल जाती है कि वे कांग्रेस न कभी किसी के आगे झुकी है और न ही झुकेगी, देश को आजादी दिलाने में कांग्रेस का अहम योगदान रहा है। राहुल का गरीबों के घर जाना, बेरोजगारों के साथ खड़े होना, जनहित में आवाज उठाना भाजपा को अच्छा नहीं लगता। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता इस तानाशाह सरकार के खिलाफ अपनी जंग जारी रखेगा।

> कहा, राहुल गांधी का गरीबों के घर जाना, बेरोजगारों के साथ खड़े होना, जनहित में आवाज उठाना भाजपा को नहीं

सैलजा ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि आज पूरा देश और पूरा विश्व जानता है कि जो भी केंद्र के खिलाफ आवाज उठाता है या उसे सच का आईना दिखाता है उस पर ईडी को हथियार बनाकर हमला किया जाता है, एजेएल क्या है सबको पता है पर उसके नाम पर केंद्र राहुल, सोनियां को घेरना चाहते है पर कांग्रेस और उसके नेता न कभी झुके नहीं है और न ही झुकेंगे। सोनिया ने इस देश की खातिर बहुत कुछ न्योछावर किया है, त्याग किया है पर केंद्र , मोदी और शाह ईडी को हथियार बनाकर आवाज उठाने वालों की आवाज बंद करना चाहते है, पूरी दुनिया सच को जानती है। जो सच के साथ आवाज उठाता है उसके पीछे ईडी लगा दी लगा दी जाती है। सारा देश जानता है कि भाजपा ने झूठ बोलकर सत्ता हासिल की और आज वहीं सरकार जनता पर कहर बरपा रही है।

सैलजा ने कहा कि देश की जनता भाजपा को नकार चुकी है, 400 पार का नारे देने वाला भाजपा 240 पर ही सिमट गई और आज सहयोगी दलों की मदद से सरकार में है, जनता ने उसे बहुमत न देकर बता दिया कि जनता उसे नकार चुकी है। कुमारी सैलजा ने कहा कि राहुल गांधी ने देश में पैदल भारत जोड़ो यात्रा की, पूर्व से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक यात्रा की, उसके साथ जनता जुड़ती गई जिसे देखकर भाजपा घबरा गई, इसलिए ईडी का सहारा लेकर भाजपा सरकार राहुल गांधी की आवाज को दबाना चाहती है।

---

## पूछा, 2008 में अखबार के बंद होने पर खड़गे सहित बाकी कांग्रेस नेता क्या कर रहे थे?

# गांधी परिवार पहले से ही एजेएल की संपत्तियों को लेकर 'रियल एस्टेट' में था सक्रियः पुरी

कांग्रेस की वास्तविक रुचि अखबार प्रकाशित करने में नहीं थी, 2016 में जांच में पता चला कि इस बिल्डिंग में कभी प्रिंटिंग प्रेस थी ही नहीं।

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं की संलिप्तता पर बड़े खुलासे किए। उन्होंने बताया कि दिल्ली के बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित प्लॉट नंबर 5ए की बिल्डिंग में नेशनल हेराल्ड की कभी प्रेस चल ही नहीं रही थी, जबकि



तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा प्रेस चलाने के लिए ही बहुत ही कम दर पर भूमि उपलब्ध करायी गयी थी।

कांग्रेस नेताओं ने इन बिल्डिंग्स का निजी और व्यावसायिक उपयोग किया और कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित पूरे देश को धोखा दिया। गांधी परिवार पहले से ही एजेएल की संपत्तियों को लेकर रियल एस्टेट में सक्रिय था। पुरी ने कहा कि भाजपा यह भी याद दिलाना चाहती है कि 2008 में नेशनल हेराल्ड ने अपनी प्रिंटिंग बंद कर दी थी। उस समय जो जमीन दी गई थी, उसके बारे में भी कुछ महत्वपूर्ण बातें हैं। हाउसिंग और अर्बन अफेयर मंत्री के रूप में कार्य करते हुए इस मामले में 7 वर्षों तक कुछ विवरण प्राप्त हुए। 3.365 एकड़ में फैले बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित प्लॉट नंबर 5ए को 1963 में एआईएल एसोसिएट जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को 1.25 लाख रुपए प्रति एकड़ की दर से अलॉट किया गया था। इस अलॉटमेंट के समय यह स्पष्ट किया गया था कि प्रस्तावित इमारत में 5 मंजिलें होंगी, जिनमें बेसमेंट के अलावा ग्राउंड फ्लोर पर प्रेस और अन्य फ्लोर्स पर ऑफिस होंगे। अब सवाल यह उठता है कि इस तरह की अलॉटमेंट के कारण उन्हें यह भूमि और बिल्डिंग क्यों दी गई? यह स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी ने कम दरों पर जमीन प्राप्त की और यदि वे इसे बाजार दरों पर खरीदते, तो कीमत बहुत अधिक होती। कम दरों पर यह जमीन प्राप्त करने के बाद, वहां एक पांच मंजिला इमारत बनवाई गई, जिसमें प्रेस 2008 में बंद हो गया था। 2016 में इन प्रॉपर्टीज का निरीक्षण करने पर पता चला कि वहां कोई प्रिंटिंग गतिविधि नहीं हो रही थी। बेसमेंट पूरी तरह से खाली था, जबकि ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर पासपोर्ट ऑफिस किराए पर दिया गया था और सेकंड तथा थर्ड फ्लोर को किराए पर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को दिया गया था, जिससे बड़ी रकम में किराया प्राप्त हुआ। पुरी ने कहा कि ईडी द्वारा यह केस फाइल किए जाने पर कांग्रेस के नेता आरोप लगा रहे हैं कि यह मोदी सरकार की बदले की कार्रवाई है और केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। भाजपा का कांग्रेस से बस इतना कहना है कि वह थोड़ा आत्ममंथन करें। कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को गुमराह कर रही है, असल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपनी पार्टी के नेतृत्व के खिलाफ प्रदर्शन करना चाहिए। नेशनल हेराल्ड का इतिहास बहुत पुराना है, जिसे 1937 में स्थापित किया गया था। हालांकि, 2008 में इस अखबार की छपाई बंद हो गई थी और इसके बाद नेशनल हेराल्ड केस 2012-13 के आसपास शुरू हुआ। इस मामले में भाजपा सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं था। असली प्रश्न यह है कि कैसे महज 50 लाख की रकम से 2000 करोड़ की संपत्ति हासिल की गई?

पुरी ने कहा कि यह नेशनल हेराल्ड का मामला धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है और पूरी तरह से शट एंड क्लोज केस हैं। 2014 में जब यह मामला मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष आया था, उस समय मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट रूप से कहा था कि यह प्रतीत होता है कि यंग इंडिया लिमिटेड को सार्वजनिक धन को निजी उपयोग में बदलने के उद्देश्य के साथ बनाया गया। यह मामला 2014 से लगातार विभिन्न अदालतों में घूमता रहा है और कांग्रेस पार्टी ने अपने वकीलों का उपयोग करके इसे कई बार टालने का प्रयास किया है।

### महत्वपूर्ण सुधार लाने मंत्रालय का निरंतर प्रयास

# अब हर महीने की 28 तारीख को जारी होगा आईआईपी आंकड़ा, समयसीमा घटकर 28 दिन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय अब हर महीने की 28 तारीख को औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) का आंकड़ा जारी करेगा। इसके साथ, इस आंकड़े को जारी करने की समयसीमा 42 दिन से घटाकर 28 दिन कर दी गयी है। फिलहाल मंत्रालय हर महीने की 12 तारीख को छह सप्ताह के भीतर आईआईपी आंकड़े जारी करता है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मंत्रालय अपने सांख्यिकीय उत्पादों के प्रसार में वैश्विक स्तर की बेहतर गतिविधियों और समयसीमा के साथ महत्वपूर्ण सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

## सर्वेक्षण रिपोर्ट अब 90 दिन के भीतर जारी होगी

बयान के अनुसार, मंत्रालय संदर्भ माह की समाप्ति के 42 दिनों के भीतर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जारी करता है, जो वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ गतिविधियों में से एक है। इसी तरह, एनएसएस की सर्वेक्षण रिपोर्ट अब फील्डवर्क पूरा होने के 90 दिन के भीतर जारी की जाती है। इसी प्रकार, आईएमएफ के विशेष आंकड़ा प्रसार मानकों (एसडीडीएस) के अनुसार किसी भी संदर्भ माह के लिए सूचकांक उस माह के अंत से छह सप्ताह के भीतर जारी किया जाना चाहिए

## औद्योगिक वृद्धि जानने का बेहतर तरीका

आईआईपी देश में औद्योगिक वृद्धि के बारे में जानकारी देने वाला महत्वपूर्ण आंकड़ा है। मंत्रालय अब 42 दिनों के बजाय 28 दिनों के भीतर औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) जारी करने की योजना बना रहा है। मंत्रालय वर्तमान में संदर्भ माह से 42 दिनों के भीतर प्रत्येक माह की 12 तारीख (यदि 12 तारीख अवकाश हो तो पिछला कार्य दिवस) को मासिक अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) जारी करता है।




## जून 2024 में समिति गठित की गई

हाल के दिनों में, आंकड़ा संग्रह और प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों में प्रगति को देखते हुए, विभिन्न पक्ष आईआईपी जारी करने की समयसीमा को कम करने की मांग कर रहे थे। इस आवश्यकता को समझते हुए, मंत्रालय ने जून, 2024 में एक समिति का गठन किया। समिति को गुणवत्ता से समझौता किए बिना आईआईपी जारी करने की समयसीमा, इसके संशोधन कार्यक्रम को कम करने की व्यावहारिकता की जांच करने की जिम्मेदारी दी गयी।

## क्रमिक रूप से किया गया संशोधन

भारत में आईआईपी का संकलन और उसे जारी करना का काम आधार वर्ष 1937 से शुरू हुआ। इसे क्रमिक रूप से संशोधित कर 1946, 1951, 1956, 1960, 1970, 1980-81, 1993-94, 2004-05 और 2011-12 कर दिया गया। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआरआईआईपी)-2010 के लिए संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय सिफारिशों में यह प्रावधान है कि मासिक आईआईपी को संदर्भ माह की समाप्ति के 45 दिन के भीतर जारी किया जाना चाहिए।

*आईआईपी के बाद अंतिम अनुमान होगा जारी : बयान में कहा गया, "अप्रैल, 2025 से अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) संदर्भ माह से 28 दिन के भीतर हर महीने की 28 तारीख को शाम चार बजे जारी किया जाएगा। किसी विशेष महीने के लिए आईआईपी त्वरित अनुमान के रूप में जारी किया जाएगा, उसके बाद अंतिम अनुमान जारी किया जाएगा।"*

## समय सीमा 42 दिन से घटाया गया

एजेंसियों के साथ उचित परामर्श के बाद और संबंधित पक्षों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, आईआईपी जारी करने की समयसीमा को संदर्भ माह से 42 दिन से घटाकर 28 दिन करने और आईआईपी के दूसरे संशोधन की आवश्यकता को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। इसके अनुसार, अब से सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय प्रत्येक माह की 28 तारीख को शाम चार बजे बजे (यदि 28 तारीख को अवकाश है तो अगले कार्य दिवस पर) मासिक अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) जारी करेगा।

# आरबीआई ने जमा, खातों को लेकर जारी किया निर्देश

**मुंबई(भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि बैंक केंद्रीय बैंक को सूचना दिये बिना अपनी विदेशी शाखाओं या प्रतिनिधियों के नाम पर रुपया खाते (ब्याज रहित) खोल/बंद कर सकते हैं। हालांकि, शीर्ष बैंक ने जमा और खाते पर जारी 'मास्टर' निर्देश में कहा कि पाकिस्तान के बाहर संचालित पाकिस्तानी बैंकों की शाखाओं के नाम पर रुपया खाते खोलने के लिए रिजर्व बैंक की विशेष मंजूरी की आवश्यकता होगी। इसमें कहा गया है कि एक प्रवासी बैंक के खाते में जमा करना प्रवासियों को भुगतान की एक स्वीकृत तरीका है और इसलिए, यह विदेशी मुद्रा में हस्तांतरण पर लागू नियमों के अधीन है।आरबीआई ने कहा कि एक प्रवासी बैंक के खाते से निकासी वास्तव में विदेशी मुद्रा का प्रेषण है। प्रवासी बैंकों के खातों के वित्तपोषण पर, आरबीआई ने कहा कि बैंक भारत में अपनी वास्तविक जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने खातों में राशि रखने को लेकर अपने विदेशी प्रतिनिधियों/शाखाओं से चालू बाजार दरों पर स्वतंत्र रूप से विदेशी मुद्रा खरीद सकते हैं।

## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स 1,509 अंक चढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 1,509 अंक चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 414 अंक की बढ़त रही। अमेरिका और जापान के बीच व्यापार वार्ता के सफल होने की उम्मीद के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों के घरेलू शेयर बाजार में निवेश के बाद निवेशक उत्साहित नजर आयें। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,508.91 अंक यानी 1.96 प्रतिशत उछलकर 78,000 अंक के स्तर को फिर से प्राप्त करते हुए 78,553.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,572.48 अंक तक चढ़ गया था। बीएसई में 2,427 शेयर बढ़त में रहे, जबकि 1,522 में गिरावट दर्ज की गयी। 157 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 414.45 अंक यानी 1.77 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,851.65 अंक पर बंद हुआ।

**PUBLIC NOTICE**

I ANIL VARMA S/O MR. MOHAN LAL VARMA R/O UPPER KENCHES TRACE BISHNUPUR SHILLONG EAST KHASI HILLS MEGHALAYA booked a flat No: H-2606, in project called Supertech Eco Village-1 situated at Plot No– 08, Sec-1, Greater Noida-201303. I have lost the original allotment letter of the above said property, I have requested to M/s Supertech Limited to issue new allotment letter of the said property, if anybody or financial institutions have objection, he/she may contact to M/s Supertech Limited office at Plot No C-2, Sector 96, Noida, Uttar Pradesh 201303 within 15 days.

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that Mr. Gurucharan Singh Chawla, son of Late Kaloo Singh, residing at J-13/23J, 2nd Floor, Rajouri Garden, Tagore Garden, West Delhi 110027, has agreed to sell to my client the property described in the Schedule hereunder. (Hereinafter referred to as the "said flat"). He has assured my client that the said flat is free from all encumbrances and defects in title. Any persons having any claims by way of sale, mortgage, lease, gift, easement, exchange, possession, inheritance, succession or otherwise howsoever in respect of the same are required to intimate the same in writing to the undersigned together with the proof thereof within 7 days of publication of this notice, failing which all such claims, if any, shall be deemed to have been waived and/or abandoned. SCHEDULE OF THE FLAT :- All that piece and parcel of the Flat No. B-5/4, admeasuring about 109 sq. meters, situated on the fifth floor, in Aditi Apartments, D-I Block, Janakpuri, New Delhi 110058. This notice dated 17th April 2025.

**Manish Tanwar, Advocate**
**Ch No. 40, Western Wing, Tis Hazari Courts, Delhi-110054, Mobile: 9953993355**

## भारत हवाई यात्री वृद्धि दर में चीन को पीछे छोड़ेगा

**नई दिल्ली।** हवाई अड्डों के समूह एयरपोर्ट्स इंटरनेशनल काउंसिल (एसीआई) ने कहा कि भारत 2026 में हवाई यात्रियों की संख्या में वृद्धि दर के मामले में चीन को पीछे छोड़ सकता है। दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक, भारत की हवाई यात्री वृद्धि दर इस वर्ष 10.1 प्रतिशत है, जो चीन के लिए 12 प्रतिशत से कम है। पड़ोसी राष्ट्र में भारत की तुलना में बहुत बड़ा विमानन बाजार है।एसीआई एशिया-प्रशांत और पश्चिम एशिया के महानिदेशक स्टेफैनो बैरोंकी ने कहा कि भारत एक ऐसा बाजार है जो विकसित हो रहा है और अपने बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की प्रक्रिया में है।

# रुपया 27 पैसे चढ़कर 85.37 प्रति डॉलर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने निवेश बढ़ाया
- 0 डॉलर में कमजोरी की कारण रुपया मजबूत हुआ

घरेलू शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों का निवेश बढ़ने और डॉलर में व्यापक कमजोरी के कारण बृहस्पतिवार को रुपया लगातार चौथे सत्र में मजबूत हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 27 पैसे की बढ़त के साथ 85.37 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो तीन अप्रैल के बंद स्तर के आसपास है। रुपये ने दो अप्रैल के बाद से अपने सभी नुकसान की भरपाई कर ली है। उस समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों पर व्यापक जवाबी शुल्क की घोषणा की थी। दो अप्रैल को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.52 पर रहा था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी शुल्क से राहत के बाद घरेलू शेयरों में सकारात्मक रुझान ने समग्र निवेशक कारोबारी धारणा को मजबूत किया, भले ही कच्चे तेल की कीमतों में कुछ सुधार ने भारतीय मुद्रा को कमजोर कर दिया।



*रुपया 85.48 पर खुला : अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.48 पर खुला और दिन में कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 85.31 के उच्चतम स्तर और 85.62 के निम्नतम स्तर के बीच घूमता रहा। कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया 85.37 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 27 पैसे की बढ़त है।*

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 04**
**निविदा संख्या 10255028A खुलने की तिथि 28.04.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा के खंड 9 सामान्य निर्देश और खंड 10 अन्य निर्देश संशोधित किए गए हैं। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह द्वितीय शुद्धिपत्र है।

**दिनांक: 16.04.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1147/25

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभि./ गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए इ–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| N.I.T No. | GSU_DLI_SNT_11 dated 17.04.2025 | | | | |
| कार्य का नाम | दिल्ली रेलवे मंडल के सब्जी मंडी स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ सिग्नलिंग गियर्स का प्रतिस्थापन करते हुए सिग्नलिंग और टेलीकॉम सामग्रियों की आपूर्ति सहित м/s क्योसान मेक के EI के बैलेंस आउटडोर और इनडोर कार्यों के लिए टेंडर। | | | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 1,81,46,804.43/- | धरोहर राशि | ₹ 2,40,700.00/- | समापन अवधी | 06 Months |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 09.05.25 को 11:30 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 09.05.25 को 11:30 बजे | | | | |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है | | | | |

पत्र संख्या.: GSU_DLI_SNT_11 Dated: 17.04.2025 1155/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**PUBLIC NOTICE**

My Client, **Mr. Gajendra Kumar Sorout** S/o **Late Shri Chatter Singh**, resident of **Villa No. 87, Second Floor, Block-1, Eros Garden, Charmwood Village, Surajkund Road, Faridabad, Haryana - 121009**, hereby inform to the general public that his son, Amandeep Sorout, and his daughter-in-law, Vaishali do not have any share / right / interest in any of his movable and immovable properties.
They (My Client's son & Daughter-in-law) shall have no rights, claims, or interests in any of his (My Client's) assets, and he (My Client) shall not be held responsible for any of their acts or dealings. Anyone dealing with them shall do so at their own risk and responsibility.
This declaration is made out of his (My Client's) own free will and utmost conviction due to misconduct on their (My Client's son & Daughter-in-law) part and consequent irreparable differences, and to ensure that no claims are made by them in the future. Any individual or institution entering into any transaction with his (My Client's) son or daughter in law, claiming association with my client or my client's property, shall do so at their own risk and consequences.

**Roshan Santhalia**
Advocate on Record, Supreme Court
Enrl.: D/556/2011
418, 4th Floor, F-Block, Competent House, Connaught Place, Delhi-1. Mob. 9560622223

## केआर मंगलम विवि ने इतिहास रचा

**नई दिल्ली।** केआर मंगलम विश्वविद्यालय ने इतिहास रच दिया है, जो भारत का पहला निजी विश्वविद्यालय बन गया है जिसने गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय फॉरेंसिक साइंसेज विश्वविद्यालय (**NFSU**) के साथ समझौता ज्ञापन (**MoU**) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह ऐतिहासिक समारोह विज्ञान भवन में माननीय श्री बंदी संजय कुमार, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार, एनएफएसयू के कुलपति और सभी एनएफएसयू परिसरों के निदेशकों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। यह उपलब्धि प्रोफेसर मेराजुद्दीन मीर, चेयर प्रोफेसर, केआर मंगलम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम, हरियाणा, प्रो. पुर्वी पोट्रायल (निदेशक, दिल्ली परिसर) और डॉ. कोमल यादव, एनएफएसयू के अथक प्रयासों का परिणाम है, जिनकी मेहनत और पहल ने इस साझेदारी को संभव बनाया। समझौता ज्ञापन पर केआर मंगलम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम, हरियाणा के रजिस्ट्रार डॉ. राहुल शर्मा द्वारा हस्ताक्षर किए गए, जिसमें डॉ. कावेरी (डीन, स्कूल ऑफ लॉ) और श्री नितिन त्यागी (सहायक प्रोफेसर, फॉरेंसिक विज्ञान विभाग) की भी उपस्थिति रही।

## जेआईआईटी नोएडा ने राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया

**नोएडा।** जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (**JIIT**), नोएडा ने 16 अप्रैल, 2025 को इंजीनियरिंग एजुकेशन इन द नेक्स्ट टेकएड नामक एक राष्ट्रीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भारत के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों के प्रतिष्ठित नेता डिजिटल परिवर्तन के युग में इंजीनियरिंग शिक्षा के उभरते परिदृश्य पर अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए एक साथ आए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो.टी.जी. सीताराम थे। **JIIT** के कुलाधिपति श्री मनोज गौर ने मुख्य अतिथि और देश भर के **IIT**, **IIIT** और प्रमुख तकनीकी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और निदेशकों सहित वक्ताओं की एक प्रतिष्ठित पंक्ति का गर्मजोशी से स्वागत किया। जेआईआईटी नोएडा सेक्टर 62 परिसर के जयप्रकाश सभागार में आयोजित इस कार्यशाला में शिक्षाविदों, शोधकर्ताओंऔर छात्रों सहित 1,000 सेअधिकउपस्थितलोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन ज्ञान, विद्या और ज्ञानकी प्रतीक देवी सरस्वती की प्रतिमा के औपचारिक अनावरण के साथ हुआ।



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## सोना 70 रुपये की बढ़त के साथ 98,170 रुपये के नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक मांग के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 70 रुपये बढ़कर 98,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,650 रुपये बढ़कर 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 70 रुपये बढ़कर 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया, जबकि बुधवार को इसका बंद स्तर 97,650 रुपये प्रति 10 ग्राम था। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, "कमजोर डॉलर, बढ़ते व्यापार युद्ध तनाव और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क घोषणाओं के बाद वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं। हालांकि, चांदी की कीमतें 1,400 रुपये गिरकर 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं। पिछले सत्र में चांदी 99,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, विदेशी बाजारों में हाजिर सोना बढ़कर 3,357.81 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। बाद में, यह सारा लाभ लुप्त हो गया और यह 3,328.84 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

**PUBLIC NOTICE**

This is to notify the general public that the original **Allotment Letter** in respect of the **Independent House of Birch Court bearing No. 039, Block No. L**, situated in the residential colony known as **Nirvana Country, South City-II, Phase-2**, located in and around the Village Adampur, Fatehpur Tigra, Samaspur, and Badshahpur, Tehsil & District Gurugram, Haryana, has been lost and despite diligent efforts, the document could not be traced.

An FIR **(LR No: 2757927/2025 dated 16/04/2025)** has also been filed in the Police Station, Crime Branch, Delhi with reference to the loss of the abovementioned document.

Any person(s) having any information in respect of the said document is hereby requested to notify the undersigned at below mentioned address.

**Rajat Kathuria**
B2 803, 8th floor, Block No. B2, Parsvnath Exotica, Wazirabad Golf Course Road, Sikanderpur Ghosi (68), Gurugram Haryana – 122002
Date: 18-04-2025

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**घोषणा**


घोषणा दिनांक 28.02.2025 की निरंतरता में, सभी उम्मीदवारों की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने निम्नलिखित विषय ज्ञान परीक्षाओं को निम्नानुसार पुनर्निर्धारित किया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षाओं की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संगीत (वोकल) विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 58/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 25.04.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 2. | संगीत (इंस्ट्रयूमेंटल) विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 57/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |
| 3. | दर्शनशास्त्र विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 59/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |
| 4. | पर्यटन विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 66/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |
| 5. | फाइन आर्ट्स विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 50/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 25.04.2025 के लिए पुनर्निर्धारित (सायंकालीन सत्र) |
| 6. | शारीरिक शिक्षा विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 60/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 27.04.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 7. | डिफेंस स्टडीज विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 46/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 27.04.2025 के लिए पुनर्निर्धारित (सायंकालीन सत्र) |
| 8. | मास कम्यूनिकेशन विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 55/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |
| 9. | पंजाबी विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 64/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |

**टिप्पणी** :- प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड करने के सम्बन्ध में एक घोषणा शीघ्र प्रकाशित की जाएगी।

**दिनांक** : 17.04.2025
हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला
संवाद-1156/13/314/2026/33990/88/7 दि. 17.04.25

## शब्द पहेली - 5840




**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

**शब्द पहेली - 5839 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ग | र | ज | ना | | र | स | ही | न | |
| गु | | | वा | | ढ | | हा | | | ग |
| जा | | म | नी | षा | को | ई | रा | ला | | र |
| र | ट | ना | | | स | | | य | म | ज |
| ना | | ना | | क | ला | म | | क | ल | |
| | र | | गै | र | | ह | स्त | | ना | |
| | क | वि | | वा | द | क | | सु | | स |
| क | म | रा | | | श | | | ब | से | रा |
| प | | म | न | मो | ह | न | सिं | ह | | बो |
| ट | | | क | | रा | | गा | | | र |
| | म | त | ल | ब | | ल | र | ज | ना | |








# मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट से हराया

भाषा ▶▶ मुंबई

मुंबई इंडियंस ने विल जैक्स के हरफनमौला प्रदर्शन की मदद से बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के कम स्कोर वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट से हराकर दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। जैक्स ने तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट झटकने के बाद 26 गेंद में तीन चौके और तीन छक्के से 36 रन की पारी खेली। मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम की पिच का सही आकलन किया और इसी के अनुकूल ढलते हुए लगातार दूसरी जीत हासिल की।



बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज मुश्किल पिच पर 20 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन ही बना सके। पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस ने 18.1 ओवर में छह विकेट पर 166 रन बनाकर सत्र की तीसरी जीत हासिल की।

सनराइजर्स हैदराबाद दो जीत से तालिका में नौंवे स्थान पर है और अब उसे क्वालीफाई करने की उम्मीद बरकरार रखने के लिए बचे हुए सात में से छह में जीत दर्ज करनी होगी। मुंबई को रोहित शर्मा (26 रन, तीन छक्के) और रेयान रिकलटन ने अच्छी शुरूआत कराते हुए 23 गेंद में 32 रन जोड़ दिए। रोहित के आउट होने के बाद जैक्स ने रिकलटन का अच्छा साथ निभाया। पर रिकलटन 31 रन बनाकर आउट हो गए जिसमें पांच चौके जड़े थे। जैक्स और सूर्यकुमार यादव (26 रन, दो चौके, दो छक्के) ने तीसरे विकेट के लिए 29 गेंद में 52 रन की भागीदारी की। कप्तान हार्दिक पंड्या नौ गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 21 रन पर पहुंचे। उनके आउट होने के बाद तिलक वर्मा के नाबाद 21 रन से टीम लक्ष्य तक पहुंची। वानखेड़े स्टेडियम की पिच पर सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों को विकेट के अनुकूल ढलने में संघर्ष करना पड़ा। सनराइजर्स हैदराबाद ने बल्लेबाजी में देर से लय हासिल की। टीम ने आखिरी पांच ओवरों में 57 रन बनाकर अंत में स्कोर में इजाफा किया।

## स्पिन का जवाब देंगे बल्लेबाज बेंगलुरु को घर में जीत की तलाश



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अगर इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अपने घरेलू मैदान पर पहली जीत दर्ज करनी है तो उसके बल्लेबाजों को शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में युजवेंद्र चहल की अगुवाई वाले पंजाब किंग्स के स्पिन आक्रमण का डटकर सामना करना होगा। आरसीबी के बल्लेबाजों को यहां की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के आर साई किशोर तथा दिल्ली कैपिटल्स के कुलदीप यादव और विपराज निगम के सामने संघर्ष करना पड़ा था तथा चहल और ग्लेन मैक्सवेल उसकी इस कमजोरी का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।यही नहीं चहल और मैक्सवेल लंबे समय तक आरसीबी की तरफ से खेलते रहे हैं और यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं।

खास खबर

## टी-20 मुंबई लीग का चेहरा होंगे रोहित नामी क्रिकेटर टूर्नामेंट में लेंगे हिस्सा




**मुंबई।** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा टी20 मुंबई लीग के दूत होंगे और एमसीए को उम्मीद है कि श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव जैसे सितारे भी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे जो कोरोना महामारी के कारण दो सत्र बाद आयोजित नहीं किया जा सका। यह लीग 2018 और 2019 में खेली गई थी जिसके बाद कोरोना महामारी के कारण बंद हो गई। रोहित टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं लेकिन आईपीएल खेलते हैं। मुंबई के नामचीन खिलाड़ियों में रोहित के अलावा सूर्यकुमार, श्रेयस, अजिंक्य रहाणे, शिवम दुबे, तुषार देशपांडे और पृथ्वी साव हैं। टेस्ट बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल कुछ दिन पहले मुंबई से गोवा चले गए। एमसीए के एक अधिकारी ने कहा, 'हमने मुंबई के खिलाड़ियों के लिए इसमें भाग लेना अनिवार्य नहीं किया है लेकिन हमें उम्मीद है कि वे टी20 मुंबई लीग खेलेंगे।

### पंजाब में सीनियर होने का अहसास हो रहा है

**मुल्लांपुर।** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि जब से वह पंजाब किंग्स की टीम से जुड़े हैं तब से उन्हें सीनियर खिलाड़ी होने का अहसास हो रहा है। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी जब किशोर था तभी पंजाब किंग्स से जुड़ गया था और तब से वह इस टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं और उसकी तेज गेंदबाजी की अगुवाई कर रहे हैं। अर्शदीप ने पंजाब की तरफ से सात सत्र में 84 विकेट लिए हैं। उन्होंने पिछले साल 19 विकेट लिए थे जो किसी एक सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### दिल्ली के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल पर यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जमा किया गया है। आईपीएल के बयान के अनुसार, 'भारत के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने आईपीएल आचार संहिता के खेल भावना से विपरीत आचरण करने से संबंधित अनुच्छेद 2.20 के लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है।'

### संदीप को सुपर ओवर देने के फैसला का बचाव



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज नितीश राणा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में सुपर ओवर में जोफ्रा आर्चर की जगह संदीप शर्मा को गेंदबाजी सौंपने के फैसले का बचाव किया। नितीश ने कहा, 'किसे गेंदबाजी या बल्लेबाजी के लिए भेजना है यह कभी भी एक व्यक्ति का फैसला नहीं होता। कप्तान और सीनियर खिलाड़ियों के साथ टीम प्रबंधन और सहायोगी स्टाफ सभी चीजों पर चर्चा करते हैं और उसके बाद फैसला करते हैं। मुझे लगता है कि अगर नतीजा हमारे पक्ष में होता तो शायद इस बारे में बात नहीं होती।'

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 6 | 5 | 1 | 10 |
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| पंजाब | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| राजस्थान | 7 | 2 | 5 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप

### रेइजा ने महिला स्कीट में किया निराश



**लीमा।** पेरिस ओलंपिक खेल चुकी रेइजा ढिल्लों अपने पहले आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में महिला स्कीट स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रही। दिन की दूसरी स्पर्धा के बाद भारत दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीतकर चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। पूर्व जूनियर विश्व चैंपनशिप रजत पदक विजेता और एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी रेइजा 60 शॉट के निर्णायक मुकाबले में 26 हिट के बाद बाहर हो गई। वह चौथे स्थान पर रही चीन की जियांग यितिंग से पार नहीं पा सकी जो पेरिस ओलंपिक में मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीत चुकी है।

### उबर के खिलाफ कोर्ट पहुंचा आरसीबी




**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके एक यूट्यूब विज्ञापन पर उसके ट्रेडमार्क का अपमान करने का आरोप लगाया। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की अंतरिम याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रखा। रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने उबर इंडिया सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मुकदमा दायर किया और दावा किया कि उबर मोटो का यूट्यूब विज्ञापन उसके ट्रेडमार्क का अपमान करता है। इस विज्ञापन का शीर्षक 'बैडीज़ इन बेंगलुरु फीट ट्रैविस हेड' है।

### सुदर्शन का क्रिकेट का ककहरा दुरुस्त है : रमन



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज डब्ल्यू वी रमन का मानना है कि युवा साइ सुदर्शन को क्रिकेट के ककहरे की बखूबी समझ है और लक्ष्य को लेकर प्रतिबद्धता के कारण वह सफल क्रिकेटर बनेगा। तमिलनाडु के 23 वर्ष के साइ सुदर्शन तकनीक के धनी और एकाग्रचित्त क्रिकेटर हैं। रमन ने कहा, 'उसका क्रिकेट का ककहरा दुरुस्त है। उसके रवैए में कोई कमी नहीं है और उसके बेसिक्स भी ठीक हैं। वह लक्ष्य को लेकर समर्पित भी है। पिछले कुछ अर्से से उसके प्रदर्शन में निरंतरता रही है।'

आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से हार के बाद की कार्रवाई

# नायर-दिलीप और सोहम बाहर, कोचिंग स्टाफ पर बीसीसीआई का कड़ा फैसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक चौंकाने वाला फैसला लेते हुए फील्डिंग कोच टी दिलीप और असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर को भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ से हटा दिया है। बीसीसीआई ने यह कार्रवाई ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में भारत की शर्मनाक हार के बाद की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोचिंग स्टाफ और भी कई सदस्यों को हटाकर बीसीसीआई ने सख्त चेतावनी दी है कि टेस्ट में भारतीय टीम के प्रदर्शन को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

अभिषेक को आठ महीने पहले ही असिस्टेंट कोच नियुक्त किया गया था, जब गौतम गंभीर ने मुख्य कोच का पद संभाला था। हालांकि, अब उन्हें सहायक कोच की उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है। उनके साथ फील्डिंग कोच टी. दिलीप और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई को भी बर्खास्त कर दिया गया है। इसके अलावा टीम में खिलाड़ियों का मसाज करने वाले एक स्टाफ को भी बर्खास्त किया गया है।





### गंभीर के सहयोगियों पर गिरी गाज

द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप 2024 के बाद समाप्त हो गया था। इसके बाद बीसीसीआई ने गंभीर को मुख्य कोच बनाया था। गंभीर ने अपने सहयोगी के तौर पर कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े अपने साथियों को टीम से जोड़ा था। गंभीर भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने से पहले केकेआर के मेंटर रहे थे और तब उसी टीम में अभिषेक नायर, रेयान टेन डेशकाटे सहयोगी स्टाफ रहे थे। मोर्ने मोर्कल ने गंभीर के साथ लखनऊ सुपर जाएंट्स में काम किया था। दिलीप द्रविड़ के समय से ही फील्डिंग कोच के पद पर बने हुए थे।

### करारी हार के बाद उठे सवाल

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करारी हार के बाद अभिषेक पर सवाल खड़े हो रहे थे। बीसीसीआई ने इसके बाद एनसीए और भारत-ए के कोच सितांशु कोटक को सीमित ओवर के क्रिकेट के लिए बतौर बैटिंग कोच टीम इंडिया से जोड़ा था। भारत ने फिर चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम किया था। हालांकि, तब अभिषेक, रेयान टेन, मोर्कल और दिलीप भी टीम स्टाफ का हिस्सा थे। अब जब दिलीप, सोहम और अभिषेक को बर्खास्त कर दिया गया है, बाकी अपने पद पर बने रहेंगे।

### डेशकाटे बने अस्थाई कोच



फिलहाल सहायक कोच रेयान टेन डेशकाटे टी दिलीप की जगह अस्थाई रूप से फील्डिंग कोच की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। नायर और दिलीप के लिए अभी तक किसी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के ट्रेनर एड्रियन ले रॉक्स, जो इस समय आईपीएल में पंजाब किंग्स के साथ हैं, सोहम देसाई की जगह स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच की जिम्मेदारियों को संभालेंगे।

### प्रदर्शन सुधारने का दबाव

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में झटके के बाद बीसीसीआई पर टेस्ट में टीम के प्रदर्शन को सुधारने पर काफी दबाव था। बीजीटी में भारत को 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था। सिर्फ ऑस्ट्रेलिया नहीं, भारत को अपने घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट में 3-0 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा था। इन दोनों सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली के प्रदर्शन की भी खूब आलोचना हुई थी।

चैंपियंस लीग

## आर्सेनल और इंटर मिलान ने सेमीफाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

आर्सेनल ने गत चैंपियन रियल मैड्रिड को क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर 2009 के बाद पहली बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आर्सेनल ने पिछले सप्ताह लंदन में खेले गए क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 से जीत हासिल की थी और इस तरह से उसने रियल मैड्रिड को कुल मिलाकर 5-1 से करारी शिकस्त दी। आर्सेनल ने इस तरह से पहली बार यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता जीतने की संभावना बरकरार रखी। सेमीफाइनल में उसका मुकाबला पेरिस सेंट-जर्मेन से होगा। दूसरा सेमीफाइनल बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेला जाएगा। इस बार 15 बार का यूरोपीय चैंपियन रियल मैड्रिड किसी तरह की ऐतिहासिक वापसी नहीं कर पाया। अपने घरेलू मैदान सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में उसके खिलाड़ी कोई जादू नहीं दिखा पाए। यह 2020 के बाद पहला अवसर है जबकि रियल मैड्रिड सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाया। इस तरह से वह पिछले चार सत्र में तीसरी बार चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने से भी चूक गया।

### मार्टिनेली ने दिलाई जीत

आर्सेनल और रियल मैड्रिड में से कोई भी पहले हाफ में गोल नहीं कर पाया। बुकायो साका पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए लेकिन उन्होंने 65वें मिनट में मिकेल मेरिनो के पास पर गोल करके आर्सेनल को बढ़त दिलाई। विनीसियस जूनियर ने इसके तुरंत बाद रियल मैड्रिड की तरफ से बराबरी का गोल दागा। आर्सेनल की तरफ से दूसरा गोल गेब्रियाल मार्टिनेली ने इंजरी टाइम में किया। रियल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे को चोटिल होने के कारण 75 मिनट के बाद मैदान छोड़ना पड़ा था।

### इंटर ने बायर्न म्यूनिख को 4-3 से हराया

**मिलान।** बायर्न म्यूनिख के पूर्व डिफेंडर बेंजामिन पावर्ड ने अपने पुराने क्लब के खिलाफ गोल करके इंटर मिलान को जर्मन टीम के खिलाफ क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 2-2 से बराबरी दिलाने और चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंटर मिलान ने क्वार्टर फाइनल का पहला चरण 2-1 से जीता था और इस तरह से उसने 4-3 के कुल स्कोर से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की।

## फ्रेंच ओपन में सम्मानित होंगे 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल



**पेरिस।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल को फ्रेंच ओपन के शुरुआती दिन 25 मई को कोर्ट फिलिप चैट्रियर में सम्मानित किया जाएगा। फ्रेंच ओपन में रिकॉर्ड 14 बार के विजेता नडाल ने पिछले साल नवंबर में खेल से संन्यास ले लिया था। फ्रेंच ओपन की निदेशक एमिली मौरेस्मो ने गुरुवार को कहा, 'राफा ने कई मायनों में फ्रेंच ओपन के इतिहास पर अपनी छाप छोड़ी है इसलिए उनके सम्मान में एक समारोह आयोजित किया जाएगा।' 'क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम के गलियारे में पहले से ही नडाल की एक प्रतिमा बनी हुई है। वह टूर्नामेंट संग्रहालय में एक प्रदर्शनी में भी शामिल होंगे और आधिकारिक फ्रेंच ओपन ट्रेलर में अपनी आवाज देंगे। नडाल फ्रेंच ओपन में अंतिम दफा 2024 में खेले थे लेकिन इसमें पहले दौर में ही एलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए थे।

# मंधाना रत्नागिरी जेट्स की आइकन खिलाड़ी



**पुणे।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को गुरुवार को रत्नागिरी जेट्स का आइकन खिलाड़ी नामित किया गया जो महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में खेलेगी। डब्लूएमपीएल का पहला टूर्नामेंट पिछले साल जून में खेला जाना था लेकिन दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के भारत दौरे के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था और बाद में इसके आयोजन के लिए सही तारीख नहीं मिल पाई थी। रत्नागिरी जेट्स ने लगातार दो वर्षों तक महाराष्ट्र प्रीमियर लीग का पुरुष टूर्नामेंट जीता है। मंधाना ने कहा, 'फ्रेंचाइजी ने एमपीएल में सफलता और महिलाओं के खेल के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण दिखाया है। मैं इस सफर को नए मुकाम पर पहुंचाने को लेकर उत्साहित हूं।'

## स्टार्क ने बनाई थी सिर्फ यॉर्कर फेंकने की योजना

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सुपर ओपर में मिली जीत का श्रेय मिचेल स्टार्क दिया। दिल्ली के 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम चार विकेट पर 188 रन ही बना सकी जिससे मैच सुपर ओवर तक खिंचा। स्टार्क ने अपने अंतिम दो ओवर में सिर्फ 16 रन दिए। स्टार्क ने इसके बाद सुपर ओवर में भी रॉयल्स को सिर्फ 11 रन पर रोक दिया। अक्षर ने कहा, 'अंत में जब स्टार्क के दो ओवर बचे हुए थे तो मुझे भरोसा था कि अगर दाएं-बाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन है तो भी स्टार्क अपनी गति से उन्हें छका सकता है।'

दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में जीती पॉट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता

# नीरज ने 84.52 मीटर थ्रो के साथ की सत्र की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पॉट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता जीतकर अपने सत्र की शानदार शुरुआत की।



चोपड़ा ने बुधवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर प्रतियोगिता में 84.52 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर छह खिलाड़ियों के बीच चले मुकाबले में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय स्टार चोपड़ा दक्षिण अफ्रीका के 25 वर्षीय डौव स्मिट से आगे रहे, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.44 मीटर था। चोपड़ा का प्रदर्शन हालांकि उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर से कम था, जबकि स्मिट अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 83.29 मीटर के करीब पहुंच गए। केवल दो खिलाड़ियों चोपड़ा और स्मिट ने ही प्रतियोगिता में 80 मीटर की दूरी पार की। दक्षिण अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी डंकन रॉबर्टसन 71.22 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा अपने नए कोच चेक गणराज्य के जान ज़ेलेज़नी की निगरानी में पोटचेफस्ट्रूम में अभ्यास कर रहे हैं। ज़ेलेज़नी तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। भारत का यह 27 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल लंबे समय तक अपने कोच रहे जर्मनी के क्लॉस बार्टोनिट्ज़ से अलग हो गए थे। चोपड़ा 16 मई को दोहा डायमंड लीग में एलीट प्रतियोगिताओं में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

## सत्र की पहली डायमंड लीग में भाग लेंगे साबले

राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी 3000 मीटर स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले चीन के शियामेन में 26 अप्रैल को होने वाली सत्र की पहली डायमंड लीग में भाग लेंगे जिसमें मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैम्पियन मोरक्को के सूफियाने अल बक्काली भी खेलेंगे। पेरिस ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता कीनिया के अब्राहम किबिवोत भी इसमें नजर आयेंगे जिन्होंने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में साबले को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। साबले पिछले साल सितंबर में डायमंड लीग फाइनल के बाद पहली बार खेल रहे हैं। डायमंड लीग फाइनल में वह आठ मिनट 17.09 सेकंड का समय निकालकर नौवे स्थान पर रहे थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले

# 'आईएमईसी' के जरिए विश्व से संपर्क स्थापित करने का विश्वसनीय सेतु बनेगा 'भारत', यह तालमेल बढ़ाने के साथ समृद्धि को भी देगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के माध्यम से देश वैश्विक संपर्क का एक विश्वसनीय सेतु बनने के लिए तैयार है। आईएमईसी पर आयोजित एक समारोह के दौरान उन्होंने कहा कि 'आईएमईसी' भारत और मध्य पूर्व और पूर्वी यूरोप के नेतृत्व और साझेदारी का एक सशक्त समर्थक है। यह एक बहुत ही प्रगतिशील और दूरदर्शी अवधारणा है, जिसने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'आईएमईसी' केवल एक व्यापार मार्ग नहीं है, बल्कि एक मॉडर्न-डे सिल्क रूट है, जो साझेदारी में बराबरी, संपर्क और तालमेल बढ़ाने के साथ ही समृद्धि को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि इससे लॉजिस्टिक्स लागत में 30 प्रतिशत तक की कमी आएगी, परिवहन समय में 40 प्रतिशत की कमी आएगी और महाद्वीपों के बीच बिना किसी बाधा के व्यापारिक संबंध बनेंगे।

लॉजिस्टिक्स लागत में 30 प्रतिशत तक की कमी आएगी

माल पहुंचाने के समय में 40 प्रतिशत की कमी आएगी

### यूरोप की सभ्यताएं और संस्कृतियां भी जुड़ेंगी



मंत्री गोयल ने कहा कि हम न केवल व्यापारिक संबंध जोड़ेंगे; बल्कि दक्षिण पूर्व एशिया से खाड़ी तक, मध्य पूर्व से मध्य यूरोप की सभ्यताओं और संस्कृतियों को भी जोड़ेंगे। आईएमईसी मध्य पूर्व के माध्यम से अफ्रीका तक कनेक्टिविटी भी बढ़ा सकता है। इस गलियारे में रेलवे, सड़क मार्ग, ऊर्जा पाइपलाइन और समुद्र के नीचे केबल सहित क्लीन एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल होगा। उन्होंने कहा कि भारत पहले से ही क्लीन एनर्जी ट्रांसमिशन पर सिंगापुर के साथ चर्चा कर रहा है। हम सऊदी अरब और यूएई के साथ भी बातचीत कर रहे हैं।

### यह पहल आपसी विश्वास पर आधारित

केंद्रीय मंत्री गोयल ने स्थिरता और डिजिटल कनेक्टिविटी की अहमियत को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह पहल संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करती है। यह प्रभुत्व या आर्थिक संघ बनाने को लेकर न होकर आपसी विश्वास, समावेशिता और स्थिरता पर आधारित साझेदारी है। उन्होंने आईएमईसी पहल के लिए आगे के रास्ते के रूप में पांच प्रमुख सुझावों के बारे में बताया। पहला, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी), दूसरा विनियामक कनेक्टिविटी पर ध्यान, तीसरा इनोवेटिव फाइनेंसिंग मॉडल की जरूरत पर जोर दिया। चौथा, निकाय और संघ आपस में जुड़े, पांचवा विजनिंग और डिजाइन प्रक्रिया में थिंक टैंक और शिक्षाविदों को शामिल करने का प्रस्ताव रखा।

## तीन साल में भारतीय अर्थव्यवस्था जर्मनी और जापान से बड़ी हो जाएगी: सुब्रह्मण्यम

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने गुरुवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अगले तीन साल में जर्मनी व जापान से बड़ी हो जाएगी। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था 2047 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकती है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत दुनिया के लिए शिक्षा का केंद्र बन सकता है, क्योंकि अन्य सभी चीजों को अलग रखते हुए हमारे देश का सबसे बड़ा लाभ इसका लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि फिलहाल भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अगले साल के अंत तक हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो जाएंगे। उसके बाद के वर्ष में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो जाएंगे।



### 2047 तक दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे

*उन्होंने कहा कि हम तीन साल में जर्मनी और जापान से भी बड़े हो जाएंगे। 2047 तक हम दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) हो सकते हैं। सुब्रह्मण्यम ने कानूनी फर्मों और लेखा फर्मों सहित भारतीय कंपनियों से विश्व में अग्रणी बनने की आकांक्षा रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि मध्यम आय वाले देशों की समस्याएं निम्न आय वाले देशों की समस्याओं से बहुत भिन्न हैं। आईएमएफ के नवीन आंकड़ों के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था का आकार वर्तमान में 4.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है।*


यह जानकारी रक्षा मंत्री ने राजधानी में आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी

# विकसित राष्ट्र के साथ दुनिया की नंबर एक सैन्य शक्ति बनकर उभरेगा भारत: राजनाथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत की घरेलू सीमाओं पर मौजूद सुरक्षा खतरों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत जल्द ही एक विकसित राष्ट्र के साथ ही विश्व की नंबर एक सैन्य शक्ति बनकर उभरेगा। साथ ही कहा कि हमारा रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता के पथ पर आगे बढ़ रहा है और वह अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को भी मजबूत बनाने के लिए तैयार है। राजधानी में आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने यह जानकारी दी। आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार भारत के प्रेरणादायक नजरिए को सामने रखते हुए उन्होंने कहा कि भारत न केवल अपनी सरहदों की रक्षा कर रहा है। बल्कि वैश्विक रक्षा इकोसिस्टम में एक प्रमुख भूमिका निभाने वाले देश के रूप में भी खुद को स्थापित कर रहा है। सम्मेलन में सशस्त्र सेनाओं के पूर्व प्रमुख, रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार, डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर.वी. कामत और पूर्व रक्षा सचिव संजय मित्रा सहित रक्षा मंत्रालय के कई अन्य अधिकारी शामिल हुए।

### मजबूती के साथ आएगी शांति



*राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की बढ़ती रक्षा क्षमता का उद्देश्य संघर्ष को बढ़ावा देना नहीं है। हमारी रक्षा क्षमताएं शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए एक विश्वसनीय निवारक शक्ति की तरह हैं। शांति तभी संभव है जब हम सशक्त बने रहें। भविष्य में संघर्ष और युद्ध अधिक हिंसक और अप्रत्याशित होंगे। साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्र तेजी से नए युद्धक्षेत्रों के रूप में उभर रहे हैं। साथ ही विश्व में एक कथानक और धारणा का युद्ध भी लड़ा जा रहा है। ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए हम समग्र क्षमता निर्माण और निरंतर सुधारों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने आयुध निर्माणियों के 200 साल से अधिक पुराने ढांचे के निगमीकरण को इस सदी का एक बहुत बड़ा सुधार बताया। उन्होंने कहा, रक्षा बजट का 75 फीसदी हिस्सा घरेलू कंपनियों से खरीद के लिए रखा गया है। इस साल रक्षा उत्पादन 1.60 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंचने की संभावना है। हमारा लक्ष्य 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपए के रक्षा उपकरण बनाने का है। इसी दौरान रक्षा निर्यात को 50 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।*

### आयात की सोच को बदलना जरूरी

रक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की सबसे पहली और बड़ी चुनौती उस मानसिकता को बदलना है, जिसमें यह कहा जाता है कि भारत अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए केवल आयात करेगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हम आयात पर निर्भरता घटाएंगे और एक रक्षा औद्योगिक परिसर बनाएंगे। जो कि न केवल देश की जरूरतों को पूरा करेगा। बल्कि रक्षा निर्यात की संभावनाओं को भी मजबूती प्रदान करेगा।

### एयरो इंजन का निर्माण बना चुनौती

उन्होंने कहा, हमारा देश अब मिसाइल प्रौद्योगिकी, परमाणु पनडुब्बी, विमानवाहक युद्धपोत, एआई, ड्रोन, साइबर डिफेंस और हाइपरसोनिक प्रणाली जैसे क्षेत्रों में विकसित देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। लेकिन एयरो इंजन का विनिर्माण आज भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। इन सबके बीच हालांकि कावेरी इंजन परियोजना के तहत जरूरी प्रगति और घरेलू क्षमताओं के निर्माण के लिए सेफ्रॉन, जीई और रॉल्स रॉयस जैसी वैश्विक कंपनियों के साथ चर्चाएं जारी हैं। नौसेना और तटरक्षकबल के 97 फीसदी से अधिक युद्धपोत अब भारतीय शिपयार्ड में बनाए जा रहे हैं। इन्हें मॉरीशस, श्रीलंका, वियतनाम और मालदीव जैसे देशों को निर्यात किया जा रहा है।

तेहरान ने आखिरकार कर दी पुष्टि

## ईरान और यूएस की दूसरे दौर की रोम में होगी परमाणु वार्ता



अब्बास अराघची



राफेल ग्रॉसी

एजेंसी ▶▶ दुबई

ईरान ने बुधवार को पुष्टि की कि इस साप्ताहांत पर अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता रोम में होगी। इससे पहले वार्ता के स्थान को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। ईरान ने पहले कहा था कि वार्ता ओमान में होगी। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी। वार्ता में ओमान मध्यस्थ की भूमिका निभाएगा। ओमान के विदेश मंत्री ने पिछले सप्ताहांत राजधानी मस्कट में हुई वार्ता में दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। इस बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने अपने उपराष्ट्रपति मोहम्मद जवाद जरीफ का इस्तीफा मंजूर कर लिया है।

### यूरेनियम संवर्धन ईरान का अधिकार

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी भी बुधवार को तेहरान पहुंचे। उनके दौरे का मकसद प्रस्तावित समझौते के तहत निरीक्षकों को कितनी पहुंच मिलेगी, इस पर चर्चा करना है। ईरान ने 2018 में अमेरिका के समझौते से बाहर निकलने के बाद आईएईए के निरक्षकों की पहुंच सीमित कर दी थी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने अमेरिका से आग्रह किया है कि वह वार्ता में विरोधाभासी रुख अपनाने से बचे। उन्होंने कहा कि यूरेनियम संवर्धन ईरान का अधिकार है और इसे वार्ता का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता। ईरान इस मुद्दे पर भरोसे को बनाने के लिए तैयार है, लेकिन यूरेनियम संवर्धन का अधिकार अपरिवर्तित रहेगा। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर हवाई हमले किए जा सकते हैं।




Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank and HDFC Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B variant for Delhi. ^For more information contact nearest dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-40446391, 011-40446392, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; (Chattarpur) - 9821814222, 9821813222; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; (Ranhola) - 9212385592; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; (Amanpuri) - 9289739970; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; (Tri Nagar) - 9355719494; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; ; (Libaspur) - 8130093656; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 09568519999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751, 8433276224; KLA Honda (Khurja) - 7078677972, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721, 8273083331; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**